सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-163 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 22 नवम्बर 2023
07 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com

## राजस्व मामलों में 10 मंडलायुक्त और सात डीएम को मिला नोटिस

- एक्शन में सीएम योगी, हो सकती है बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** राजस्व मामलों के निस्तारण में अनियमितता, लेटलतीफी और लापरवाही बरतने पर शासन ने अयोध्या, वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, अलीगढ़ और बस्ती सहित सात मंडलायुक्तों से जवाब तलब किया है। वहीं बागवत, शामली, मुजफ्फनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर और अमरोहा के जिलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।

मुख्यमंत्री की ओर से गत दिनों अक्तूबर महीने में राजस्व मामलों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा में सामने आया कि सात मंडलायुक्तों और सात जिलाधिकारियों की ओर से राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी के साथ अनियमितता की जा रही है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या और अलीगढ़ मंडलायुक्त के स्तर से राजस्व वादों का निस्तारण की रफ्तार धीमी है। बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर और अमरोहा जिलाधिकारियों की ओर से भी राजस्व मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने लापरवाह अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जवाब संतोषजनक न मिलने पर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। सुधीर गर्ग ने बताया कि वाराणसी मंडल में चार राजस्व न्यायालयों में 440 लंबित राजस्व वादों में से 82 वादों का ही निस्तारण किया गया। सहारनपुर मंडल में चार राजस्व न्यायालयों में 280 में से 54 वादों और आजमगढ़ मंडल के पांच राजस्व न्यायालयों में 481 में से 126 वादों का ही निस्तारण किया गया।

### दिल्ली का प्रदूषण : तीन सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

## समस्या दूर करना आपका काम

- किसानों को विलेन मत बनाइए
- दिल्ली और पंजाब की सरकारें प्रदूषण रोकने के लिए एक्शन लें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्लीऔर पंजाब सरकार से पूछा कि प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के किसानों के साथ हमदर्दी दिखाई। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को विलेन बना दिया जाता है। कोई उनका पक्ष नहीं सुनता है।

किसानों के पास पराली जलाने के लिए कारण जरूर होंगे। पंजाब सरकार को उन्हें पराली जलाने से रोकने के लिए सहायता राशि देनी चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकारते हुए कहा- बीते छह साल में यह सबसे प्रदूषित नवंबर रहा है। हमें समस्या पता है और उस समस्या को दूर करना आपका काम है। जस्टिस एसके कॉल और एस धूलिया की बेंच ने पंजाब और दिल्ली की सरकारों से कहा कि पराली जलाने के खिलाफ सख्त एक्शन लें, जिससे दिल्ली के प्रदूषण में इजाफा होता है। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को उठाया है कि प्रदूषण फैलने के मामले में सभी तरफ से किसानों को दोषी ठहराया जाता है, लेकिन सुनवाई में उनका पक्ष नहीं रखा जाता। कोर्ट ने यह भी कहा कि पंजाब सरकार को किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए सहायता राशि देनी चाहिए। पंजाब सरकार को हरियाणा सरकार से सीखना चाहिए। सुनवाई के दौरान पंजाब के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि पराली जलाने पर हमने 1 हजार एफआईआर दर्ज की हैं और 2 करोड़ जुर्माना लगाया है।

### पतंजलि को भ्रामक विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## गुमराह करने वाले एडवर्टाइजमेंट बंद करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को फटकार लगाई है। मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम यानी आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ भ्रामक दावे और विज्ञापन पब्लिश करने को लेकर ये फटकार लगाई गई है। भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की थी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा- पतंजलि आयुर्वेद को सभी झूठे और भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करना होगा। कोर्ट ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना भी लगा सकता है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि पतंजलि आयुर्वेद भविष्य में ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्रेस में उसकी ओर से इस तरह के कैजुअल स्टेटमेंट न दिए जाएं।

## राजस्थान से करनी है कांग्रेस की सफाई: मोदी

- तीन दिसंबर को कांग्रेस सरकार हो जाएगी छूमंतर
- मेरी गारंटी है हर गरीब के घर पक्की छत हो, मुफ्त इलाज और राशन मिले
- भाजपा की पहली प्राथमिकता महिला सशक्तीकरण

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर पेट्रोल-डीजल के दामों की समीक्षा कर जनहित में फैसला लिया जाएगा। राजस्थान के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश और गुजरात में भाजपा की सरकार हैं। वहां पर राजस्थान से सस्ता पेट्रोल-डीजल है। कांग्रेस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो गया है।

किसी भी कोने में कांग्रेस नहीं बचनी चाहिए, देखते-देखते यहां से भी तीन दिसंबर को कांग्रेस सरकार छूमंतर हो जाएगी। यह बातें उन्होंने मंगलवार को राजस्थान के बारां में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दंगाई जेल की जगह मुख्यमंत्री आवास में रेड कार्पेट पर चल रहे हैं। सरेआम गला काटा जा रहा है। समाज विरोधी ताकतों के हौंसले बुलंद है। कांग्रेस के मंत्री दंगाइयों व महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के साथ मजबूती से खड़े रहते हैं। रामनवमी, हनुमान जयंती और होली जैसे त्योहार दंगों की भेंट चढ़ जाते हैं। कर्फ्यू लगाए जाते हैं लेकिन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) की रैली बंदोबस्त से करवाई जाती है। तुष्टीकरण की गुलाम कांग्रेस सरकार आतंक परस्तों से डरती है। मोदी ने कहा, भाजपा की पहली प्राथमिकता महिला सशक्तीकरण है। वहीं कांग्रेस की प्राथमिकता महिलाओं का अपमान और अत्याचार है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री कहते हैं कि महिलाएं दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाती है। यह माताओं और बहनों का अपमान है। माताओं-बहनों के संस्कार पर उन्होंने कलंक लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस दुष्कर्म के आरोपितों का साथ देती है। कहा कि मेरी गारंटी है कि हर गरीब के घर पक्की छत हो, मुफ्त इलाज और राशन मिले। सरकार की जिन सुविधाओं का लाभ अब तक गरीबों को नहीं मिला वो सुविधाएं देने वाली मोदी की गारंटी की गाड़ी जल्द ही आपके इलाके में आ रही है। मोदी की गारंटी पूरी होकर रहती है। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद कांग्रेस की पहचान है। उन्होंने कहा कि सीएम के करीबी मंत्री कहते है कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। वो तो ऐसे प्रमाण पत्र दे रहे हैं, जैसे बहनों-बेटियों पर अत्याचार करना अत्याचारियों का अधिकार है। क्या कोई नारी का अपमान करे, उसे कोई मर्द कहता है क्या? गहलोत के दरबारी लूट रहे हैं।

### राजस्थान में मोदी का रोड शो

राजस्थान के जयपुर में रोड शो के लिए उमड़ी भीड़ ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी जब खुली जीप में निकले तो लोगों में उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार शाम को बीकानेर में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल के साथ खुले वाहन में रोड शो किया। सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों ने उत्साह के साथ मोदी का स्वागत किया।

## नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति अटैच की

- सोनिया-राहुल गांधी की 76 प्रतिशत की है हिस्सेदारी
- जांच में अवैध प्रॉपर्टी मिली

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। इस कंपनी में सोनिया-राहुल की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसी केस में ईडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था।

पिछले साल 2 और 3 अगस्त को ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। जांच एजेंसी ने बयान जारी कर कहा कि सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछताछ की थी और उनके बयान दर्ज किए थे। इसी के आधार पर कार्रवाई की गई। श्वष्ठ ने आगे कहा कि जांच से पता चला कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के पास दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में 661.69 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियों में यंग इंडिया का कब्जा है। इसके अलावा एजेएल ने इसमें 90.21 करोड़ रुपए की अवैध आय निवेश किया है। इसी प्रॉपर्टी को अटैच किया गया है। नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया था।

## अगले 30-40 घंटे में बाहर आ जाएंगे सभी मजदूर

सुरंग के अंदर जाने के लिए 22 मीटर तक 800 व्यास की पाइपलाइन लगाई जाएगी

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग हादसे को 10 दिन बीत चुके हैं। मलबा ढहने से 41 मजदूर अभी सुरंग के अंदर ही फंसे हुए हैं। मजदूरों को निकालने के लिए लगातार 5-6 एजेंसीज के बीच कोऑर्डिनेशन जारी है। ऐसे में वर्टिकल और हॉरिजोंटल दोनों तरफ से ड्रिलिंग का प्रोसेस किया जा रहा है। एनएचआईडीसीएल फूड, ऑक्सीजन और पानी की सप्लाई को नीचे पहुंचाने का काम कर रहा है। बीते दिन यानी सोमवार को ही एनएचआईडीसीएल ने सुरंग के अंदर तक 6 इंच चौड़ा पाइप डाला है. जिसके जरिए फूड और अन्य जरूरी सामानों को अंदर भेजा जा रहा है. बताते चलें कि मजदूरों के लिए आज शाम को रोटी-सब्जी और पुलाव भेजा जाएगा। इस टनल में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए आरवीएनएल और बीआरओ एक साथ काम कर रहे हैं। एमडीएमए के सदस्य महमूद अहमद ने बताया कि सुरंग के अंदर जाने के लिए 22 मीटर तक 800 व्यास की पाइपलाइन लगाई जाएगी। इसके बाद ऑगर मशीन काम करेगी।

### खरगे की मौजूदगी में राजस्थान कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## दस लाख युवाओं को नई नौकरियां

- जातिगत जनगणना होगी, व्यापारियों को 5 लाख तक बिना ब्याज के कर्ज
- महिला मुखिया को हर साल मिलेंगे 10 हजार रुपए

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश की जनता के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस ने जयपुर के कार्यक्रम में घोषणापत्र जारी किया।

कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र जारी करने के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे. मल्लिकार्जुन खरगे ने ही जयपुर में कांग्रेस के वार रूम से ये घोषणात्र जारी किया. कांग्रेस ने अपने घोषणात्र में राज्य के किसानों, महिलाओं और युवाओं सभी को साधने का प्रयास किया है. इनमें किसानों, युवाओं से लेकर महिलाओं को ध्यान में रखकर ऐलान किए गए हैं. घोषणापत्र में वादा किया गया है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घर की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घोषणा पत्र में किसानों के लिए स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक एमएसपी कानून लाया जाएगा। परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाया जाएगा। गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 रुपए किया जाएगा। राज्य में आरटीई कानून लाकर इसके तहत निजी शिक्षण संस्थाओं में भी 12वीं तक की शिक्षा फ्री की जाएगी मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू होगी। 100 तक जनसंख्या वाले गांवों और ढाणियों को सड़क से जोड़ा जाएगा। हर गांव एवं शहरी वार्ड में सिक्योरिटी गार्ड लगाए जाएंगे।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष को चुनाव आयोग का कारण बताओ नोटिस

- सीएम केजरीवाल की छवि खराब करने को लेकर की थी शिकायत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग ने मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने यह नोटिस दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने को लेकर जारी किया है।

बता दें कि सोमवार को राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के नेतृत्व में आप का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के पास पहुंचा था। आप प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से शिकायत में भाजपा पर दिल्ली के मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर बेतुकी सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा एक प्रतिनिधिमंडल के साथ चुनाव आयोग में शिकायत देने पहुंचे। राघव चड्ढा ने कहा कि आप के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से शिकायत का संज्ञान लेने और भाजपा के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने 05 नवंबर की एक पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने की कोशिश करने के लिए घटिया सामग्री का उपयोग कर रही है।

## भाजपा की योजनाएं अदाणी वाली: राहुल

- हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे पीएम ने हरवा दिया: राहुल

**जयपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पनौती बता दिया है। राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि पीएम का मतलब है पनौती मोदी।

उन्होंने विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे। उन्हें हरवा दिया। इसके साथ ही राहुल ने उद्योगपति अदाणी को जेब काटने वाला बताया और कहा कि मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अदाणी का काम आपकी जेब काटना है। राहुल ने मंगलवार को बाड़मेर के बायतु और उदयपुर के वल्लभनगर में जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा- ये नफरत और हिंसा क्यों फैलाते हैं और इनको क्या फायदा होता है। मैं आज ये समझाने आया हूं। जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो क्या करते हैं? ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आपसे बात करता है और दूसरा आपकी जेब काटकर ले जाता है। यही काम मोदी और अदाणी कर रहे हैं। राजस्थान में सरकार की ओर से खोले गए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह, राजनाथ सिंह जैसे भाजपा नेताओं के बच्चे अच्छे इंग्लिश स्कूलों में पढ़ते हैं। लेकिन, वे आदिवासी बच्चों को नहीं पढ़ना देना चाहते। मैं चाहता हूं कि आदिवासी युवा अगर पायलट बनना चाहता है, अमेरिका जाना चाहता है तो ये उसका हक है।

### अनुपूरक बजट

### शीतकालीन सत्र इस बार होगा छोटा

## 28 से शुरू होगा यूपी विधानमंडल सत्र

- तीन दिन में होंगे सभी विधायी कार्य
- सदन में सार्थक बहस नहीं करना चाहती सरकार

**लखनऊ।** विधानसभा की कार्यवाही का समय बढ़ाने को लेकर तमाम विचार-विमर्श बातों के बाद भी विधानमंडल का आगामी शीतकालीन सत्र महज चार दिन ही संचालित करने की तैयारी है। इसमें भी सदन में विधायी कार्य तीन दिन ही होंगे। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से शुरू होगा।

पहले दिन भाजपा विधायक स्वर्गीय आशुतोष टंडन गोपाल के निधन के चलते सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित हो जाएगी। कार्यमंत्रणा समिति के एक सदस्य ने बताया कि 29-30 नवंबर और 1 दिसंबर तक सदन संचालित करने की योजना है। इसमें एक दिन अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। एक दिन नेता प्रतिपक्ष अनुपूरक बजट के खिलाफ अपनी बात रखेंगे। उसके बाद नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदन को संबोधित करेंगे। इस प्रकार सदन की कार्यवाही महज तीन दिन ही चलेगी। विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही अवधि को बढ़ाने को लेकर लखनऊ से मुंबई तक विचारों का दौर चला है। गत दिनों मुंबई में देश भर के विधायकों के सम्मेलन में भी देश के विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों ने सदन की कार्यवाही बढ़ाने का समर्थन किया था। विधानसभा में भी सदन के अंदर और बाहर इसको लेकर चर्चा होती है। लेकिन सदन संचालन का समय आने पर चर्चा केवल बातों तक सीमित साबित होती है। इस वर्ष विधानसभा का पहला सत्र 22 फरवरी से एक मार्च तक 8 दिन संचालित हुआ।

### 42 हजार करोड़ हो सकता है आकार

**सबसे बड़ा अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में योगी सरकार**

**लखनऊ।** विकास कार्यों की गति बरकरार रखने के लिए योगी सरकार इस बार सबसे बड़ा अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में है। यह 42 हजार करोड़ रुपये तक हो सकता है जो कि पिछले बजट 33,768 करोड़ रुपये की तुलना में करीब 8500 करोड़ रुपये ज्यादा होगा। पिछले अनुपूरक बजट में पूंजीगत व्यय के लिए लगभग 20 हजार करोड़ और राजस्व लेखा के लिए करीब 13756 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। इस बार इसमें 25 फीसदी तक वृद्धि हो सकती है। 28 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में विकास योजनाओं पर खास प्रावधान हो सकता है। हाल में गठित तीन तीर्थ विकास परिषद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) को धरातल पर लाने के लिए धन की व्यवस्था हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले हफ्ते दो नये लिंक एक्सप्रेस वे की घोषणा की थी।

# डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय।डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए।डीएम ने परिवहन, राज्यकर, स्टांप की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताई, कारण जाना। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। वही नगर पालिका परिषद मोहम्मदी की ईओ से लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति कम होने का कारण जाना, निर्देश दिए कि संबंधित को नोटिस जारी करते हुए राजस्व प्राप्ति करना सुनिश्चित कराएं, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, खनन, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे।

# गोला के शिव मंदिर परिसर में लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी गोला के शिव मंदिर परिसर में सोमवार की रात के आखिरी पहर रहस्य में ढंग से आग लग गई। इस अग्निकांड में मंदिर के बाहर फूल माला बेलपत्र और प्रसाद की साथ दुकानें जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन दुकानों में रखा लाखों का सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग कैसे लगी, इस पर अभी भी तस्वीर साफ नहीं है। गोला शिव मंदिर परिसर में ही भक्तों के लिए फूल, बेलपत्र की दुकानें हैं। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम इन दुकानों पर बैठने वाले माली दुकान बंद कर घर चले गए। रात के आखिरी पहर तीर्थ स्थल पर मौजूद पांडा और पुजारी को आग की लपटें दिखाई पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक इन दुकानों का तमाम सामान जलकर खाक हो गया था।

# पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से किया गया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन, लखनऊ के द्वारा, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को साहस व पराक्रम के लिए पराक्रम पदक से सम्मानित किया गया। विवरण- दिनांक 07.06.2016 को जनपद इलाहाबाद से थाना झूसी क्षेत्र में एक घटना के विरुद्ध लगभग 200-300 लोगों की भीड़ द्वारा रोड जाम कर घेराबन्दी की गयी इसमें कुछ अपराधिक प्रकृति के लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से लाठी, डण्डा से हमला करते हुए पथराव व फायरिंग शुरु कर दी गयी। ऐसी विषम परिस्थिति में कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु इस आन्तरिक सुरक्षा अभियान में गणेश प्रसाद साहा, आईपीएस, तत्कालीन सहायक पुलिस अधीक्षक/तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर पंचम इलाहाबाद शत्रु के विरुद्ध सीधी कार्यवाही के परिणामस्वरुप गम्भीर रुप से जख्मी हो गए थे।

साहस और पराक्रम के क्रम मे भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पराक्रम पदक- आज दिनांक 21.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन, लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा को जोनल कार्यालय लखनऊ में वर्दी पर ससम्मान लगाकर सम्मानित किया गया।

## ओबीसी बेटियों की शादी अनुदान योजना में मिलेगा अनुदान, करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) गरीब व्यक्तियों की बेटियों की शादी के लिए अनुदान योजना संचालित है। शादी के लिए आवेदन करने को विभागीय वेबसाइट में आधार पर आधारित प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-केवाईसी) में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। उक्त जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी।उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना जरूरी है। आवेदक (माता-पिता/ अभिभावक ) शादी अनुदान पोर्टल http://shadianudan.upsdc.gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर आवेदक तथा पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जायेगा। आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं मोबाइल पर प्राप्तः ओटीपी के माध्यम से लागिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजनान्तर्गत 592 व्यक्तियो को लाभान्वित कराया जा चुका है। अन्य पिछड़े वर्गों के इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियो के पुत्री की शादी 90 दिवस की अवधि में हुयी है अथवा आगामी 90 दिवस में होनी सुनिश्चित है, वह उक्त बेवसाईट http://shadianudan.upsdc.gov.in पर योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# नरपतगंज, डलमऊ के लेखपाल को मंडलायुक्त ने किया निलंबित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मंडलायुक्त ने नरपतगंज,डलमऊ के लेखपाल रविचक को लापरवाही और कार्य मे शिथिलता बरते पर निलंबित करने का निर्देश दिया। दरअसल, प्रार्थिनी सोनी ने अपने प्रार्थना पत्र में मंडलायुक्त से शिकायत करते हुए बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगो द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है,जिस पर बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं कि जा रही है।

मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मंडलायुक्त ने लेखपाल को तुरंत निलंबित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी,डलमऊ को दिए। राजस्व के ही एक अन्य मामले में मंडलायुक्त ने प्रार्थी कुलदीप सिंह के प्रार्थना पत्र के आधार पर भानू प्रताप सिंह,रणवीर सिंह,दिनेश प्रताप सिंह,तेज प्रताप सिंह और कमल प्रताप सिंह के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए,उनका असलहा लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि इनके द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके उसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे कि शासकीय क्षति हो रही है। मंडलायुक्त ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जमीनी विवाद से संबंधित प्रकरणों को तहसील स्तर पर जल्द से जल्द निस्तारित करने का प्रयास किया जाए अन्यथा उन पर भी कार्यवाही की जाएगी।

मंडलायुक्त ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता दर्शन का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। जिससे कि उन्हें भटकना न पड़े। मंडलायुक्त ने बताया कि उनके सामने ज्यादातर जमीनी विवाद से संबंधित मामले आए, जिनमें से कुछ सरकारी जमीन विवाद तथा कुछ व्यक्तिगत थे।

उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के मामले को तहसील स्तर पर ही निस्तारित किया जाए और आपसी झगड़ो के मामलों को थाना दिवस के अवसर पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए।जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र, जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी पन्नालाल के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन उपस्थिति से पहले सुविधाएँ उपलब्ध कराए विभाग: शिक्षक

# प्राथमिक विद्यालय बबुरिहा में सम्पन्न हुई संकुल बल्ला की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को नवंबर महीने की संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अमावां ब्लॉक के संकुल बल्ला की बैठक प्राथमिक विद्यालय बबुरिहा गांव में सम्पन्न हुई। संकुल शिक्षक बैठक में विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति पर विरोध जताते हुए कहा कि पहले विभाग सुविधा उपलब्ध कराए इसके बाद में उपस्थित दी जाएंगी। शिक्षकों ने संगठन के पदाधिकारियों से मांग की विभाग की तरफ से आधे दिन का अवकाश उपलब्ध कराया जाए।

बावन बुजुर्ग बल्ला ग्रामसभा के प्राथमिक विद्यालय बबुरिहा में आयोजित संकुल बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह और संकुल नोडल नीरज कुमार ने दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने के लिए पांच बिंदु के टूलकिट का प्रयोग करने पर चर्चा की। इसके तहत शिक्षकों का कक्षा आवंटन व कार्य विभाजन, संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का प्रयोग, छात्रों का आंकलन व रेमेडियल शामिल हैं। संकुल शिक्षक आयशा अफरोज और हनी गुलाटी ने समुदायिक सहभागिता व अभिभावक के साथ संपर्क, शिक्षक छात्र के बीच आत्मीय संबंध बनाना शामिल है। टेक गुरु और शिक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेरणा एप पर उपस्थित के संबंध होने वाले परिवर्तनों पर चर्चा की साथ ही उन्होंने शिक्षकों को कुछ सावधानियां भी बताई ताकि भविष्य में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

बैठक में प्रधानाध्यापक कृष्णा शंकर यादव, राकेश वर्मा, हरिचन्द्र पांडेय, रामभरत राजभर, सुधीर, धीरेंद्र सिंह, डॉक्टर मनोज, कमल अहिरवार, रामकृपाल सिंह, उंसिया असगर, प्रतिमा सिंह, सूफिया, ऊषा सिंह, किरण यादव, सरिता सिंह, करुणा यादव, सत्यभामा सोनकर, आकांक्षा गर्ग, सुनीता यादव, कुसुम सिंह, पूनम, दुर्गेश, प्रीति, रामेश्वरी आदि लोग मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनीं लोगो की समस्याएं

**रायबरेली।** मंडलायुक्त,लखनऊ डॉ. रोशन जैकब ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में मंडलीय जनता दर्शन में लोगो की समस्याएं सुनीं। सबसे पहले मंडलायुक्त ने जनपद में लगभग दो माह पूर्व किये गए जनता दर्शन मे आयी हुई शिकायतों के निस्तारण में हुई अब तक की गयी कार्यवाही के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। मंडलायुक्त के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व से संबंधित मामले आये,जिन्हें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौपते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त के सामने ज्यादातर जमीनी विवाद से संबंधित मामले आए।

## टीबी मुक्त करने को जिला टीबी फोरम का गठन

**सहारनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संजीव मांगलिक ने कहा कि जिले को शीघ्र अतिशीघ्र टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जिला टीबी फोरम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी फोरम सदस्यों को मरीजों को मुफ्त जांच ईलाज एवं डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक टीबी मरीज को मिलने वाले रू. 500 की राशि दिये जाने के बारे में जानकारी दी। आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में एनटीईपी कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला टीबी फोरम मिटिंग का आयोजन उनके कैम्प कार्यालय में किया गया। इससे पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में टीबी मरीजों को गोद लेने वाली संस्थाओं का आभार जताकर उनसे टीबी के नये मरीजों को भी पोषण सामग्री वितरण करने हेतु गोद लेने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संजीव मांगलिक ने कहा कि जिले को शीघ्र अतिशीघ्र टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जिला टीबी फोरम का गठन किया गया है। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डा.सर्वेश कुमार सिंह द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, एडवोकेट, जर्नलिस्ट, जनप्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को टीबी फोरम का सदस्य मनोनित करके उनको राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी गयी एवं मरीजों को मुफ्त जांच ईलाज एवं डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक टीबी मरीज को मिलने वाले रू. 500 की राशि दिये जाने के बारे में जानकारी दी गयी एवं 23 नवम्बर 2023 से सहारनपुर जिले की लगभग 20 प्रतिशत आबादी यानी लगभग 8 लाख 50 हजार की आबादी के चिन्हित क्षेत्रों जैसे जेल, वृद्धाश्रम, नारीआश्रम, मलीन बस्ती, कुपोषण क्षेत्र आदि में घर-घर जा कर 340 टीमें जाकर इन क्षेत्रों में सभी घरों के सभी लोगों से टीबी लक्षण पूछकर यदि लक्षण पाये गये, तो उनका तुरन्त जांच ओर ईलाज करवायेगें।

# जिले में आरम्भ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 नवम्बर से 26 जनवरी 2024 तक ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का ग्राम पंचायत स्तर पर सफल आयोजन, कियान्वयन एवं अनुश्रवण किया जाएगा। यात्रा के सफल आयोजन के लिए विकासखण्डवार नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शुरू हो चुकी है, जिसके लिए जनपद में 07 एलईडी वैन के माध्यम से संकल्प यात्रा जिले के 07 विकासखण्डों की 14 ग्राम पंचायतों में पंहुची। यह वैन रोस्टर के अनुसार 26 जनवरी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जाएंगी। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का उद्देश्य यह है कि विकास की भागेदारी में हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति अपनी सहभागिता निभा सके। सरकारी योजनाओं की आमजन तक पंहुच से ग्रामीण काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने समस्त नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगा। इस दौरान सूचनाओं एवं जिला स्तरीय समिति द्वारा सौपे गये नियंत्रण कक्ष से सम्बन्धित सभी कार्यो का ससमय जिला सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सम्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। मंगलवार को जनपद की ग्राम पंचायत मुगलमाजरा, जमालपुर, अब्दुल्लापुर, जयन्तीपुर, नुनयारी, धौलरा, अम्बहैटा शेख, कुलसठ, अम्बेहटा चांद, कुतबामजरा, बुड्ढाखेडा, औरंगजेबपुर, शेरमऊ एवं घाटमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर ग्राम सभाओं का निरीक्षण किया। विकासखण्ड बलियाखेडी के लिए पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, उपायुक्त स्वतः रोजगार इन्द्रपाल, जिला विद्यालय निरीक्षक योगराज सिंह, पुंवारका के लिए बीएसए डॉ.विनीता सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.एनपी सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि धर्मेन्द्र सिंह, विकासखण्ड सढौली कदीम के लिए अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विकास चन्द, अधिशासी अभियन्ता जल निगम योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम रूचिन यादव, विकासखण्ड नानौता के लिए सहायक निदेशक मत्सय डॉ.मुक्ता सिंह, परियोजना अधिकारी यूपी नेडा आरबी वर्मा, विकासखण्ड नकुड के लिए सहायक निदेशक मृदा परीक्षण पवन कुमार, विकासखण्ड सरसावा के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी रामकृपाल, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग चन्द्रवीर सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अरूण कुमार, विकासखण्ड मुजफ्फराबाद के लिए उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मौ.अहमद, प्रधानाचार्य आईटीआई राकेश कुमार, सहायक अभियन्ता जिला पंचायत आदेश कुमार को जनपद में होने वाली विकसित संकल्प भारत यात्रा के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## गौपाष्टमी पर्व पर गौ सेवा का लिया संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वंदेमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट संस्थापक विजयकांत चौहान के दिशा-निर्देशन में स्वामी मंगला नंद के सानिध्य में प्राचीन सिद्ध पीठ श्री श्री गौदेवी मन्दिर गौशाला में गौपाष्टमी महापर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। आज प्रातः काल प्राचीन सिद्ध पीठ श्री श्री गौदेवी मन्दिर गौशाला नुमाइश कैम्प में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ओर गौ माता की पूजा परिक्रमा आरती व भोग अर्पण कर श्रद्धाभाव से प्रसाद वितरित किया। महामंडलेश्वर पण्डित अनिल कृष्ण कौदण्ड ने हवन यज्ञ में आहुतियों द्वारा सभी भक्तो को गौरक्षा व गौसेवा का संकल्प कराया। स्वामी मंगला नंद ने गौपाष्टमी पर्व की महत्वता बतायी। पण्डित अनिल कृष्ण कौदण्ड व पण्डित अरुण शर्मा ने बताया कि गोपाष्टमी पर्व के दिन गाय का श्रृंगार किया जाता है। गोपाष्टमी के दिन गौशाला ओर ग्वालों को दान करना चाहिए। गोपाष्टमी की शाम जब गाय घर लौटती हैं, तब फिर उनकी पूजा की जाती है। खासतौर पर इस दिन गाय को हरा चारा, हरा मटर एवं गुड़ खिलाया जाता है। महामंडलेश्वर सन्त कमल किशोर महामंडलेश्वर स्वामी धिरजानंद व महेश नारंग जिला महामंत्री भाजपा योग चुघ ने कहा कि ऐसी मान्यता हैं की गौ सेवा करने वाले मनुष्यों का जीवन धन धान्य और खुशियों से भर जाता हैं इसलिए गाय माता की पूजा व सेवा करनी ही चाहिए। इस दौरान विवेक प्रताप सिंह राय, इशिका, पूजा, राजेश, दीपक गांधी, महेश गांधी, निमिष आदि ने गौ माता का पूजन आरती परिक्रमा कर भोग लगाकर चारा खिलाकर गौसेवा का सन्कल्प लिया।

## मेला गुघाल रोड के अतिक्रमणकारियों पर फिर जुर्माना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज एक बार फिर मेला गुघाल क्षेत्र में स्मार्ट सिटी द्वारा बनायी गयी स्मार्ट रोड व फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान अनेक दुकानों से सामान जब्त कर निगम लाया गया और पांच दुकानों सहित सात लोगों से 22 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर मेला गुघाल स्मार्ट रोड पर नगर निगम ने आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। करीब एक सप्ताह पहले महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा उक्त मार्ग का औचक निरीक्षण करने पर वहां स्मार्ट फुटपाथ पर ट्रक खड़े पाये गए थे। जिस पर नगर निगम द्वारा अगले दिन ही उक्त स्थल पर अभियान चलाते हुए अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया गया था लेकिन उसके बाद भी लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण करना नहीं छोड़ा। आज भी उक्त स्मार्ट रोड व फुटपाथ पर अतिक्रमण पाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान फुटपाथ पर खड़े किये गए दो ट्रकों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। सड़क पर लकड़ी डालकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों तथा सड़क पर डेंटिंग-पेंटिंग करने वाली तीन वर्कशॉप पर भी जुर्माना लगाया गया।

## कुष्ठ आश्रम के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**सहारनपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कुष्ठ आश्रम के बच्चों को फल वितरित कर उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर आश्रम के अध्यनरत 22 बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए गोद लिए जाने घोषणा भी की गई। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी व युवजन सभा के जिला अध्यक्ष अमित गुर्जर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता खलासी लाइन स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचे और पूर्व सपा संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कुष्ठ आश्रम के बच्चों के फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने कभी भी छोटे-बड़े में कोई अंतर नहीं किया। सदैव सर्व समाज को आगे ले जाने का काम करते रहे। उनके विचारधारा को अंगीकार करते हुए आज हम सभी लोग उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर समाज की सबसे कमजोर वर्ग के बीच पहुंचे हैं और उनके साथ जन्मदिन की खुशियों को भी साझा किया है।

# सही फीडिंग न होने पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिये कि ई-कवच एवं पोषण ट्रैकर एप गुणवत्तापूर्ण एवं समय से शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होने कम फीडिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि फीडिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान के अन्तर्गत गठित जिला पोषण समिति एवं जिला कन्वर्जन समिति की बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होने सख्त रूप से कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि फीडिंग के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो तथा रैंकिंग में सुधार के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होने निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में भी योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दिए जाने वाले राशन का वितरण किया जाए।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि लापरवाही करने वालों को चेतावनी देते हुए सुधार न लाने पर दण्डित किया जाए। जनपद में सघन अभियान चलाकर गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उन्हे शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आंगनबाडी केन्द्रों पर वजन मशीन आदि सभी उपकरणों को क्रियाशील रखें। सभी आंगनबाडी कार्यकत्री घर-घर जाकर शत-प्रतिशत होम विजिट सुनिश्चित करें।

बच्चों एवं उनके अभिभावकों को खान-पान के बारे में जागरूक किया जाए जिससे उनके बौद्धिक एवं शारीरिक स्तर में सुधार आएगा। खेल खेल में बच्चों को हर तरह की शिक्षा दी जाए।

शिक्षा को रुचिकर बनाया जाए तथा ऐप पर शत-प्रतिशत फिडिंग की जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में बनने वाले आंगनबाडी केन्द्रों की गुणवत्ता उत्कृष्ट रखी जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी नन्द लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहीं।

## नगरायुक्त ने तीन शिकायतों का कराया तत्काल निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई करते हुए नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने 16 में से तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया। सड़क व नाली निर्माण के लिए आने वाली शिकायतों के लिए जहां क्षेत्रीय अवर अभियंताओं को आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए वहीं अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत पर प्रवर्तन दल प्रभारी तथा लाईट सम्बंधी शिकायत के निस्तारण के लिए ईईएसएल कंपनी के इंजीनियर इंचार्ज को अवगत कराया गया। वार्ड 22 मातागढ़ निवासी विनोद कुमार ने सड़क की साफसफाई कराने, वार्ड 18 प्रकाश विहार निवासी शुभम भट्ट और वार्ड 4 प्रदीप विहार निवासी अनिल कुमार ने सड़क तथा नालियों व सड़क की साफसफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर सम्बंधित सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर सड़क व नाली आदि की सफाई करा दी गयी। वार्ड 6 बालपुर निवासी यशपाल ने बालपुर स्थित सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की शिकायत की, जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वार्ड 31 मानकमऊ निवासी समीर ने सड़क निर्माण, वार्ड 18 लेबर कॉलोनी निवासी मित्रपाल सिंह व विकास कुमार ने सड़क व नाली निर्माण, वार्ड 06 मित्तल नगर निवासी गय्यूर हुसैन ने नाली निर्माण, वार्ड 11 निवासी ताहरपुर निवासी अजय तोमर तथा वार्ड 26 प्रकाश लोक कॉलोनी निवासी गौरव कुमार व वार्ड 33 रेणुका विहार निवासी विक्रमसिंह ने भी सड़क व नाली आदि निर्माण की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिए।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ श्री गीतामानस सम्मेलन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत काकोरी के श्री शीतला माता मंदिर श्री वनखण्डेश्वर धाम में कलस यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो भक्तो ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक के साथ ही श्री रुद्र यज्ञ का आरम्भ हुआ श्री राम दयालु दोसर वैश्य स्मारक ट्रस्ट द्वारा 58 वें श्री गीता मानस सम्मेलन में श्री राम कथा का भव्य आयोजन श्री अयोध्या धाम से पधारी मानस कोकिला देवी चंद्रकला के मुखारबिंद से किया जा रहा है प्रबंधक रमाकांत गुप्त ने बताया कि यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन संतदास जी एवं सन्मार्ग गामी पूर्वज राम दयालु शिव दयालु गुप्त द्वारा अधिष्ठित विगत 57 वर्षो से निरंतर कार्यक्रम हो रहा है इसमे मुख्य रूप से मंदिर के पुजारी लालता प्रसाद बाजपेई कार्यक्रम के संचालक डॉ सियावर शरण द्विवेदी (शास्त्री जी) स्वामी कांत गुप्त विष्णु कांत गुप्त अमर कांत गुप्त आचार्य विवेक सदाशिव बाजपेई सर्वेश द्विवेदी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## चोरों ने घर को बनाया निशाना, ले उड़े लाखों का माल

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सेमरामऊ गांव मे चोरों ने एक घर में घुस कर लाखों के माल को पार कर दिया। घर पर लोग सोते ही रह गए चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सेमरामऊ गांव में रहने वाले रामनरेश सिंह स्वर्गीय बाबूराम के घर में चोरों ने घर में रखे जेवरात और नगदी समेत अन्य सामान भी ले गए। सुबह जब घर वालों ने समान बिखरा देखकर घर वालों ने पुलिस को सूचना दी। घर में रखे कीमती सामान उठाकर चोर देर रात मकान के दूसरे दरवाजे के पास दीवार तोड़ के दरवाजे की कुंडी खोलकर घर में रखें सामान को बाहर निकाल के ले गए। परिजनों ने बताया की एक जोड़ी झुमकी दो तोला हर चार अंगूठी नग चार चैन एक नाग एक तोला मंगलसूत्र एक नाग पांच लॉकेट का माल एक तोला पायल तीन जोड़ी आठ कंगन दो तोला एक मांग टीका 40000 नगदी समेत अन्य कीमती सामान उठाकर ले गए पीड़ित ने पुलिस को लिखित मे तहरीर दी है। काकोरी इंस्पेक्टर ने कहा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## रेजिडेंशियल इंजीनियर की बाइक फिसलने से मौत

**अमृतपुर- फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी, विमल कुमार (35) पुत्र उदय पाल कुशवाहा जिला शाहजहांपुर के कस्बा मदनपुर में एयरटेल टेक्नो नेटवर्किंग में रेजिडेंशियल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, सोमवार 20 नवंबर की शाम मदनपुर से ड्यूटी पूरी करकर अपने गांव गुडेरा बाइक से वापस आ रहे थे। उनकी बाइक घर से मात्र 25 मीटर दूरी पर देवस्थान के निकट फिसल गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन रात में ही इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की सूचना पर पिता उदयपाल सिंह, पत्नी कल्पना, पुत्री वैष्णवी, कामायनी, का रो रो कर बुरा हाल है। हर शख्स की जबान पर एक ही शब्द था कि दोनों बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पत्नी का रोना चीखना सुन हर। एक की आंख नम हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धूमधाम से निकली अक्षय नवमी परिक्रमा

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर नगर परिक्रमा के आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं व लड़कियों ने हिस्सा लिया परिक्रमा झारखंडी से उठकर नगर के मुख्य मार्ग वीर विनय चौराहे से पुरानी चौक मेजर चौराहा काली थान होते हुए निकल गया। उक्त अवसर पर कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक की देखरेख में भारी पुलिस बाल के साथ परिक्रमा निकल गयी परिक्रमा के दौरान महिलाओं बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला परिक्रमा में सबसे आगे पुलिस बल के साथ ही कई सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने झंडे बैनर भी लेकर चल रहे थे परिक्रमा में आगे की पंक्तियां में पुरुषों के साथ कुछ जिम्मेदार लोगों का भी भाग लेते देखा गया परंतु अधिकांश संख्या महिलाओं की ही रही।

## कल से चलेगा सघन टीबी रोगी खोज अभियान

### 15 टीम और 3 सुपरवाइजर गठित

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** आगामी 23 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक कुल दस कार्यदिवसों में सघन टीबी खोज अभियान चलाया जायेगा। जिसके लिये स्थानीय सीएचसी मीटिंग के मीटिंग हाल में 10 टीमों का एवं डीएमसी-सेखवनिया में 5 टीमों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि सघन टीबी खोज अभियान के लिये ब्लाक आबादी के कुल जनसंख्या के 20 प्रतिशत आबादी के 15 ग्रामों का चयन किया गया। जिसमें ज्यादातर मुसहर बाहुल ग्रामो को सम्मिलित किया गया है। इस कार्यक्रम के लिये कुल 15 टीमों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक टीम में 3 सदस्य होंगे जो कार्यक्रम के दौरान घर घर जाकर लोगों को टीबी रोग के लक्षणों के बारे में बताते हुये उनकी स्क्रीनिंग करेगे तथा सम्भावित व्यक्तियो के बलगम के नमूनों को एकत्र कर उनके सैम्पल जाँच हेतु सीएचसी के लैब में लायेंगे। जहाँ उनकी जाँच होगी तथा जाँच में पॉजिटिव निकले मरीजों का उपचार किया जायेगा तथा उन्हें पोषण योजना का भी लाभ दिया जायेगा। 15 टीमों के कार्यो की प्रतिदिन मॉनिटरिंग के लिये 3 सुपरवाइजर को लगाया गया है। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इस अभियान दौरान ही क्लोज सेटिंग वाले स्थलों जैसे-बृद्धा आश्रम,मदरसा एवं कस्तूरबा विद्यालय में भी टीबी की स्क्रीनिंग की जायेगी जिसका माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। श्री मिश्र ने बताया कि इस अभियान के दौरान अधिक से अधिक टीबी रोगियों को चिंहित कर उनका निःशुल्क उपचार शुरूकर उन्हें पोषण योजना के तहत 500 रुपये प्रतिमाह उनके खाते में भेजा जायेगा। एसटीएस शाहिद अंसारी ने बताया कि अभियान के दौरान सभी टीमें प्रतिदिन 50 से 65 घरों का भ्रमण करेगे एवं घर के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग करेंगे। इस दौरान डॉ गौतम जी गौरव, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ उमेश मल्ल,एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी, विनोद वर्मा,एल ए उमेश, ब्लाक लेखा प्रबन्धक राकेश पांडेय, बीसीपीएम प्रकाश, आईटीसी काउंसलर पूनम भारती,एलटी प्रमोद भारती, अशोक गुप्ता, नगीना यादव, रामदौड़ यादव, पुन्नू कुशवाहा, कालिंदी देवी, संजू देवी, निर्मला सिंह, सीमा देवी, रीता देवी, सिंगारी देवी, सुशीला यादव आदि उपस्थित रही।

## नवमी पर महिलाओं ने आवला की पूजा कर पति के दीर्घायु की मन्नत

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की अक्षय नवमी का त्यौहार महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है इस दिन महिलाएं आवला के पेड़ के नीचे पूजा ही नहीं बल्कि अपने पति के दीर्घायु की कामनाएं भी करती हैं। मंगलवार को पड़े इस त्यौहार पर महिलाओं की आवला पेड़ के नीचे पूजा अर्चना करने के लिए खासी भीड़ रही। पूजा अर्चना कर रहीं महिलाओं का कहना है कि पुराणों में कार्तिक मास को सबसे श्रेष्ठ और पवित्र माना जाता है। इसी महीने में 4 मास की योगनिद्रा के बाद भगवान विष्णु जाग्रत होते हैं। इसके बाद से 4 महीनों से बंद पड़ी पूजा-पाठ और शुभ कार्यों का आरंभ हो जाता है। इस माह में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा पूरे विधि-विधान से की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला नवमी या अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा करने का विधान है। इस दिन महिलाएं आंवले के पेड़ की पूजा करती हैं। पूजन के पश्चात वृक्ष के नीचे बैठकर ही भोजन करने का भी विधान है। महिलाओं ने बताया कि अक्षय नवमी या आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा क्यों की जाती है और इसका महत्व क्या है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार मां लक्ष्मी भ्रमण करने के लिए पृथ्वी लोक पर आईं। रास्ते में उन्हें भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की इच्छा हुई। माता लक्ष्मी ने विचार किया कि एक साथ विष्णु एवं शिव की पूजा कैसे हो सकती है। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय होती है और बेलपत्र भगवान शिव को। मां लक्ष्मी को ख्याल आया कि तुलसी और बेल का गुण एक साथ आंवले के पेड़ में ही पाया जाता है। ऐसे में आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिन्ह मानकर मां लक्ष्मी ने आंवले की वृक्ष की पूजा की। कहा जाता है कि पूजा से प्रसन्न होकर विष्णु और शिव प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर विष्णु और भगवान शिव को भोजन करवाया।

# अयोध्या में राम मंदिर के पुजारी के लिए 3 हजार लोगों ने आवेदन किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** अयोध्या में राममंदिर के पुजारी हेतु 3 हज़ार लोगो ने आवेदन किया है जिसमे 2 सौ लोगो को साक्षात्कार के लिए आमंत्रण भेजा गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने सोमवार को बताया कि 200 अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर साक्षात्कार के लिये चुना गया है और उन्हें ट्रस्ट द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। इनके इंटरव्यू अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के मुख्यालय कारसेवक पुरम में हो रहा है, ट्रस्ट के मुताबिक, वृन्दावन के जयकांत मिश्रा और अयोध्या के दो महंत मिथिलेश नंदिनी शरण और सत्यनारायण दास का तीन सदस्यीय पैनल इनका इंटरव्यू ले रहे हैं। इन 200 उम्मीदवारों में से 20 का चयन किया जाएगा,चयनित उम्मीदवारों को छह महीने की ट्रेनिंग के बाद पुजारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा और विभिन्न पदों पर तैनात किया जाएगा।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि जो लोग चयनित नहीं हुए हैं वे भी ट्रेनिंग में हिस्सा ले सकते हैं ट्रेनिग के बाद इन्हें प्रमाण पत्र दिए जाएंगे

जिसके बाद इन उम्मीदवारों को भविष्य में मौका दिया जा सकता है। उम्मीदवारों की ट्रेनिंग शीर्ष संतों द्वारा तैयार धार्मिक पाठ्यक्रम पर आधारित होगी, ट्रेनिंग के दौरान उम्मीदवारों को मुफ्त भोजन और आवास मिलेगा साथ ही 2,000 रुपये का भत्ता भी दिया जाएगा। बता दें कि इंटरव्यू के दौरान उम्मीदवारों से तमाम तरह के सवाल-जवाब किए गए। इस दौरान,'संध्या वंदन' क्या है, इसकी विधियां क्या हैं और इस पूजा के लिए 'मंत्र' क्या हैं? भगवान राम की पूजा के लिए 'मंत्र' क्या हैं और इसके लिए 'कर्म कांड' क्या हैं? अयोध्या में बने रहे राम मंदिर में पूजा पद्धति भी मौजूदा पद्धति से अलग होगी, यह रामानंदीय संप्रदाय के अनुसार होगी,इस पूजा के लिए

**अयोध्या में राममंदिर के पुजारी पद के लिए 3000 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था इसमें से 200 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है**

खास अर्चक होंगे,राम जन्मभूमि परिसर में स्थित अस्थाई मंदिर में अभी तक पूजा पद्धति अयोध्या की अन्य मंदिरों की तरह पंचोपचार विधि (सामान्य तरीके) से होती है. इसमें भगवान को भोग लगाना, नए वस्त्र धारण कराना,और फिर सामान्य रूप से पूजन और आरती शामिल है. लेकिन 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह सबकुछ बदल जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामानंदीय परंपरा के अनुसार यह किया जाएगा। मुख्य पुजारी, सहायक पुजारी और सेवादारों के लिए रामानंदीय पूजा पद्धति से रामलला की पूजा आराधना का विधान होगा इसमें इन सभी के वस्त्र पहनने के तरीके समेत पूजा की कई चीजे निर्धारित होगी, हनुमान चालीसा की तरह रामलला की स्तुति के लिए नई पोथी (किताब) होगी, जिसकी रचना हो चुकी है और उसे अंतिम रूप देने का काम हो रहा है।

# संगम पर हुआ सहाराश्री जी का अस्थि विसर्जन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सहाराश्री जी का अस्थि विसर्जन आज प्रयागराज के संगम में उनके छोटे भाई श्री जयब्रत रॉय जो कि सहारा इंडिया के उप प्रबंध कार्यकर्ता भी हैं तथा श्री ओ.पी. श्रीवास्तव, उप प्रबंध कार्यकर्ता, सहारा इंडिया परिवार व सहारा इंडिया परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा किया गया। सुबह करीब 11-30 बजे सहारा के कार्यकर्ता और एक विशाल जन समूह ने के.पी. इंटर कॉलेज से अस्थि कलश सहित संगम की ओर प्रस्थान किया।

दोपहर 2.00 बजे संगम पहुंच कर अस्थि विसर्जन अदा की गयी। प्रयागराज के अतिरिक्त भी सहाराश्री जी का अस्थि विसर्जन वाराणसी में उनके भांजे श्री सम्राट नियोगी व भतीजे श्री जुगांतो रॉय द्वारा किया गया। कल हरिद्वार तथा ऐम्बी वैली में भी अस्थि विसर्जन किया जाएगा। सहाराश्री का निधन 14 नवम्बर 2023 को रात 10-30 बजे कार्डियो रेस्पिरेटोरी अरेस्ट से मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल व मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में हुई। वे मुधमेह उच्च रक्तचाप मेटास्टेटिक मैलिग्नेन्सी से पीड़ित थे। उनके पार्थिव शरीर को 15 नवम्बर 2023 को लखनऊ लाया गया तथा 16

नवम्बर 2023 को उनका अन्तिम संस्कार किया गया। पिछले कुछ दिनों में उन्हें राजनीतिज्ञों फ़िल्म स्टार्स व सामान्यजन की ओर भावप्रवण श्रद्धांजलियां दी गयीं। इनमें सदी के महानायक अमिताभ बच्चन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव जी भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी सुश्री पी-वी-सिंधु श्री युवराज सिंह सुश्री सायना नेहवाल श्री पुलेला गोपीचंद श्री अभिषेक बच्चन श्री रितेश देशमुख श्री अनुपम खेर श्री मधुर भंडारकर व अन्य अनेकों विभूतियां सम्मिलित थीं। सबने सहाराश्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा उनके देहावसान को राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को स्टेडियम निर्माण को लिखा पत्र

**फर्रूखाबाद।** नगर पंचायत शमसाबाद में स्टेडियम के निर्माण के सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्ष जोया फारुकी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को को पत्र लिखा है द्य मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि नगर पंचायत शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद का सृजन 19 जुलाई 1860 में हुआ था द्य प्रदेश शासन के नगर विकास अनुभाग-1 की अधिसूचना 24 अगस्त 2017 में क्षेत्र का विस्तार किया गया था द्य वर्तमान में निकाय का क्षेत्रफल 10वर्ग किमी है द्य उन्होंने कहा कि निकाय की जनसंख्या लगभग 50,000 है निकाय में स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, विकास खण्ड कार्यालय के साथ महाविद्यायल, इण्टर कॉलेज, जू0 एवं कई प्राथमिक विद्यालय स्थापित हैं। निकाय सीमा से तीन किमी उत्तर में गंगाजी प्रवाहित हैं जिस पर आवागमन के लिए गंगा सेतु स्थापित है। प्राचीन शिव मंदिर आदि से समीपस्त ग्रामो की जनता का आवागमन होता है।

## क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अलीगंज लखनऊ परिसर में वृहत रोजगार मेले का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एव राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ संयुक्त तत्वाधान में आज 21 नवम्बर को आई0टी0आई0 अलीगंज लखनऊ परिसर में वृहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 30 कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

मेले में लगभग 2040 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इन अभ्यर्थियों में से आई0टी0आई0 अलीगंज लखनऊ के द्वारा प्रायोजित कंपनियों द्वारा 150 एव क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा प्रायोजित कंपनियों ने 503 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर श्री ए0के0 प्रजापति सहायक निदेशक (सेवायोजन) एव श्री राज कुमार यादव प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 अलीगंज लखनऊ ने नियोजकों एव आगंतुकों का स्वागत करते हुए उपस्थित अभ्यर्थियों को उचित मार्गदर्शन दिया एव श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाटी जिला रोजगार सहायता अधिकारी,श्री हिमांशु सिंह उप प्रमुख यू0ई0बी0 लखनऊ ने भी उपस्थित रहकर अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन उत्साहवर्धन किया साथ ही क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के कर्मचारियों ने भी उपस्थित रहकर रोज़गार मेले में पूर्ण सहयोग दिया।

# भूख प्यास से से जूझ रही गाय वे प्रधान अधिकारी है बेखबर

**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** ग्राम सभा बिजया नगर शिवपुर योगी सरकार की गौशाला मवेशियों के लिए परेशानी बनती जा रही है। बलरामपुर जिला में एक के बाद एक गौशाला की स्थिति बद से बदतर निकल रही है। पचपेडवा विकासखंड के ग्राम बिजया नगर शिवपुर की गौशाला का भी यही हाल सामने आया है जहां भूख प्यास के कारण उसमे बंद गौवंशो को काला पानी की तरह सजा मिल रही है और साथ में ही इन गौबंशो की बुरी हालत है इसके बावजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बब्लू व ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा अभी तक गौवंशो के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे अधिकारियों की लापरवाही साफ तौर पर देखी जा सकती है कि पचपेडवा में अन्ना पशुओं की देखरेख के लिए योगी सरकार ने गौशाला बनवाई है।

जिससे अन्ना मवेशियों को सरंक्षित किया जा सके लेकिन इसकी सच्चाई लगातार लोगो के सामने आ रही है जो कि पचपेडवा की गौसलाओ में अव्यवस्थाओ का अंबार लगा है। इसी वजह से प्रतिदिन गौशालाओ में दर्जनों मवेशियो की मौत हो रही है। विकासखंड पचपेडवा के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत बिजया नगर शिवपुर में बनी अस्थाई गौशाला में भूसे और चारे की व्यवस्था न होने के कारण सारी गौवंश भूख और प्यास से जूझ रहे हैं और इन गौबंशो को सुखा भूसा खिलाया जा रहा है और नाही इन गौबंशो को चराने के लिए ले जाया जाता है और नही आते है ग्राम प्रधान और सचिव बिजया नगर शिवपुर गांव में गौशाला की देखरेख के लिए इस गांव के न तो प्रधान और न ही सचिव आते हैं जिस कारण यहां पर अव्यस्थाओ का अंबार लगा हुआ है इसके बावजूद भी यहां तैनात सचिव व प्रधान लापरवाही बरतने में लगे हैं !जब हमारे संवाददाता ने यहां की गौशाला के मौजूदा हालात देखें तो वहा के लोगो ने बताया है कि रात को सारी गायों को छुट्टा कर दिया जाता है जिससे किसानों की सारी फसल चौपट हो जाती है और किसानों को बड़ी ही परेशानी होती है।

## पत्रकारों के ऊपर लगातार हो रहे हमले और विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न पर आदर्श प्रेस क्लब ने खोला मोर्चा

**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनपद में इधर कुछ महीनो से कई पत्रकारों के साथ अप्रिय घटनाएं घट चुकी है। जिसको लेकर पत्रकार संगठन आदर्श प्रेस क्लब बलरामपुर ने संघर्ष करने का आवाहन किया है और पत्रकारो को न्याय दिलाने को लेकर एक ज्ञापन एसपी बलरामपुर केशव कुमार को देते हुए सारे मामलो से अवगत कराया। उक्त अवसर पर पत्रकारों ने अपने समस्याओं से संबंधित एक बिंदुवार ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को दिया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद्र गुप्ता के ऊपर हुए हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व उनके जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने पत्रकारों को खनन अवैध कटान जैसे मामलों में जरूरत पड़ने पर पुलिस सुरक्षा प्रदान करने साथ ही वरिष्ठ पत्रकार मसूद अनवर के साथ हुए मामले में प्रभावी कार्रवाई करने जैसे मामले को लेकर

**पत्रकारों को न्याय नही तो आदर्श प्रेस क्लब बलरामपुर करेगा अहिंसक आंदोलन**

पुलिस अधीक्षक से विस्तार से चर्चा हुई जिस पर उन्होंने सभी मामलों में संतोष जनक करवाई करने का आश्वासन दिया है बताते चलें की प्रेस क्लब के अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने कहा की। उक्त समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में नहीं होता है तो हमें मजबूरन अहिंसा का आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में जनपद के पत्रकार संपादक उपस्थित थे जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार राजीव मिश्रा मसूद अनवर वरिष्ठ पत्रकार जयसिंह विनोद मिश्रा गनेश यादव शैलजा शर्मा बदरूद जमा चौधरी राजेश श्रीवास्तव मोहम्मद इमरान मायाराम रमेश चंद्र गुप्ता बृजेश चौहान प्रशांत शुक्ला ब्रजेश उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार बिंदेश्वरी पांडे सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# बैंकर्स लाभार्थीपरक योजनाओं में प्राथमिकता पर ऋण वितरण करें

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु की बैठक में उद्योग विभाग की संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार कार्यक्रम योजना की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान बैंकर्स से कहा कि उक्त योजनाओं में प्रेषित पत्रावलियों को तत्काल ऋण स्वीकृत कर माह के अंत तक ऋण-वितरण करना सुनिश्चित करें ताकि बेरोजगार युवा अपना स्वःरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सकें और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

उन्होंने बैंकर्स से कहा कि किसी पत्रावली को अपने यहां लंबित न रखें जो भी पत्रावलियां उद्योग विभाग द्वारा प्रेषित की गई है, उन्हें प्राथमिकता पर स्वीकृत कर ऋण वितरण करें यदि पत्रावली पर ऋण वितरण न हो सके तो विस्तृत टिप्पणी अंकित कर उद्योग विभाग को वापस की जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि एक जनपद-एक उत्पाद में चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में भौतिक लक्ष्य 36 के सापेक्ष विभिन्न बैंकों को 73 ऋण आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, जिनमें से बैंकों द्वारा 31 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर ऋण वितरण किया गया, 20 आवेदन पत्र स्वीकृत हेतु एवं 08 आवेदन ऋण वितरण हेतु विभिन्न बैंक शाखाओं में लंबित है, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में भौतिक लक्ष्य 96 के सापेक्ष 223 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए, जिसमें से 78 आवेदन पत्र को स्वीकृत कर सभी पर ऋण वितरण किया जा चुका है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना की समीक्षा करने पर पाया कि भौतिक लक्ष्य 86 के सापेक्ष 178 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए, जिसमें से 74 आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर 44 ऋण वितरण किया जा चुका है, 39 आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु एवं 30 आवेदन ऋण वितरण हेतु लंबित है।

## दुकानदारों ने सुविधाएं मुहैया कराने की उठाई मांग

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नवीन गल्ला मंडी गेट पर मंडी समिति द्वारा दुकानें बनवाई गई हैं। लेकिन सुविधाएं नहीं दी गई हैं। दुकानदारों को आवश्यक सुविधाएं न मिलने के कारण व्यापार करने में परेशानी हो रही है। नवीन गल्ला मंडी में मंडी समिति द्वारा मेन गेट के बगल में मार्केट का निर्माण कराया गया था। मार्केट के निर्माण के दौरान दुकानों में सभी सुविधाएं देने के लिए कहा गया था। नीलामी के माध्यम से दुकानों का अनुबंध भी कर दिया गया। दुकानदार बालकराम निवासी खंडेराव ने एसडीएम सुरेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि मंडी समिति द्वारा सुपर मार्केट का निर्माण कराया गया है। जब दुकानों का अनुबंध कराया गया तब कहा गया था कि दुकानों में बिजली की फिटिंग कराकर दी जाएगी। इसके अलावा इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाएगा। साथ ही दुकानों के सामने जो नाला है उस पर ग्राहकों के आने के लिए पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सि. डि.)सहारनपुर विविध प्रार्थना पत्र संख्या 159 सन् 2022 रेफरेन्स संख्या 86 सन् 1998 जायर हुसैन उर्फ चान्द पुत्र ताहिर हुसैन मुतवल्ली मुन्तजिम वफ्फ सैय्यद जायर हुसैन नम्बर 1529 रजिस्ट्रड वाके कस्बा चिलकाना निवासी चिलकाना प. सुल्तानपुर तह.व जिला सहारनपुर। (प्रार्थी).. बनाम- 1/1 नौशाद अली 1/2 नवाब अली 1/3 नायाब कुरेशी पुत्रगण स्व0 जिन्दा हसन 2/1 इकराम 2/2 इमरान पुत्रगण स्व0 बुन्दू हसन निवासीगण कस्बा चिलकाना परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर। चूंकि ऊपर नामंकित जायर हुसैन उर्फ चान्द पुत्र ताहिर हुसैन मुतवल्ली मुन्तजिम (विप.) चूंकि उपरिनामंकित ने न्यायालय में आवेदन दिया कि इस न्यायालय द्वारा रेफरेन्स संख्या-86 सन् 1998 जिन्दा हसन बनाम शिया सैन्ट्रल वपक में पारित एक पक्षीय आदेश/निर्णय/डिक्रि दि. 29.07.2009 निरस्त की जावे। अतएंव आपको एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु प्रदर्शित करने के लिए 2023 के 12 के 15 दिवस को 10 बजे दिन स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफसल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर ओर न्यायालय की मुद्रा सहित आज 18,11,2023 को को जारी आज्ञा से मुंसरिम (सिविल जज) सी. डी.स.पुर

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्या.सहारनपुर वाद संख्या-17 सन-2023 वीरेन्द्र कुमार डाबरे पुत्र श्री हेमराज डाबरे निवासी मौहल्ला गढी मलूक नम्बर 1 सहारनपुर प्रार्थी..... बनाम....1 ..निशु पुत्री राजेन्द्र प्रसाद नि.ग्राम कृष्णी परगना तहसील रामपुर मनिहारान व जिला सहारनपुर 2- आम जनता। इत्तला दी जाती है कि दरखासत बगरज तर्करूर वली आरोही उर्फ़ पाखी, डाबरे मजकूर ने गुजारी है लिहाजा यह इत्तलानामा बमुराद इजहार उजरदारान और दरपेशी मुकदमें बतायून तारीख 8,12,23 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निस्दरखास्त के उजर हो तो अन्दर मियाद मुकरर मजकूर असालतन या वकालतन कब्ल अज 10 बजे सुबह के न्यायालय प्रधान न्यायाधीश मैं हाजिर होकर अपना उजर पेश करें, करावें दरसूरत इन्कजाये मियाद मजकूर सिर्फ उजर आपको किसी सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरखास्त के सादिर होगा। आज दिनांक-9-11-23 को मेरे हस्ता. वा मोहर अदालत के जारी किया गया।

आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अयोध्या की 14 कोसी परिक्रमा संपन्न

## जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अक्षय नवमी पर अयोध्या की 24 घंटे चलने वाली 14 कोसी परिक्रमा सोमवार रात्रि 2ः09 मिनट पर शुरू हुई जो मंगलवार रात 11ः38 पर समाप्त हो गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रही परिक्रमा में लाखों श्रद्धालु उमड़े। जोन और सेक्टरों में बंटे चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गईं थीं। सरयू में स्नान और मंदिरों में दर्शनों के लिए भी तांता लगा रहा है ।14 कोसी परिक्रमा परिधि में नया घाट, नाका हनुमानगढ़ी, सहादतगंज हनुमानगढ़ी और गुप्तार घाट से होते हुए परिक्रमार्थी पुनः नया घाट पहुंच रहे हैं। बता दें कि अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा शुरू होने के बाद 24 घंटे चलती है। इसके पीछे मान्यता है कि परिक्रमा मार्ग पर एक पग चलने भर से पूर्व जन्म के तमाम पाप धुल जाते हैं। इसे वांछित संख्या के अनुसार पूरा करने पर लोगों की मनौतियां भी पूरी होती हैं। अयोध्या की परिक्रमा का महत्व और भी ज्यादा है। यहां की परिक्रमा का अर्थ अयोध्या के पांच हजार से अधिक मंदिरों में विराजमान ठाकुरजी व ऋषियों-मुनियों के स्थलों की परिक्रमा एक ही बार में पूरी कर लेना है। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर किया गया पुण्य अक्षय हो जाता है। मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर लगातार परिक्रमा पथ पर भ्रमणशील रहे।

# डिजिटल तकनीक से दूर होगी किसानों की समस्याः कुलपति

## कृषि विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ, कुलपति ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। ÷कृषि और संबद्ध विज्ञान में डेटा विश्लेषण और निर्णय लेने÷ के विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर किया कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन कृषि उत्पादन में चुनौतियां बढ़ रहीं हैं और इससे निपटने के लिए आधुनिक डिजिटल तकनीक को माध्यम बनाना होगा। ये भौतिक वातावरण की लगातार निगरानी करते हैं। उन्होंने कहा कि जटिल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है।आईसीआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुशील कुमार सरकार ने कहा कि व्यवहारिक फसल डेटा के साथ किसान उगाने के लिए फसल के प्रकार पर निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान एक ऐसी किस्म का चयन कर सकते हैं जो लाभदायक फसल बनाने के लिए वायुमंडलीय परिस्थितियों, बारिश के मौसम और मिट्टीके प्रकार के लिए सबसे उपयुक्त है। इसी क्रम में दिल्ली से आए डा. गौरव जोशी, आईसीएआर के वैज्ञानिक डा. राहुल बनर्जी ने भी डेटा प्रबंधन, वर्णनात्मक विश्लेषण आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम नाहेप के वित्तीय सहयोग से आयोजित हुआ। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। राष्ट्रीय कार्यशाला का संयोजन डा. सुप्रिया ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन कृषि महाविद्यालय द्वारा किया गया।

कृषि महाविद्यालय में संचार कौशल, सॉफ्ट स्किल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुलपति ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वह जीवन में किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विद्यार्थी न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में पास होते हैं बल्कि साक्षात्कार आदि में भी सफलता हासिल करते हैं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ उमेश चंद्र व धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह ने किया। कार्यशाला में 135 छात्र छात्राओं को कौशल विकास, बॉडी लेंग्वेज, रिसूम रीटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### मिल्कीपुर सीएच सी का किया निरीक्षण

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी संजय जैन मिल्कीपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई की खस्ताहाल देख कर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने को कहा। चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया की अस्पताल में स्वीपर नही है इसपर चित्साधिकारी ने कहा हम स्वीपर भेजेंगे। पूछने पर चिकित्साधिकारी ने बतायां की निरीक्षण के दौरान दो तीन डाक्टर व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनका एक दिन का वेतन रोका जाएगा। सी एच सी अधीक्षक को निर्देश दिया की महिलाओ का प्रसव जब हो जाए,उनके घर उन्हे तीसरे दिन भेजना चाहिए इस बीच रख रखाव में कमी नही होनी चाहिए। कहा की आशा बहू व मातृत्व लाभ वाले धन की व्यवस्था तुरंत होनी चाहिए । अधिकारी से बताया गया की सी एच सी में एक्सरे मशीन खराब इस पर उन्होंने कहा की आज जानकारी हुई है लिख कर दे दीजिए ठीक कराया जाएगा। पत्रकारों ने पूछा की डा डी पी यादव का सराय धनेठी में नियुक्ति है बावजूद सी एच सी पर दो कमरे लिए है। इसपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सी एच सी अधीक्षक को निर्देश दिया की कमरा खाली कराया जाय। उन्होंने कहा की चिकित्सक तीन किलोमीटर की परिधि में कमरा लेकर रह सकते है।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी का फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला शव

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** थाना कुमारगंज के सराय धनेठी पूरे बढ़ईन गांव में करीब 14 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन की। मिली जानकारी के मुताबिक गांव निवासी राम औसान की पुत्री कोमल उम्र करीब 14 बर्ष सोमवार को परिवार के साथ खाना खाकर रात में सो गई थी रात में उठी और अपने कमरे में रस्सी के सहारे आत्महत्या कर लिया । सुबह होने पर जब वह नहीं उठी तब उसकी मां उसे आवाज देने लगी बार-बार आवाज देने पर जब कमरा अंदर से नहीं खुला उसके बाद परिजन घबरा गए और गांव के प्रधान व अन्य सम्मानित लोगों को बुलाया। ग्रामीणों ने दरवाजा तोडा और और किशोरी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ देख सन्न रह गए। सूचना मिलते ही थाना कुमारगंज के उप निरीक्षकअभिषेक सिंह कांस्टेबल राहुल सिंह महिला कांस्टेबल फरीन के साथ मौके पर पहुंच कर आसपास निरीक्षण किया और पूछताछ की।

## 14 कोसी परिक्रमा में ट्रस्ट ने लगाया कैंप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** क्लीं साधना पीठ ट्रस्ट द्वारा जमथरा पर लगाया गए कैंप का शुभारंभ महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा पुण्य का कार्य है ।कैंप के द्वारा 14 कोसी परिक्रमा मार्ग में आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा भी डॉक्टर सुषमा त्रिवेदी द्वारा बीमार लोगों का इलाज भी किया गया उनके द्वारा परिक्रमा में आए किसी भी प्रकार से बीमारी से ग्रसित पुरुष महिला की सेवा की गई है ट्रस्ट की अध्यक्ष अवधूतनी गुरु मां हेमा भारती गिरी ने बताया कि यह कैंप कई वर्षों से 14 कोसी परिक्रमा में लगाया जाता है जिसमें आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा इस अवसर पर करुणा पांडेय, गुड़िया त्रिपाठी अखिलेश पांडेय ,सूर्य प्रताप सिंह, पंडित संतोष, शीतलनाथ अघोरी उपस्थित रहे।

# रामनगरी अयोध्या ने विश्व को मर्यादा व अनुशासन की शिक्षा प्रदान की हैः सांसद लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** चौदह कोसी परिक्रमा में सांसद लल्लू सिंह द्वारा अयोध्या में मानस भवन के पास जनौरा व ककरही बाजार में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शिविर लगाया गया। सूर्यकुंड में चाणक्य परिषद द्वारा लगाये गए शिविर की सांसद ने शुरुआत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सांसद का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रामनगरी अयोध्या ने विश्व को मर्यादा व अनुशासन की शिक्षा प्रदान की है। राम के आदर्शो को आत्मसात करके व्यक्ति अपने जीवन को आनंदमय कर सकता है। अयोध्या में परिक्रमा करने से शरीर में आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है। यह आध्यात्मिक उर्जा जीवन के हर मोड़ पर हमें प्रगति की ओर अग्रसर करती है। उन्होने कहा कि श्रद्धालुओं की अपेक्षा पूरी करने के लिए चौदह व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण सरकार के द्वारा किया जा रहा है। रामनगरी को विकसित करने के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गई है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाए प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि मानस भवन व ककरही बाजार के शिविर का उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जनौरा के शिविर का उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय ने किया। मौके पर रवि सोनकर, मनमोहन जायसवाल, राकेश सिंह, बालकृष्ण वैश्य, विकास कुमार, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### तस्कर को 10 माह के कठोर कारावास की सजा

**बाराबंकी।** मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में दोषी पाए गए एक व्यक्ति को न्यायालय ने 10 माह के कठोर कारावास व 3 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बाराबंकी पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप एक तस्कर को सजा हुई। थाना सफदरगंज पर मादक पदार्थ की तस्करी के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त नरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र स्व0 लालजी वर्मा निवासी औलिया लालपुर थाना सफदरगंज को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस) कोर्ट संख्या 10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 माह का कठोर कारावास व 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## 14 कोसी परिक्रमा में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा सेवा शिविर का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में कार्तिक शुक्ल अक्षय नवमी 14 कोसी परिक्रमा में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वावधान में विशाल सेवा शिविर लगाया गया । जिसमें परिक्रमा में आए हुए श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय, प्राथमिक चिकित्सा, दवा वितरण तथा विश्राम करने की सुविधाएं प्रदान की गई । 20 नवंबर को रात्रि 9 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगतगुरू रामानंदाचार्य अवधेशाचार्य जी महाराज, पूर्व मंत्री पंडित तेज नारायण पांडेय (पवन) विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प. अभिषेक मिश्र तथा महंत अजय दास ने भगवान परशुराम तथा आचार्य चाणक्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया । उद्घाटन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रामअनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र , पंडित जय प्रकाश तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वरदत्त मिश्र, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अयोध्या, पंडित राम जी पांडेय , पंडित मुकेश तिवारी महानगर अध्यक्ष अयोध्या, पंडित घनश्याम मिश्र, पंडित सुरेश पांडेय वरिष्ठ सदस्य, पंडित मंगला प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ सदस्य, पंडित अनिल तिवारी, पंडित वीरेंद्र पाठक, पंडित संतोष पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा, पंडित अर्श दूबे, पंडित सूर्यकांत पांडेय, पंडित प्रमोद नारायण तिवारी, पंडित शुभम पांडेय, पंडित अनिल मिश्रा, पंडित विजयकांत उपाध्याय, पंडित राजमणि तिवारी, पंडित राजेश चौबे, पंडित रोहित पांडेय, पंडित राकेश पाठक,पंडित राम नयन पाठक , ब्लाक अध्यक्ष पूरा पंडित धीरेन्द्र पांडेय पंडित मानस तिवारी , पंडित लोकेश द्विवेदी, पंडित राम सेवक मिश्र, पंडित अजित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे ।

# निजी नुकसान पर तिलमिलाकर कोर्ट भागे मौलाना मदनी पसमांदा मुस्लिम के उत्पीड़न पर मौन क्योः वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने हलाल को लेकर जारी विवाद पर मौलाना अरशद मदनी को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि निजी नुकसान होते देख मौलाना मदनी कोर्ट की शरण मे चले गए 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम आबादी आर्टिकल 341 का दंश दशकों से झेलती रही तब उन्हें कोर्ट दिखी ही नही। मौलाना मदनी समाज को समाज का ठेकेदार बनने के बजाए सेकही सेमिनार के जरिए इस मुद्दे पर फैसला लेना चाहिए था पर उन्होंने इसे निजी तौर पर लिया।

उन्होंने कहा कि हलाल का विवाद नया नही है। पतंजलि ग्रुप के मुखिया बाबा रामदेव ने भी मौलाना मदनी का सहारा लेकर अपने उत्पाद दाल को हलाल प्रमाण पत्र जारी कराया था और एक तरह से इस विवाद को हवा देने का काम किया। मकसद बाजार से जमकर कमाई करनी थी। वही मुद्दा एक बार फिर उछला है क्योंकि अब मांस बिक्री से आगे बढ़कर अमूमन सभी उत्पादों को हलाल के दायरे में लिया गया है जिसका साफ मतलब है कि उन वस्तुओं के अलावा अन्य उत्पाद मुस्लिम समुदाय के लिए उपयोग लायक नही। अब इस हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के पीछे के पड़े पर्दे को हटाया जाए तो पता चलता है कि मौलाना अरशद मदनी हलाल कारोबार के सर्वेसर्वा हैं और वह लम्बे समय से इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा ही प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। हुआ यह कि यूपी की योगी सरकार ने हलाल के तहत दिए जा रहे प्रमाण पत्र पर रोक लगा दी है। यानी अब यूपी में हलाल प्रमाणन वाली कोई भी खाद्य उत्पाद व दवाएं स्वीकार नही की जाएंगी। यूपी जैसे सबसे बड़े राज्य में हलाल कारोबार पर चाबुक चलना मौलाना मदनी के लिए बहुत बड़ा झटका है। एक तरह से यह उनका बहुत बड़ा कारोबारी नुकसान है। जिसे वह बर्दाश्त नही कर सके और न्यायालय की शरण मे चले गए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि पहली बात तो यह कि मुस्लिम समाज क्या खाएं और क्या नही, मौलाना मदनी यह न तय करें बल्कि उन्हें तो सेकही सेमिनार करवाकर सबको भरोसे में लेना चाहिए था। दूसरी सबसे अहम बात यह कि खुद के कारोबार को नुकसान में जाते देख मौलाना मदनी ने कोर्ट जाने में देरी नही की, इसके विपरीत देश की 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम आबादी जिस पर कांग्रेस शासनकाल में आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर उसके हाथ पैर जकड़ दिए गए को लेकर कभी आवाज नही उठाई और न ही कभी सरकार से विरोध ही जताया। समान नजरिया रखने की बात तो तब जायज होती जब मौलाना मदनी पसमांदा मुस्लिम पर कांग्रेस द्वारा किये गए जुल्म के विरोध में न्यायालय का दरवाजा खटखटाते पर उन्होंने ऐसा नही किया क्योंकि ऐसा करने से उनका कोई निजी फायदा नही होने वाला था बल्कि फायदा एक बड़ी आबादी का होता पर वह उसका इस्तेमाल न कर पाते। आज जब उनका निजी कारोबारी नुकसान हुआ तो वह तिलमिलाए हुए हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं की भूमिका अहमः अर्चना मिश्रा

## यूपी में मिशन 80 के लिए बीजेपी का युवाओं पर फोकस

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में पार्टी ने युवा वोटर्स पर फोकस करते हुए रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित तैयारी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से युवा वोटर पर फोकस करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के महापर्व में प्रदेश में मिशन 80 को पूरा करने के लिए युवाओं और महिला वोटर्स की भूमिका अहम होने वाली है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यक्रताओं से वोटर चेतना अभियान को सफल बनाने के लिए भागीरथ प्रयास करने का आह्वाहन किया। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि 25 व 26 नवंबर के विशेष अभियान में प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 50 वोट बढ़वाने का लक्ष्य

निर्धारित किया गया है। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का स्वागत एवम आभार ज्ञापित किया।

संचालन शील रत्न मिहिर ने किया। इस अभियान के निमित्त सभी मंडलों के प्रवासी एवम शक्ति केंद्र प्रवासियों के नाम की सूची भी जिला अध्यक्ष ने जारी की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, राम कुमारी मौर्य, अमरीश रावत, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, राकेश पटेल, रचना श्रीवास्तव, सुशील जायसवाल, बृजेश रावत, सीताशरण वर्मा मौजूद रहे।

### महंत की बैंक के बाहर सड़क पर हुई मौत, घटना संदिग्ध

**बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पैसा निकाले गए एक महंत की बैंक के बाहर सड़क पर मौत हो गई। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है हालांकि वह पिछले कई दिनों से बीमार बताए जा रहे। हादसे की जानकारी होने पर परिजनों में रोना पिटना मच गया।

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंगला बाजार के सेवकी पुरवा गांव के रहने वाले सत्तर वर्षीय बुजुर्ग सूरजलाल संकट मोचन बजरंग बली मंदिर के महंत थे। अविवाहित महंत पिछले कई दशकों से यहां की देख रेख करते आ रहे थे। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से उनकी तबियत काफी खराब थी। बुजुर्ग सूरज लाल का बंगला बाजार स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में खाता है। परिजनों के मुताबिक खाते में करीब सत्तर हजार रुपए जमा थे। मंगलवार को उनके भतीजे प्रकाश, राकेश व अन्य परिजन बैंक से पैसा निकालने के लिए उनको ठेलिया से लेकर ग्रामीण बैंक पहुंचे।

## आत्मनिर्भर बनकर स्वयं अपनी रक्षा करें छात्राएंः सीओ

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** छात्राएं स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं तथा मुसीबत पड़ने पर वह किसी से भी मुकाबला कर सकती है।

उक्त बाते मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफदरगंज मे मिशन शक्ति एव आपादा प्रबंधन के तहत आयोजित कार्यक्रम मे सीओ सदर सुमित त्रिपाठी ने कही।

छात्राओं को कई टिप्स देते हुए सीओ ने कहा कि तीन चीजों का विशेष ध्यान रखे शिक्षा, स्वास्थ एवं सुरक्षा।

सीओ ने मौजूद सभी छात्राओं को महिला हैल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी। कहा असुरक्षा महसूस करने पर इन नम्बरों को डायल करें जिससे विपत्ति के दौरान आप लोगों तक मदद पहुंच सके।

कालेज की प्रधानाचार्या डा अर्चना पाण्डेय ने छात्राओं को मानसिक हिसा, भौतिक हिसा, स्कूलों में दुर्व्यवहार, अपमानजनक भाषा के विरूद्ध शिकायत करने की हिम्मत करना, लिग आधारित हिसा आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी और जागरूक किया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है। जिसमें महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण कराया जाता है।

इस मौके पर शक्ति दीदी महिमा पाण्डेय, प्रीति तिवारी, विभा वर्मा, सुनीता यादव ज्योति, नीलम सहित छात्राए मौजूद रही।

# भागीदारी पार्टी की महा रैली को लेकर हुई तैयारी बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** क्षेत्र के ग्राम हरपुर पकड़ी स्थित लिटिल स्टार अकैडमी में 26 नवंबर को गोरखपुर में होने वाली भागीदारी पार्टी की महारैली मे अधिक से अधिक संख्या में लोंगो के पहुचाने के लिए तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

मंगलवार को आयोजित इस तैयारी बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ.महेश चंद्रा प्रजापति ने कहा कि आगामी 26 नवंबर को भागीदारी पार्टी गोरखपुर के रानीडीहा स्थित पीएन पब्लिक स्कूल मे ऐतिहासिक महारैली करने जा रही है।इस महरौली के माध्यम से सरकार को घेरने का काम किया जायेगा। भाजपा,कांग्रेस,बसपा ये एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं इन्हें वोट तो अति पिछड़े,अति दलितों की चाहिए लेकिन उनकी हिस्सेदारी नहीं देना चाहते गोरखपुर लोकसभा में प्रजापति समाज की डेढ़ लाख वोट है इस समाज की वोट सभी पार्टिया फ्री में ले लेती थी किंतु अब यह समाज जाग गया है और पूरा वोट भागीदारी पार्टी के साथ खड़ा हो गया है।पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति ने कहा कि पार्टी उपेक्षित वंचित,शोषित तबके की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने लोगों से महारैली मे भाग लेने की अपील की। इस दौरान भुतपूर्व सैनिक श्याम बिहारी,अजीत प्रजापति, पवन प्रजापति, रईस अली, ओमप्रकाश

भारती, श्रवण प्रजापति, त्रिभुवन प्रजापति, अर्जुन चौधरी, विवेक तिवारी, मोहन प्रजापति सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लघु सिंचाई योजना के तहत लाभार्थियों में वितरित हुआ डीजल पंप

**महराजगंज।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय द्वारा डीजल पंप का वितरण किया गया। लघु सिंचाई केंद्रीय भंडार महराजगंज में किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा आज 99 किसानों को डीजल पंप वितरण का कार्य किया जा रहा है, जो कि बेहद हर्ष का विषय है। कृषि बिना सिंचाई के संभव के नहीं है। उन्होंने प्रगतिशील किसानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृषि एक बेहद कठिन कार्य है और इसमें कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त करना वंदनीय है। यहां पर बृजेश यादव जैसे विश्व रिकॉर्डधारी किसान आए हैं, जो कि हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के श्रमजीवियों को लाभ देने का कार्य शासन द्वारा किया जा रहा है। मा मुख्यमंत्री जी का लक्ष्य भी किसानों को अधिकतम सहायता उपलब्ध कराना और उनकी मेहनत को सम्मान देना है। इसी उद्देश्य से डीजल पंप वितरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत कृषि और गांव प्रधान देश है। अगर हर गांव, हर खेत हर किसान का विकास होगा तो निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। उन्होंने एक्सईएन लघु सिंचाई को ÷पर ड्रॉप मोर क्रॉप÷ की कार्यशाला उद्यान विभाग के समन्वय से आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि किसान आधुनिक सिंचाई विधा से परिचित हो सकें और उसे अपना सकें। इस अवसर पर एक्सईएन लघु सिंचाई श्री हरिओम मिश्रा ने भी किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना से अवगत कराया और उपस्थित किसानों को विभाग की ओर से सभी संभव सहायता का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत कुल 99 किसानों को डीजल पंप का वितरण किया गया।

# हलाल प्रमाणन वाले उत्पादों की बिक्री की जांच

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हलाल प्रमाणन को लेकर यूपी में चल रहे विवाद और इस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद एफएसडीए ने सक्रियता दिखाई है। आज शहर के तमाम प्रतिष्ठानों की जांच की गई हालांकि कहीं भी हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद नही मिले।

बताते चलें कि तमाम उत्पादों पर हलाल प्रमाणन जारी किया गया था जिसके मुताबिक इस प्रमाण के अलावा अन्य उत्पाद मुस्लिम समाज मे प्रयोग के योग्य नही थे। इसकी चर्चा ने विवाद का रूप ले लिया। इसी बीच राज्य सरकार ने हलाल प्रमाणन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया। वहीं जिलों को दिशा निर्देश भी जारी किये गए जिसके तहत आज जिले की एफएसडीए टीम के सदस्यों ने शहर के तमाम बेकरी व अन्य फ़ूड प्रोडक्ट्स बेंचने वाले प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच टीम में शामिल अनिल पाल ने बताया कि किसी भी दुकान पर हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद नही पाए गए।

## ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**उस्का बाजार अवधनामा संवाददाता।** 31वें बेसिक बाल क्रीड़ा व शैक्षणिक समारोह में क्रीड़ा प्रतियोगिता में कंपोजिट परसा खुर्द का दबदबा रहा तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूमावि चुरिहारी ने बाजी मारी। कंपोजिट विद्यालय उस्का बाजार के प्रांगण में मंगलवार को आयोजित हुई प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर के बालिका वर्ग में परसा खुर्द की सानिया प्रथम व मरजीना द्वितीय रही। 100 मीटर में परसा खुर्द की सानिया ने चौबाहेडीह की ज्योति को पीछे छोड़ दिया। बालक वर्ग में परसा खुर्द के सचिन सबसे आगे रहे। इसी विद्यालय के नितिन द्वितीय रहे। जूनियर स्तर में पीटी प्रदर्शन, एकांकी, अंत्याक्षरी में चुरिहारी ने बाजी मारी। जूनियर बालिका वर्ग में कबड्डी में भिटिया ने परसा खुर्द को मात दिया। खोखो बालक व बालिका वर्ग दोनों में ही परसा खुर्द विजयी रही। 100 मीटर बालक वर्ग के दौड़ में कंपोजिट उस्का बाजार के कृष्णा लोधी सबसे तेज दौड़े। परसा खुर्द के मुकेश द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में परसा खुर्द की प्रीति यादव ने बाजी मारी। इसके पूर्व प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान ने ध्वजारोहण कर किया। गत वर्ष की चैम्पियन प्रीति यादव ने मशाल लेकर पूरे मैदान का चक्कर लगाई। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने कहा कि सभी को स्वस्थ खेल भावना से खेलकूद में हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम में ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुभाष जायसवाल सहित रूपेश सिंह, अभय श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, रामसेवक गुप्ता, गुलाम जिलानी, राकेश सिंह, शिवपाल, अभिषेक, अतुल, रीतेश, रामानंद, प्रदीप, उमेश, बालजीत, अशोक, आकाश, राजीव, मनोज आदि मौजूद रहे।

# सुबाष यदुवंशी को भाजपा ने यूपी के पश्चिमी क्षेत्र का प्रभारी किया घोषित

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ, सिद्धार्थनगर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर के विधान परिषद सदस्य रहे युवा नेता सुबाष यदुवंशी को भाजपा ने यूपी के पश्चिमी क्षेत्र का प्रभारी घोषित किया है। जिससे सिद्धार्थनगर जनपद के ग्राम प्रधान, बीडीसी सहित तमाम समर्थको मे खुशी की लहर है।

सिद्धार्थनगर जनपद के प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष और एमएलसी सुबाष यदुवंशी के प्रतिनिधी रहे डा.पवन मिश्र ने बताया कि सुभाष यदुवंशी का जन्म उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के कचनी ग्राम में एक संयुक्त किसान परिवार में हुआ था। सुभाष यदुवंश ने शुरुआती शिक्षा गाँव के प्राइमरी पाठशाला से करने बाद आगे की पढ़ाई बस्ती जिले मे ही स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से हुई फिर इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी करते हुए UPSEE की परीक्षा पास कर प्रदेश के तीसरे सबसे प्रतिष्ठित मदन मोहन मालवीया इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में दाखिला लिये। बाल्यकाल से ही स्वंय सेवक रहे सुभाष यदुवंश ने कॉलेज में भी बीटेक के प्रथम वर्ष से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इंजीनियरिंग कॉलेज के इकाई का गठन किया। टेक्निकल स्टूडेंट विद्यार्थी परिषद में कार्य करते हुए हज़ारों इंजीनियर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जोड़ा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभिन्न अभियानों एवं आंदोलनो का नेतृत्व किया। इंजीनियरिंग समाप्त होने के बाद एवं कई नोकरियों को छोड़ने के बाद सन 2002 में दिल्ली में IES ACADEMY नामक संस्थान की स्थापना की जो कि IES अकादमी देश मे IES,GATE ,PSU की तैयारी करने वाले सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक है। पहली बार 2006 में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजयुमो धर्मेंद्र प्रधान जी की टीम में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य का दायित्व मिला इसके बाद 2006 से 2013 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं पदाधिकारी के रूप में कार्य किये। इस दौरान युवा मोर्चा के उत्तराखंड प्रभारी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, राष्ट्रीय सदस्यता प्रमुख सहित विभिन्न दायित्वों पर कार्य किया। 2013 से 2015 तक शिक्षण संस्थान सदस्यता प्रमुख, YES I M 18 जैसे विभिन्न अभियानों का कुशलता पूर्वक नेतृत्व करते हुए 2016 में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रहे केशव मौर्य की टीम में भाजपा प्रदेश मंत्री का दायित्व मिला। प्रदेश मंत्री का दायित्व रहते हुए सुभाष यदुवंश ने विभिन्न अभियानों के नेतृत्व किया जैसे तिरंगा यात्रा के प्रदेश सह प्रभारी, नव मतदाता अभियान का प्रदेश प्रभारी, विधानसभा चुनाव के पूर्व पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के अंतर्गत सर्वाधिक सभाओं को संबोधित के साथ रमा बाई मैदान लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सबसे बड़ी रैली का सह प्रभारी, प्रभारी चुनाव कार्यक्रम विभाग विस्तारक योजना का सह प्रभारी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रदेश प्रभारी जिसके अंतर्गत लगभग 14 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता किसी गैर सरकारी संस्था द्वारा सबसे बड़ी प्रतियोगिता मानी जाती है। नगर निकाय चुनाव प्रचार प्रमुख, सहकारिता चुनाव गोरक्ष क्षेत्र प्रभारी, सह प्रभारी मिलेनियम वोटर्स अभियान के तहत कार्य किये फिर 9 फरवरी 2018 को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय की टीम में भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा के रूप में 104 कार्यक्रमो द्वारा पूरे देश के पटल पर युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश की छवि को उतारा फिर 22 अगस्त 2020 से पुनः भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष स्वन्त्र देव सिंह की टीम में प्रदेश मंत्री के रूप जिला पंचायत चुनाव ब्रज प्रभारी सहित दर्जनों अभियान के संयोजक रहे।

## नई पेंशन में चयन के लिए मतदान करवाया गया

**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** बहादुरपुर विकासखंड के बीआरसी नगर में मंगलवार को पुरानी पेंशन और नई पेंशन में चयन के लिए शिक्षकों का मतदान करवाया गया, जिसमें पुरानी पेंशन के पक्ष में सत प्रतिशत मतदान हुआ। पुरानी पेंशन और नई पेंशन में चयन के लिए कराए जाने वाले मतदान में सुबह से ही शिक्षकों का जमावड़ा बीआरसी पर लगना शुरु हो गया। मतदान अधिकारी आनंद दुबे पर्यवेक्षक हरीश प्रसाद चौधरी अध्यक्ष रीता शुक्ला और आशुतोष पांडे के द्वारा मतदान कराया गया जिसमें सत्य प्रतिशत शिक्षकों ने पुरानी पेंशन के पक्ष में मतदान किया। बताती चली की पुरानी पेंशन को पाने के लिए शिक्षकों सहित सभी प्रदेश के कर्मचारी लगातार आंदोलनरत है। सरकार भले ही नई पेंशन योजना की लाख अच्छाइयां बता रही हो लेकिन शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना बुढ़ापे की लाठी जैसी प्रतीत होती है, शिक्षक किसी भी कीमत पर पुरानी पेंशन पानी के लिए आंदोलित है।

## निकाली गई यातायात जागरूकता रैली

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कपिलवस्तु नगर पंचायत स्थित हथिहवां में मथुरा प्रसाद चौधरी ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात माह में जागरूकता रैली निकाली गई। कपिलवस्तु थानाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर आगे बढ़ाया। रैली को हथिहवां स्कूल से चैनपुर चौराहे तक ले जाया गया। लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। बच्चों ने दुर्घटना से, देर भली। आप कीजिए अपनी रक्षा, तभी होगी परिवार की सुरक्षा का नारा लगाया। प्रधानाचार्य राम अवतार चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग, वाहन के निर्धारित गति, सीट बेल्ट बांधना, ड्राइविंग लाइसेंस होना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करना, यातायात नियमों का पालन करना, 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु जागरूक किया। कपिलवस्तु थाना अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार प्रधानाचार्य राम अवतार चौधरी प्रबंधक सविता चौधरी एवं अध्यापकगण प्रिंस, शत्रुघन, सर्वजीत, सुरेंद्र मुलायम, उमेश, मनोज, उर्मिला, सुरभि, प्रियंका, ईशानी, अंजलि, ज्योती आदि छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# होम्योपैथी के सिरमौर सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉक्टर भास्कर शर्मा से खास बातचीत

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ भास्कर शर्मा से खास बातचीत।

**प्रश्न-** चिकित्सा के क्षेत्र में आपके पास कौन-कौन सी डिग्री है?

**उत्तर-** मेरे पास होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की विश्व की सबसे बड़ी डिग्री है। बीएचएमएस,एमडी (होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका) पीएचडी (होम्योपैथिक)

**प्रश्न-** आपने होम्योपैथिक चिकित्सा में अपना रजिस्ट्रेशन किन-किन जगहों पर कराया है और रजिस्ट्रेशन नंबर कितना है?

**उत्तर-** मेरा रजिस्ट्रेशन होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड उत्तर प्रदेश में जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर H028 454 तथा केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद नई दिल्ली भारत सरकार में 2539 है

**प्रश्न-** अभी तक आपने कितने पुस्तकों का लेखन किया है तथा समाज में इसका क्या प्रभाव रहा है?

**उत्तर-** मैंने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की 156 पुस्तकों का लेखन किया है हमारी प्रकाशित पुस्तकों के द्वारा समाज में जागरूकता उत्पन्न हुई है लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए और समय रहते अपने इलाज के लिए तत्पर हुए हैं।

**प्रश्न-** आपने अब तक कितने निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर चुके हैं?

**उत्तर-** सैकड़ो निशुल्क चिकित्सा शिविर का लगा चुका हूं। विभिन्न स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने से वहां के स्थानीय लोगों को जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं उन्हें तत्काल सुविधा मिली।

**प्रश्न -** क्या आपका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है किसके लिए दर्ज है?

**उत्तर-** मेरा नाम होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में लार्जेस्ट होम्योपैथी लेशन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। विश्व का एकमात्र चिकित्सक हूं जो मेरा नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में होम्योपैथी के क्षेत्र में दर्ज है। इससे विश्व के तमाम देशों में स्वास्थ्य के प्रति कार्य करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई जिसमें श्रीलंका, जापान, जर्मनी, लंदन, कंबोडिया आदि इत्यादि देशों में एक सकारात्मक संदेश गया। इसके अलावा वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक, इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है।

**प्रश्न-** आपने होम्योपैथिक चिकित्सा की कौन-कौन सी पुस्तकों का लेखन किया है। कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों का नाम बताएं ?

**उत्तर-** टेक्स्ट बुक ऑर्गनॉन ऑफ़ होम्योपैथिक मेडिसिन,होम्योपैथिक रिपोर्टरी एंड केस टेकिंग, होम्योपैथिक फार्मेसी, प्रैक्टिस ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, द ह्यूमन एनाटॉमी, द ह्यूमन फिजियोलॉजी,जनरल पैथोलॉजी, होम्योपैथिक साइकोलॉजी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, टेक्सबुक ऑफ़ बायोकेमेस्ट्री, होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका भाग 1 भाग 2 भाग 3, होम्योपैथिक थैरेपीयूटिक्स,कैंसर एंड होम्योपैथी, होम्योपीडिया मैटेरिया मेडिका,

**प्रश्न-** आपके द्वारा होम्योपैथी में कोई शोध पत्र भी प्रकाशित किया गया है?

**उत्तर** - जी हां मेरे विश्व के टॉप रिसर्च जर्नल पबमेड, स्कोपस, पीर रिव्यूड, यूजीसी केयर रिसर्च जर्नल में मेरे 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

**प्रश्न** - होम्योपैथी क्या है?

**उत्तर-** होम्योपैथी शब्द का अर्थ है समान पीड़ा। जब एक स्वस्थ व्यक्ति को औषधीय रूप से प्रेरित पदार्थों की उच्च खुराक दी जाती है, तो वे कुछ लक्षण विकसित कर सकते हैं। होम्योपैथिक दवा या होम्योपैथी इस आधार पर काम करती है कि जब एक ही पदार्थ को पतला किया जाता है, तो वे विभिन्न कारणों से उत्पन्न होने वाले समान लक्षणों के उपचार में मदद करते हैं।

होम्योपैथिक दवाएं रोगाणुओं पर हमला करने के लिए नहीं जानी जाती हैं, बल्कि रोग के कारण से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती हैं। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के अलावा, होम्योपैथिक दवाएं रोगी के मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण को बढ़ावा दे सकती हैं, जो उपचार का एक अनिवार्य हिस्सा है।

**प्रश्न-** क्या होम्योपैथिक दवाओं का साइड इफेक्ट होता है?

**उत्तर-** होम्योपैथी एक पूरी तरह सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है। एलोपैथी के तरह इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। अंग्रेजी मेडिसिन में आप जिस भी बीमारी के इलाज के लिए जिस भी दवा का सेवन करते हैं, उसका कोई न कोई साइड इफेक्ट जरूर होता है। ट्यूबरकुलोसिस की दवा टीबी का इलाज तो करती है, लेकिन साथ ही लिवर पर भी नकारात्मक असर डालती है। माइग्रेन के लिए ली जा रही दवा का साइड इफेक्ट ये है कि ये रक्त को पतला करती है। किसी भी तरह के दर्द के लिए हम जो पेनकिलर लेते हैं, वो पेनकिलर शरीर की इम्युनिटी को कमजोर कर रहा होता है लेकिन होम्योपैथी के साथ ऐसा नहीं है इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह दवा सिर्फ उस बीमारी और कष्ट का ही निवारण करती है, जिसके लिए वह दी जा रही है।

**प्रश्न-** क्या होम्योपैथी द्वारा सभी रोगों का इलाज किया जा सकता है?

**उत्तर-** चिकित्सा की किसी भी अन्य प्रणाली की तरह, होम्योपैथी की भी अपनी सीमाएँ हैं। होम्योपैथी द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज किया जा सकता है सिर्फ ऐसे मामलों के सिवाए जिसमें शल्य-चिकित्सा की आवश्यकता है। इसके अलावा, कुछ तथा-कथित शल्य-चिकित्सीय रोग जैसे कि बढ़े हुए टॉन्सिल, किडनी स्टोन, बवासीर, गर्भाशय के ट्यूमर इत्यादि का भी होम्योपैथी द्वारा इलाज किया जा सकता है।

**प्रश्न-** होम्योपैथी गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है?

**उत्तर** - होम्योपैथिक दवाएं अपनी प्रकृति में चूंकि आक्रामक नहीं होतीं, इसलिए यह गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, शिशुओं और बुजुर्गों के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। कमजोर शरीर पर इनका कोई नकारात्मक असर नहीं होता।

**प्रश्न** -होम्योपैथिक दवा कितने दिन में काम करता है?

**उत्तर-** होम्योपैथिक दवाओं के असर करने का समय कई कारकों पर निर्भर करता है। अगर रोग की हाल ही में उत्पत्ति हुई है तो इलाज कम समय में ही पूरा किया जा सकता है। ऐसे में, अगर दवा का चयन, प्रभावशीलता एवं पुनरावृत्ति का समय सही हो तो होम्योपैथिक दवाएं जल्द असर करती हैं।

**प्रश्न-** क्या यह सच है कि होम्योपैथिक इलाज के दौरान चाय, प्याज, लहसुन आदि का सेवन करना मना होता है?

**उत्तर-** नहीं यह सच नहीं है, होम्योपैथिक इलाज के दौरान प्याज, लहसुन, चाय, कॉफी, पान इत्यादि का सेवन करना मना नहीं होता है।

**प्रश्न-** क्या मधुमेह के रोगी ऐसी होम्योपैथिक दवाओं का सेवन कर सकते हैं जिसमें चीनी होती है?

**उत्तर**-हाँ, मधुमेह के रोगी चीनी युक्त होम्योपैथिक दवाओं का सेवन कर सकते हैं क्योंकि इन दवाओं में चीनी की मात्रा बहुत कम होती है। जरूरत अनुसार, यह दवाइयां आसुत जल के साथ भी ली जा सकती हैं।

# दो दिवसीय बाल क्रीड़ा का हुआ आयोजन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र रामनगर की दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर श्री रयाजुद्दीन की अध्यक्षता में जयराम जनता इंटर कॉलेज रामनगर में संपन्न हुई ।बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कबड्डी में रामनगर की टीम विजेता व मंसूरगंज की टीम विजेता रही ।50 मीटर दौड़ में अर्पित प्रथम जावेद द्वितीय गोपाल तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में अर्पित प्रथम शाहनवाज द्वितीय व हिमांशु तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में अर्पित प्रथम अभिषेक द्वितीय वी जावेद तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम अर्पित द्वितीय व अभिनंदन तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो में मरौचा न्याय पंचायत की टीम प्रथम व मकरही की टीम द्वितीय स्थान पर रही ऊंची कूद में शाहनवाज प्रथम, अभिनंदन द्वितीय, अंशुमान तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कबड्डी में रामनगर की टीम विजेता व मकरही की टीम उपविजेता रही। 50 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम प्रिया द्वितीय व अंशिका तृतीय स्थान पर रही।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी पवन अग्रवाल का प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल की उपस्थिति में स्काउट × गाइड की कलर पार्टी द्वारा स्वागत किया गया। समिति की बैठक का शुभारम्भ अध्यक्ष द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य द्वारा अध्यक्ष एवं समिति के अन्य सम्मानित सदस्य गणों का विद्यालय के स्कूल कप्तान, पंकज मद्देशिया (कक्षा-12) एवं विधि द्विवेदी (कक्षा-12) द्वारा हरित स्वागत किया गया तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पीपीटी के माध्यम से विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों एवं आवश्यकताओं पर विस्तार पूर्वक तार्किक रूप से रखी गयी विद्यालय की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के विकास हेतु आवश्यक कार्यों को पूर्ण करवाने का अनुमोदन एवं अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय हित में अन्य सभी सुझाओं का आमंत्रण रहा। बैठक में राकेश मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ. नलिनी कान्त मणि त्रिपाठी, प्राचार्य शिवपति इंटर कॉलेज, शोहरतगढ़, अनिरुद्ध कुमार मौर्य, सहायक अध्यापक एवं लोक गायक, अभिभावक श्रीमती प्रियंका, प्रदीप पाण्डेय, सिद्धार्थ सौरभ, उपायुक्त वाणिज्यकर, ए.आर.खान, पोस्ट मास्टर, आलोक कुमार, एवं शिक्षक बन्धुओं की मौजूदगी रही।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु बॉक्स में डाले गए सहमति पत्र

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आवाहन पर जनपद शाखा के सभी विकास खण्डों सहित विकास भवन में पुरानी पेंशन बहाली हेतु सहमति पत्र बॉक्स में डाले गए। बुधवार को भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से सहमति पत्र एकत्र कराए जाएंगे। इन सहमति पत्रों को प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर पहुंचाया जाएगा। 25 नवंबर को सहमति पत्रों के साथ प्रदर्शन कर प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा प्रेस वार्ता की जाएगी। विकास भवन में बस्ती मंडल के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति एवं अनिल सिंह जिला संयोजक पुरानी पेंशन वाली संयुक्त मंच जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में सहायक विकास अधिकारी अंबरीश यादव, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, मनोज पाण्डेय, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश यादव, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अश्वनी पाठक , राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं मंत्री सुशील त्रिपाठी, राकेश कुमार, शिवम श्रीवास्तव सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने अपने-अपने सहमति पत्र बॉक्स में डालें। मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार पुरानी पेंशन के स्थान पर एनपीएस के लाभ कर्मचारी एवं शिक्षकों को बता रही है, लेकिन विधायक, सांसद व मंत्री स्वयं पुरानी पेंशन ले रहे हैं। यह कहां का न्याय है। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच की मांग है कि एनपीएस को वापस लेते हुए पुरानी पेंशन योजना की बहाली की जाए यदि केंद्र सरकार जल्दी ही पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो आगामी माह में बड़े स्तर पर कर्मचारी संगठन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में प्राचार्य प्रो शेफ़ाली सिंह के दिशा निर्देश में आज दिनाँक 21/11/2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को कौमी एकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई।

# अक्षय नवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ भण्डारे का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** विकास खण्ड़ जहांगीरगंज अन्तर्गत श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी मुमुक्षु आश्रम थान्हेश्वरम इन्दौर पुर उर्फ घिनहापुर मन्दिर परिसर में अक्षय नवमी का व्रत विधि-विधान के साथ आंवले के पेड़ के नीचे मन्दिर के पुजारियों द्वारा किया गया। मालूम हो अक्षय नवमी पर मन्दिर में श्रद्धालुओ की उमड़ी भीड़ को भंडारे का वितरण किया गया।

क्षेत्रीय एवं दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा कर प्रसाद और भंडारा का भोजन ग्रहण किया। अक्षय नवमी का व्रत विधि-विधान के साथ आंवला के पेड़ के नीचे पंडित द्वारा पूजा पाठ कर मनाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री 1008 सत्यव्रत ब्रह्मचारी जी महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को अक्षय नवमी के रूप में मनाया जाता है। पुजारी ने कहा कि आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु सहित कई देवी देवताओं का वास होता है सतयुग का आरंभ इसी दिन को माना गया है। इसी दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने का विधान है। ऋग्वेद और आयुर्वेद में भी आंवले के फल का प्रयोग करने से मानव शरीर को आरोग्य प्रदान करता है बताया गया है साथ ही आंवला के प्रयोग से मानव शरीर में प्रतिरोधक क्षमता में व्यापक रुप से बढ़ोतरी होती है। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी मनोज जायसवाल, पवन कुमार द्विवेदी, पुजारी दीनदयाल यादव, गुलाब यादव, सुभाष यादव, सुरेंद्र यादव, सचिन यादव, विकास ग्राम प्रधान महेंद्र यादव, राधेश्याम बर्मा, अर्जुन यादव, सोमनाथ, अनिल कुमार, शिवानंद, थाना राजेसुल्तानपुर की पुलिस सहित मंदिर के पुजारी व सहयोगी कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सयुंक्त सचिव सुश्री मधुमिता दास की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 15 नवंबर, 2023 से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के सम्बन्ध में सयुंक्त सचिव, केन्द्रीय श्रम एवं सेवायोजन विभाग, भारत सरकार सुश्री मधुमिता दास की आध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने, यात्रा में संभावित लाभार्थियों का चयन और जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर होगा। यात्रा में प्रचारित की जा रही योजनाओं में आयुष्मान भारत PM-JAY पीएम बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व ), जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम, नैनो उर्वरक आदि, स्वयं सहायता समूहों को संगठित करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा में आईईसी वैन (सूचना, शिक्षा और संचार) के द्वारा राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर प्रमुख योजनाओं, हाइलाइट्स और उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले ऑडियो विजुअल, ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट और फ्लैगशिप स्टैंडीज़ के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। जनपद में प्रचार-प्रसार हेतु 9 एल.ई.डी. वैन प्राप्त हुई है। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो पात्र केंद्र व राज्य सरकार की योजना से वंचित है उन्हें लाभ नहीं मिला है ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा में प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रारंभिक फ़िल्म प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी योजनाओं के सफल लाभार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे, सतत कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा,महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ श्धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत, आदि,ऑन स्पॉट क्विज़ (स्थानीय प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उपलब्धी हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाडियों आदि का अभिनंदन और पुरस्कार, ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न भूमि रिकॉर्ड का 100: डिजिटलीकरण, ओडीएफ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि, ऑन-स्पॉट सेवाएं - स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, कार्यक्रम के सम्पूर्ण पीएम उज्ज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, केसीसी, पीएम किसान योजना में नया अवधि में कार्यक्रम में 18 साल तक के बच्चों को भी जोड़ा जाएगा उनसे विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में या अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी ली जाएगी जो अच्छे प्रश्नों का उत्तर देंगे उन्हें यात्रा के दौरान सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर पांच स्टाल लगाए जाएं जिसमें पेंशन योजना, कृषि, बैंकिंग, स्वास्थ्य, स्वयं सहायता समूहों जैसे महत्

## पीएम स्वनिधि योजना

स्ट्रीट वेन्डरो को आत्म निर्भर बनाने के लिये मोदी सरकार ने जून 2020 में इस योजना की शुरूआत की थी। योजना के अन्तरगत 50,000 रूपये का कर्ज बिना गरन्टी और प्रतिभूति के दिया जाता है। कर्ज को 10,000, 20,000 और 20000 के तीन किस्तो में दिया जाता है। पहली किस्त अदा कर देने के बाद ही दूसरी और तीसरी किस्त मिलती है। ताकि कर्ज एनपीए में न चला जाये। नियमित रूप से कर्ज अदा करने वालो को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सीडी भी मिलती हैं। डिजिटल लेने देन को बढ़ावा देने के लिये हर साल कर्जदार को 1200 तक का कैश बैक देने का प्रावधान है। अब तक 9100 करोड़ रूपये 70 लाख ऋण खातो में तीन किस्तो के रूप में आद किया जा चुका है। सरकारी बैंक इस योजना में उल्लेखनीय सहयोग दे रहे है। सरकार नें पहली किस्त यानी 10,000 रूपये 50 50 लाख स्ट्रीट बेन्डरो को देने का मन बनाया था पर इस ऋण की मांग ज्यादा बढ़ गई तो लक्ष से ज्यादा 106 प्रतिशत कर्ज वितरित हुआ।

योजना की सफलता से उत्साहित हो पुराने लक्ष को संशोधित कर दिया गया। 50 लाख वेन्डरों की जगह 63 लाख वेन्डरों को पहली किस्त का कर्ज देने का निर्णय लिया गया। इस तरह दूसरी और तीसरी किस्त मिला कर दिसम्बर 2023 तक 88.5 लाख वेन्डरों को कर्ज देने का लक्ष निर्धारित किया गया। स्वनिधि योजना से लाभान्वित में 75 प्रतिशत गैर सवर्ण है, पिछले वर्ग का प्रतिशत 44 है, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत 22 है। इस तरह समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व दिखायी दे रहा जो समावेशी विकास की राह पर चल रहा है। देश समावेशी विकास से ही प्रगति करते है और यही आदर्श समाज और विकास माना जाता है।

इस योजना से लाभाविन्त हो रहे लोगो का उम्र के लिहाज से विश्लेषण करे तो इसमें सभी आयु के लोगो का समावेश पाते है। 26 से 45 वर्ष की आयु वालो की संख्या सवा दो तिहाई है। 18 से 45 वर्ष की आयु वालो की संख्या लोगो की संख्या का चौथाई है। लाभार्थियों की औसत आयु 41 वर्ष है। इन आकड़ों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि समाज के कमजोर वर्ग, महिला, जवान और बूढे सभी इस योजना की मदद से सभी आर्थिक रूप से सबल बनने की कोशिश में लगे है और तुलनात्मक दृष्टि से सबल हो भी रहे है। क्योकि कर्ज पाने के बाद डेबिड कार्ड से खर्च करने वालो के प्रतिशत में 2021 के मुकाबले में 2023 में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी है जो प्रगतिशील समाज का सूचक है। मतलब लोगो का स्टैन्डर्ड उन्नति की ओर है। यह देश, सरकार, समाज के लिये सन्तोष और प्रसन्नता के कारक है। योजना शुरू होने के दो साल के अन्दर ही औसत खर्च 28000 रूपये की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इस योजना से लाभान्वित हुये लोगों द्वारा डेबिट कार्ड से 2021 में 51672 रूपया खर्च किया गया और 2022 में 60974 रूपये, 2023 में 79370 रूपये और वित्त वर्ष के अगस्त महीने तक 32555 रूपये खर्च किये गये। इन आकड़ों से स्पष्ट मास होता है कि स्वनिधि योजना से इससे लाभान्वित लोगो में आत्मनिर्भता दिनो दिन बढ़ रही है। स्वस्थ्य समाज के आर्थिक स्वास्थ्य का यह सूचक है और सरकार के सफलता का भी योजना की वजह से बेन्डरों में खर्च करने की प्रवृत्ति बढ़ रही साथ ही डिजिटल लेने देन की आदत बन रही है। अब इनके द्वारा आनलाइन खरीददारी भी की जाने लगी है। कैश बैक प्वाइन्टस डेविट कार्ड से लेनदेन से मिलने वाले छूट आदि का लाभ उठाने के अभ्यस्त होते जा रहे है वेन्डर। पीएम स्वनिधि डैश बोर्ड के अनुसार 5.9 लाख कर्जदार बड़े शहरों के वासी है। बाकी दुसरे शहरों के निवासी है। बनारस रूप से खर्च कर रहे है। देश भर की तुलना में यह प्रतिशत सबसे अधिक है। दूसरे स्थान पर बेगलुर तीसरे स्थान पर चन्नई, और चौथे स्थान पर प्रयागराज है। डेबिड कार्ड से यह भी पता चलता है कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ छोटे शहरों का भी मिल रहा है।

इसका फायदा यह दिखता है कि कामकी तलाश में छोटे शहरों के कामगारों को बड़े शहरों की ओर मामने की प्रवृधी में कमी आयेगी धीरे-धीरे शहर भी बड़े शहर में तब्दील हो जायेगे। स्वनिधि योजना से ऋण प्राप्त करने वालो का रोजगार दिन ब दिन सशक्ति हो रहा है, ऋण वितरण का यह भी एक उद्देश्य था जो सफल होते दिख रहा है। अब लोग बुनियादी जरूरतों से निजात पा अन्य मदों में भी खर्च करने लगे है। यह उनके सम्पन्नता की ओर बढ़ाने का सूचक है। इन लोगों की वजह से क्रेडिट कार्ड में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई हैं। पिछले नौ सालो में 30 प्रतिशत ऐसे लाभार्थी है जिन्होंने पहली बार बचत खाता खुलवाया है। पर पहली बार कर्ज की सुविधा पा रहे है। नियमित लेनदेन करने वालो की ओवर ड्राफ्ट की सुविधा भी दी गयी है। इससे कमजोर वर्ग अपनी आर्थिक हालत सुधारने में लगे हुये हैं और उन्हें सुधार मिल भी रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना की तरह 42 प्रतिशत नये खाते प्रधानमंत्री जनधन योजना की तहत खुले है। उस तरह के सरकारी प्रयासों से समाज का कमजोर वर्ग मुख्यधारा में शामिल होता जा रहा है। सरकार तथा मुल्क की सफलता के ये मानक है। उम्मीद है यह धारा उत्तरोत्तर बढ़ती जायेगी। क्योकि सरकार कोई भी आये सबक अभिष्ट यही रहता है। यह देश आगे बढ़े।

## समय का एक एक क्षण महत्वपूर्ण

**संजीव ठाकुर**

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब'प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है ÷का वर्षा जब कृषि सुखावे,÷ इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया हैद्य समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

इतिहास के पन्ने पलटे तो साल 2003 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय हासिल हुई थी। इससे अति आत्मविश्वास में भरकर अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने लोकसभा भंग कर जल्दी चुनाव करवा दिए किंतु निराशा हाथ लगी और दस साल तक भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गई। लेकिन इसका उल्टा देखने को मिला साल 2018 में जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने सरकार बनाई किंतु कुछ महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को इन राज्यों में जबरदस्त सफलता मिली।

# विधानसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे भविष्य की राजनीति

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव जारी हैं। पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में मतदान हो चुका है। राजस्थान में 25 नवंबर और दक्षिण भारत के राज्य तेलगांना में 30 नवबंर को वोटिंग हैं। अगले साल देश में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में इन पांच राज्यों के नतीजे देश की राजनीति पर असर डालेंगे। खासकार हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के नतीजे का असर भविष्य की राजनीति पर ज्यादा देखने को मिलेगा। इन तीन राज्यों से लोकसभा के 65 सांसद चुनकर संसद में पहुंचते हैं। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि गुजरात और उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा में अगर भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिलीं थीं तो वो इसी इलाके से मिलीं थीं।

राजेश माहेश्वरी

तीन दिसंबर को पांचों राज्यों के परिणाम एक साथ घोषित होंगे। ऐसे में हिंदी पट्टी के विधानसभा के चुनावों के नतीजों पर पूरे देश की नज़र रहेगी क्योंकि इनके परिणाम आते ही आने वाले लोकसभा के चुनावों में क्या कुछ होगा इसके कुछ तो संकेत मिलने लगेंगे। तो क्या ये मान लिया जाए कि इन राज्यों के परिणामों से समझा जा सकेगा कि आम चुनावों में ऊंट किस करवट बैठ सकता है? लेकिन यह तय है कि विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष बदले हालातों के हिसाब से लोकसभा के लिए रणनीति बनाएगा।

इतिहास के पन्ने पलटे तो साल 2003 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय हासिल हुई थी। इससे अति आत्मविश्वास में भरकर अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने लोकसभा भंग कर जल्दी चुनाव करवा दिए किंतु निराशा हाथ लगी और दस साल तक भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गई। लेकिन इसका उल्टा देखने को मिला साल 2018 में जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने सरकार बनाई किंतु कुछ महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को इन राज्यों में जबरदस्त सफलता मिली। इन दो उदाहरणों से ये साबित हुआ कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मतदाता एक ही पार्टी या गठबंधन को समर्थन दें ये जरूरी नहीं है। अनेक राज्यों के मतदाताओं ने राज्य और केंद्र की सरकार लिए अलग-अलग दलों को वोट देकर ये संदेश दिया कि उन्हें अपने वोट का समुचित उपयोग करने की भरपूर समझ है।

ये देखते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मौजूदा विधानसभा चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव की रिहर्सल मान लेने पर भिन्न दृष्टिकोण हो सकते हैं। इन तीनों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। यद्यपि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और आम आदमी पार्टी भी मैदान में कुछ सीटों पर लड़ रही हैं लेकिन उनकी

अहमियत तभी रहेगी जब उनके कुछ विधायक जीतें और त्रिशंकु विधानसभा बने। 2018 में म.प्र में ऐसा हुआ भी। लेकिन जो संकेत आए हैं उनके अनुसार तीनों राज्यों में जो भी सरकार बने उसके पास स्पष्ट बहुमत होगा।

वहीं ये चुनाव नतीजे भाजपा और कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा तो तय करेंगे ही वहीं कई अन्य दलों का भविष्य भी ये चुनाव तय करने वाले हैं। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के बाद आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश की है। आप ने 66 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, इस बार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच गठबंधन से दोनों दलों को लाभ-हानि इनकी आगे की दिशा तय करेगी। पहली बार भीम आर्मी यानी आजाद समाज पार्टी, कांशीराम ने भी 86 सीटों पर प्रत्याशी उतारे। आजाद समाज पार्टी की पैठ भी अनुसूचित जाति वोटरों के बीच है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में बसपा को पांच प्रतिशत से अधिक मत मिलते रहे हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को दो सीटों पर जीत मिली थी। बसपा और जीजीपी के गठबंधन के बाद दोनों में किसे-कहां लाभ होता है, इसी आधार पर दोनों की आगे की दिशा तय होगी।

कांग्रेस को उम्मीद है कि मध्य प्रदेश की सत्ता भाजपा से छीन लेने के साथ ही वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाए रखने में कामयाब हो जायेगी। दूसरी तरफ भाजपा मध्य प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा पालने के साथ ही राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने तथा छत्तीसगढ़ में 2018 से बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। दोनों का आशावाद उनके अपने आकलन पर आधारित है लेकिन जो बात जनता के बीच से निकलकर आ रही है उस पर यकीन करें तो इस विधानसभा चुनाव के परिणामों का आगामी लोकसभा चुनाव पर असर पड़ने की संभावना बहुत ज्यादा नहीं हैं। हालांकि जो लोक लुभावन घोषणाएं विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की तरफ से की गईं उनसे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं।

अगर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन रहता है या वो जीत हासिल करती है तो जो विभिन्न विपक्षी दलों का नया गठबंधन, जो राष्ट्रीय स्तर पर बना है, उसमें कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और इससे भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लेकिन अगर कांग्रेस इन तीन राज्यों में कामयाब नहीं होती है तो आम चुनावों में भाजपा को एक तरह से 'वाक ओवर' मिल जाएगा यानी दिल्ली की सत्ता में फिर वापसी का उनका रास्ता आसान हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा तो तब इंडिया गठबंधन में शामिल छोटी–छोटी पार्टियां भी उसे आंखें दिखाने से बाज नहीं आएंगी। इस आधार पर कह सकते हैं कि संदर्भित तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा विरोधी गठबंधन का भविष्य निश्चित करेंगे।

इन चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी कसौटी पर है। अगर तीन राज्यों में भाजपा का ख़राब प्रदर्शन होता है तो फिर उसके पास सिर्फ़ उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्य ही रह जायेंगे. इन तीन राज्यों में सिर्फ़ दो ही राजनीतिक दलों का दबदबा रहा है इसलिए लोकसभा चुनावों में विपक्ष की एकता पर यहां के नतीजों का असर ज़रूर पड़ेगा। हालांकि कांग्रेस बाकी विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करती तब उसे 2024 का पूर्वाभ्यास कहा जा सकता था। लेकिन उक्त तीनों राज्यों में गैर भाजपा पार्टियां एकजुट नहीं हो सकीं जिसके लिए सपा, आम आदमी पार्टी और जनता दल यूनाईटेड ने कांग्रेस की आलोचना भी की। बसपा तो वैसे भी विपक्ष के गठबंधन से अलग ही है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिन गैर भाजपा पार्टियों के साथ कांग्रेस ने सीटों का बंटवारा करने से इंकार कर दिया वे ही यदि अपना संयुक्त उम्मीदवार उतारतीं तब तीसरी ताकत के तौर पर दबाव बनाने में भी सक्षम हो जातीं। ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों की मोर्चेबंदी पर आशंका के बादल मंडराने लगे हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हो जाती। भाजपा ने प्रधानमंत्री के नाम पर उक्त तीनों राज्यों में चुनाव लड़कर बड़ा जोखिम उठाया है ।

# चुनाव में गारंटी और मुफ्तखोरी की रेवड़ी

आरबीआई ने राजस्थान सहित 10 राज्यों के वित्तीय हालत पर चिंता जताई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के अलावा बिहार, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य कर्ज के भारी बोझ तले दबे हैं। पंजाब को एक्ट्रा बजटरी बोरोइंग देने के लिए आरबीआई ने बैंकों को ही मना कर दिया है। अब राजस्थान भी इसी राह पर चल पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवड़ी संस्कृति के प्रति चेताते हुए कई बार कहा है कि यदि देश को विकसित बनाना है तो रेवड़ी संस्कृति से छुटकारा पाना होगा। लेकिन विडंबना है कि कई राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति की न केवल पैरवी कर रहे हैं, बल्कि उसे बढ़ावा भी दे रहे हैं। अब इसका नुकसान भी देखने को मिल रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कहा कि उसके पास राज्य में विकास के लिए अब पैसा नहीं बचा है। कर्नाटक सरकार ने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी को पूरा करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये अलग रखने पड़े हैं, इसीलिए अब विकास के लिए पैसा नहीं है। अभी कुछ दिन पहले ही अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए पैसे देने से मना कर दिया था जबकि उन्होंने तीन साल में विज्ञापन पर 1100 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल सरकार को फटकार भी लगाई। कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य भर के विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान धन के आवंटन से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी चुनाव से पहले दी गई पांच गारंटियों को लागू करना है। कर्नाटक सरकार ने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी को पूरा करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये अलग रखने पड़े हैं, इसीलिए अब विकास के लिए पैसा नहीं है। मई 2023 में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में 135 सीटें हासिल कीं। इसके बाद सिद्धारमैया ने राज्य के नए सीएम का पद संभाला। इस महीने की शुरुआत में सीएम सिद्धारामैया ने कर्नाटक विधानसभा में बजट पेश किया था। इसमें मुफ्त की योजनाओं के लिए 35000 करोड़ से ज्यादा की रकम रखी गई है। इससे सरकार को और कर्ज लेना पड़ेगा। क्योंकि वित्तीय घाटा 12522 करोड़ हो गया है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी खूब 'गारंटियां' बांटी हैं। उन्होंने भरोसा भी दिया है कि उनकी गारंटियों के मायने हैं कि काम निश्चित तौर पर होगा। कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में 'गारंटी' का राजनीतिक प्रयोग किया था, जो कामयाब रहा। प्रधानमंत्री भी उनसे प्रभावित लगते हैं, लिहाजा भाजपा के घोषणा-पत्र में ऐसी गारंटियों का उल्लेख है। खुद प्रधानमंत्री ने कई चुनावी जनसभाओं में 'मोदी की गारंटी' के जरिए मतदाताओं, खासकर महिलाओं, को आश्वस्त करने की कोशिशें की हैं।

संतोष कुमार भार्गव

कुछ गारंटियां गौरतलब हैं। किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत 6000 रुपए सालाना उनके बैंक खातों में जमा कराए जाते हैं। ऐसे 8-10 करोड़ किसानों में 15 किस्तें बांटी जा चुकी हैं। उसके बावजूद भाजपा घोषणा-पत्र में वायदा किया गया है कि किसानों के खातों में 12,000 रुपए सालाना डाले जाएंगे। किसानों के संदर्भ में ही उल्लेखनीय है कि केंद्रीय

कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशरू 2275 रुपए और 2200 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए थे, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश के भाजपा घोषणा-पत्रों में 2700 रुपए और 3100 रुपए देने का आश्वासन दिया गया है।

एमएसपी केंद्र का अथवा राज्य का लागू होगा? राज्य सरकारें कितनी खरीद कर सकती हैं? किसानों के अलावा, कोई और वर्ग या समुदाय नहीं है, जिन्हें ऐसी 'गारंटियों' की सख्त जरूरत हो? भाजपा ने छात्रों को 'स्कूटी' देने की भी घोषणा की है। बेहद गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त अनाज योजना' को 5 और साल, यानी 2028 तक, बढ़ाने की जन-घोषणाएं खुद ही की थीं, लेकिन भारत सरकार के 'पत्र सूचना ब्यूरो' ने एक विज्ञप्ति जारी की है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को एक साल के लिए बढ़ाया गया है। इस विरोधाभास का सच क्या है? खुद प्रधानमंत्री ही सार्वजनिक मंच से इसे स्पष्ट करें। आरबीआई ने राजस्थान सहित 10 राज्यों के वित्तीय हालत पर चिंता जताई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के अलावा बिहार, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य कर्ज के भारी बोझ तले दबे हैं। पंजाब को एक्ट्रा बजटरी बोरोइंग देने के लिए आरबीआई ने बैंकों को ही मना कर दिया है। अब राजस्थान भी इसी राह पर चल पड़ा है। प्रदेश का कर्ज बढ़कर 4.77 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। इसमें 82 हजार करोड़ रुपये का गारंटेड लोन भी शामिल कर दें तो प्रदेश पर कुल कर्ज 5.59 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। साल 2019 तक बजट में शामिल कर्ज 3.39 लाख करोड़ रुपये था। इसके अलावा 61 हजार करोड़ से ज्यादा का गारंटेड लोन था।

रिजर्व बैंक ऑफइंडिया भी 'रेवड़ी कल्चर' से देश को होने वाले नुकसान को लेकर आगाह कर चुका है। 'स्टेट फाइनेंसेसरू अ रिस्क एनालिसिस' नाम से आई आरबीआई की रिपोर्ट की मानें तो पंजाब, राजस्थान, केरल, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की हालत डांवाडोल है। कैग (ब।ळ) के डेटा के हवाले से इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सब्सिडी पर राज्य सरकारों के खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे कर्ज बढ़ता जा रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 में सब्सिडी पर राज्यों ने कुल खर्च का 11.2 प्रतिशत खर्च किया था। जो 2021-22 में बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गया। सब्सिडी पर सबसे ज्यादा खर्च ओडिशा, झारखंड, केरल और तेलंगाना ने किया। वहीं पंजाब, गुजरात और छत्तीसगढ़ सरकार ने सब्सिडी पर अपने रेवेन्यू एक्सपेंडिचर का 10 प्रतिशत से ज्यादा खर्च किया है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भी 'गारंटियों' की भरमार लगा दी है। उसका आश्वासन है कि सरकारें बनीं, तो 100 यूनिट, किसी राज्य में 200 यूनिट, तक बिजली मुफ्त, किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ, 3000 रुपए बेरोजगारी मासिक भत्ता, घर की मुखिया महिला को 15,000 रुपए सालाना, एक लाख सरकारी नौकरियां दो साल में छत्तीसगढ़ में और 2.5 लाख सरकारी नौकरियां पांच साल में राजस्थान में, मुफ्त स्वास्थ्य योजना आदि की लंबी फेहरिस्त है। अनसुलझा सवाल है कि किसे 'गारंटी' माना जाए अथवा क्या 'मुफ्तखोरी की रेवड़ी' है? क्या दोनों ही देशहित में नहीं हैं? फिर 'कल्याणकारी राज्य' की परिभाषा क्या है? क्या सामाजिक सुरक्षा देना सरकार का दायित्व नहीं है? कई सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई बार चिंता और सरोकार जताते हुए राज्य सरकारों को चेता चुके हैं कि इन 'मुफ्तखोरी की रेवड़ियों' से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। राज्य सरकारों पर कर्ज के बोझ पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सवाल प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा पर भी हैं। क्या उनकी 'गारंटियां' विकासपरक हैं? यदि 5 और साल 'मुफ्त अनाज' की योजना जारी रहती है, तो 2 लाख करोड़ रुपए सालाना का अतिरिक्त बोझ सरकारी खजाने पर पड़ेगा। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी, क्योंकि मौजूदा सरकार की सोच गैर-जरूरी सबसिडी-विरोधी है। अभी तो विधानसभा चुनाव जारी हैं, लेकिन आम चुनाव, यानी लोकसभा चुनाव भी, बहुत दूर नहीं है।

# इस हार के लिए वीवीआईपी की मौजूदगी तो जिम्मेदार नहीं

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा। लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली टीम इंडिया का विजय रथ ऑस्ट्रेलिया ने तोड़ा और फाइनल अपने नाम किया।वर्ल्ड कप के फ़ाइनल मुक़ाबले में भारतीय टीम की हार के बाद क्रिकेट प्रशंसक काफ़ी निराश हैं।वे मानते हैं कि टीम का अति आत्मविश्वास हार का कारण बना। इस फाइनल मैच को देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह समेत बडी संख्या में फिल्मी हस्तियों जैसे अति वीवीआईपी स्टेडियम में मौजूद थे। ये भी हो सकता है कि इन वीवीआईपी की मौजूदगी के कारण भारतीय टीम पर अच्छा प्रदर्शन दिखाने के प्रेशर रहा हो। इसीके कारण भारतीय टीम चूक करने लगी।वह अच्छा प्रदर्शन न कर सकी हो।

अशोक मधुप

भारत की इस हार के बाद भारतवासियों समेत भारत के सभी खिलाड़ी निराश थे। कप्तान रोहित और मोहम्मद सिराज तो अपने आंसू भी नहीं रोक सके। मैच के बाद जब रोहित से टीम की हार पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा ÷नतीजा हमारे अनुकूल नहीं रहा। हम आज उतना अच्छा नहीं खेले। हमने सब कुछ करने की कोशिश की, लेकिन यह हमारी किस्मत में नहीं था। हम 20-30 रन और बनाते तो अच्छा होता। केएल और कोहली अच्छी साझेदारी कर रहे थे और हम 270-280 के स्कोर की ओर देख रहे थे, लेकिन हम लगातार विकेट खोते रहे। जब आपके पास बोर्ड पर 240 रन होते हैं, तो आप विकेट लेना चाहते हैं, लेकिन हमें खेल से बाहर करने का श्रेय हेड और लाबुशेन को जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि रात में बल्लेबाजी के लिए विकेट थोड़ा बेहतर हो गया था। मैं इसे कोई बहाना नहीं बनाना चाहता। हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए। शानदार साझेदारी करने के लिए उन दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को श्रेय जाता है। प्रशंसक कहते हैं कि भारतीय टीम अति आत्मविश्वास के कारण हारी है। बीबीसी के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, खिलाड़ियों की ऊर्जा कम लग रही थी। गेंदबाज़ी और फील्डिंग में कमी थी। जिस दिन ज़रूरत थी उस दिन टीम चूक गई। उनका मानना था भारत ने आज अपना केवल 40 प्रतिशत प्रदर्शन ही ठीक दिया। रोहित शर्मा का विकेट गिरना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। इस सवाल के जवाब में कि भारतीय टीम अच्छे फॉर्म में थी, फिर भी क्या हुआ, प्रशंसक कहते हैं, टीम में आज अनुशासन की कमी थी। वहीं एक प्रशंसक कहते हैं, आज ऑस्ट्रेलिया का दिन था. भारतीय टीम की इतनी आलोचना करना ठीक नहीं है। भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर टीम का हौसला बढ़ाया ।उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया का टैलेंट और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था।पीएम मोदी ने लिखा, आपने बहुत अच्छे जज्बे के साथ खेला है और देश को गौरवान्वित किया है। हम आज आपके साथ खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। ट्रैविस हेड और मानर्स लाबुशेन की दमदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराते हुए वनडे वर्ल्ड कप छठी बार जीत लिया है।ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इसके तीन बल्लेबाज़ केवल

47 रन पर आउट हो गए लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए।इससे पहले विराट कोहली और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने वर्ल्ड कप 2023 जीतने के लिए 241 रनों का लक्ष्य रखा।टॉस जीत कर पैट कमिंस ने जब भारत को पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया तो रोहित शर्मा बोले कि वे भी पहले बैटिंग ही करना चाह रहे थे। रोहित के नेतृत्व में टीम ने ज़ोरदार शुरुआत भी की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी।

खेल में हार- जीत चलती रहती है। क्रिकेट तो पूरा भाग्य का खेल माना जाता है। इसके बावजूद ये तो विचार करना ही है कि पूरे विश्व कप के दौरान शुरूआत से अब तक बढ़िया प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया, फाइनल में कोई करिश्मा क्यों नही कर सकी। इस मैच में उसके साथ ऐसा क्या हुआ, जो वह बढ़िया प्रदर्शन करने से चूक गई । इस मैच में न उस

# आने वाला समय सहकारिता का है : सूर्यप्रताप

## उत्तर प्रदेश मॉडल बॉइलॉज को अंगीकृत करने वाला देश का प्रथम राज्य

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि व आईसीसीएमआरटी के संयुक्त तत्वाधान में 70वाँ सहकारिता सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में आज चौधरी चरण सिंह सहकारिता भवन (पीसीयू) सभागार लखनऊ में ''सहकारी समितियों हेतु इज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यवसाय करने में आसानी) एवं उभरते क्षेत्र'' विषय पर एक कार्यक्र म का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि विगत 6-7 वर्षो से सहकारी क्षेत्र में देश एवं प्रदेश में हो रहे बदलावों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार की गम्भीरता एवं सहकारी क्षेत्र में हुई प्रगति एवं सम्भावनाओं का उल्लेख करते हुए सहकारिता को विशेष प्रबन्धन, सक्रियता, संवेदनशीलता एवं नये विस्तृत क्षेत्रों से जोड़कर बढ़ाये जाने पर विशेष बल देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सहकारी समितियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही साथ ऐसी समितियों को भी प्रोत्साहित करने हेतु सदन का ध्यान आकृष्ट किया जो अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं, पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों एवं अन्य निर्बल वर्ग के लोगों के आर्थिक उत्थान में अच्छा कार्य कर रही हैं।

श्री शाही ने कहा कि 01 सितम्बर, 2023 को बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान को प्रारम्भ किया गया, जिसमें 30 लाख सदस्य बने। अभियान के दौरान संचित कुल अंश धन (शेयर कैपिटल) 69.24 करोड़ रुपये हुआ। सबसे ज्यादा सदस्यता ग्रहण कराने वाला जनपद शाहजहाँपुर रहा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय सहकारिता का है। जैविक खेती, जल जीवन मिशन के कार्य व अन्य विविध कार्य सहकारिता के माध्यम से किए जाएंगे।

सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर द्वारा सर्वप्रथम विगत वर्षो से किये जा रहे सहकारिता सप्ताह के आयोजनों की एकरूपता को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष के आयोजनों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने के कारणों को रेंखाकित करते हुए सहकारिता को जन-जन तक पहुँचाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सहकारिता में प्रबन्धकीय निपुणता लाने हेतु कार्य किये जाने की अपनी मंशा से अवगत कराया। साथ ही साथ प्रदेश में संचालित सदस्यता अभियान की उपलब्धियों एवं दृष्टिगत हो रहे बदलावों

**सहकारी समितियों हेतु इज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं उभरते क्षेत्र' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन**

से भी अवगत कराया। सहकारी क्षेत्र में विधिक बदलावों, कम्प्यूटराइजेशन एवं अन्य नवीन योजनाओं के सम्बन्ध में भी अवगत कराया तथा देश में उप्र को अग्रणी राज्य बनाये रखने पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया।

श्री राठौर ने कहा कि देश के सभी पैक्स द्वारा नए मॉडल बॉइलॉज़ को अपनाया गया। उत्तर प्रदेश मॉडल बॉइलॉज को अंगीकृत करने वाला देश का प्रथम राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी सहकारी समितियों के डेटा को संगृहीत करके उसका सत्यापन, प्रमाणीकरण करने में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। पैक्स का कम्प्यूटरीकरण करने में भी देश में प्रथम स्थान पर है।

# देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौ-आधारित कृषि का महत्वपूर्ण योगदान : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां लखनऊ के बंथरा स्थित तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत विद्यालय, पहाड़पुर में कृष्ण गोपाष्टमी संदर्भ और अक्षय नवमी के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर विधि विधान से गो पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। उन्होंने परिसर में संचालित गौशाला की व्यवस्था की प्रशंसा की और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु सरकार से सहयोग दिलाने का आश्वासन भी दिया।

पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने विद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया और भारतीय संस्कृति और यहाँ की गौरवशाली परंपरा को शिक्षा के रूप में ग्राह्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश की सनातन परम्परा में कृषि, ऋषि और गाय का महत्वपूर्ण स्थान है। गाय हमारी आर्थिक ऊर्जा का स्रोत है, ऋषि और कृषि जीवन यापन, व्यवस्था, आस्था एवं सभ्यता के द्योतक हैं। इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में देश की उन्नति एवं प्रगति में गौ आधारित कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। गाय एवं कृषि एक दूसरे के पूरक हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि ''गावो विश्वस्य मातरः'' अर्थात गाय सम्पूर्ण विश्व की माता है, इसलिए हम सबको गौ माता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आचार्य सप्तऋषि मिश्र ने आशीर्वचन देने के लिए मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वामी कमलानंद जी (पूर्व आईएएस श्री कमल टावरी), श्री दंडी स्वामी जी, श्री राम महेश मिश्रा, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कल गोपाष्टमी के अवसर पर आगरा में भी कोलाराकला, फतेहाबाद गोशाला में भी गौपूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया था।

# राजकीय आईटीआई लखनऊ के रोजगार मेले में 150 युवाओं को मिला रोजगार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई लखनऊ में राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव एवं सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ ने किया तथा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री हिमांशु, जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की।

एम ए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार मेले आईटीआई द्वारा बुलाई गयी 15 कम्पनियों में कुल 150 अभ्यर्थियों को रूपये 10,000 से 23,837 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। इस अवसर पर संस्थान के कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह एवं कामराज वर्मा उपस्थित रहे।

# जन-प्रतिनिधियों के पत्रों का संज्ञान लें : दयाशंकर

## बोलें, जन-प्रतिनिधियों के सुझाए मार्गों पर बसों का संचालन सुनिश्चित कराएं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि निगम सड़क परिवहन सेवा देने वाला जनोपयोगी सेवा संस्थान है। अर्थव्यवस्था में सुधार तेजी से होता विकास, नवीन सड़कों का निर्माण व बदलते परिदृश्य में नागरिकों की गतिशीलता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इसी के दृष्टिगत निगम के सम्मुख नवीन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने सहित सेवा विस्तार करने के प्रचुर अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। निगम के व्यवसाय का अपेक्षित विस्तार दिया जाना है। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवीन अवसरों का लाभ उठाते हुए निगम की स्थिति व हित सुदृढ़ करें।

परिवहन मंत्री ने कहा कि जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का संज्ञान लें। उन्होंने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के स्तर से मुख्यालय में बस सेवाओं के संचालन विषयक प्राप्त होने वाले सर्वाधिक मांग पत्र सहारनपुर, मेरठ गाजियाबाद, झांसी, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, आजमगढ़ व हरदोई क्षेत्रों से आये हैं। उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों में यदि बस का संचालन नहीं है तो संचालन प्रारम्भ कराएं अथवा संचालन विगत कुछ वर्षो से किसी कारणवश बन्द हो गया है तो उसे पुनः जांचोपरान्त शुरू कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि प्रत्येक नगर, उपनगर, गाँव से विभिन्न नगरों को परिवहन सेवा से जोड़ने हेतु कदम उठाएं, जिससे कि अधिक से अधिक लोगों तक परिवहन सेवा पहुंचाया जा सके। परिवहन सेवा बहाल करने से निगम द्वारा संचित यात्रियों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न नागरिकों व जन-प्रतिनिधियों द्वारा बस सेवा उपलब्ध कराने के अनुरोध पर तत्काल विचार करें, यह स्वागत योग्य अवसर व कार्य है।

परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रबंध निदेशक ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि संचालित सेवाओं को प्रधान प्रबन्धक (संचालन) की पूर्व अनुमति के बिना बन्द न किया जाय। उन्होंने नवसंचालित सेवा के प्रतिफलों की दैनिक समीक्षा प्रथम एक माह तक सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक द्वारा किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मार्ग की चेकिंग, ट्रैफिक सर्वे कर बस सेवा को सफल तथा लाभकारी बनाने हेतु प्रत्येक सम्भव उपाय पर कार्य किया जाय। यह आवश्यक है कि हमारी मनोवृत्ति, ग्राम्य एवं कस्बाई संचालन को सफल बनाकर निरापद रूप से सेवा देने की होनी चाहिए।

### मार्ग सुदृढ़ीकरण के लिए 944.91 लाख अवमुक्त

**लखनऊ।** सरकार ने लखनऊ मण्डल के अंतर्गत जनपद सीतापुर में मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु कुल लागत 3779.64 लाख रुपये (सैंतीस करोड़ उन्यासी लाख चौसठ हजार रुपये) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सड़क निधि से 944.91 लाख रुपये (नौ करोड़ चौवालीस लाख इक्यानबे हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया है। स्वीकृति धनराशि से सीतापुर में मछरेहटा से जलालपुर मार्ग का 16.40 किलोमीटर लम्बाई में चौड़ीकरण एवं सदृढ़ीकरण का कार्य कराया जायेगा। इस परियोजना की कुल लागत 3779.64 लाख रुपये है।

# प्रदेश में अब तक 1.23 लाख मीट्रिक टन हुई बाजरा की खरीद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से 123186.58 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की है। इस योजना के तहत 23564 किसानों को लाभान्वित करते हुए 25464.38 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, बलिया, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बाँदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जा रही है।

### अन्नपूर्ति योजना के लिए 56478 लाख रूपये की धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अन्नपूर्ति योजना हेतु रूपये 56478.00 लाख (रूपये पांच अरब चौंसठ करोड़ अठहत्तर लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग के निवर्तन पर रखने के निर्देश दिये हैं। इस सम्बन्ध में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि समस्त औपचारिकताओं और वित्तीय नियमों का अनुपालन आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने उत्तर प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों तक अपनी पहुँच बनाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पहुंच और सहभागिता के अभूतपूर्व प्रदर्शन में, भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी पहल, विकसित भारत संकल्प यात्रा ने उत्तर प्रदेश के सुदूरवर्ती कोनों तक पहुंचने में केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और प्रमुख कार्यक्रमों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

**गौतम बुद्ध नगर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत गौतम बुद्ध नगर जिले के गावों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान शासन की प्रमुख योजनाओं से कृषकों एवं जन सामान्य को जागरुक करते हुए वंचितों तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि राजीव कुमार के नेतृत्व में ग्राम पंचायत आकिलपुर जागीर विकासखंड बिसरख में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कृषकों एवं जनसामन्य को उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर कृषकों की सहायता के लिए कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारी, जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारियों व अग्रणी बैंक प्रबन्धक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वंचित लाभार्थियों का चयन भी अधिकारियों के माध्यम से किया गया ताकि शासन की लाभार्थी परक योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में सभी कृषकों, जनसामान्य व अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

**सहारनपुर :** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में शासकीय योजनाओं से जुड़ी जागरूकता बढाने के लिए 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज ग्राम प्रधानों को जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलाई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के अन्तर्गत अपनी प्रमुख योजनाओं एवं मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाना सुनिश्चित करें।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर गौतम बुद्ध नगर, सहारनपुर और फर्रुखाबाद में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन**

**फर्रुखाबाद :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। बैठक बताया गया कि 22 नवंबर 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलायी जाएगी। जिसमें सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी/ लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाना कर सफल बनाना है।

### नारी शक्ति दिवस व महा सदस्यता अभियान के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयाग महानगर द्वारा नारी शक्ति दिवस व महा सदस्यता अभियान के अंतर्गत माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज नैनी में सभी छात्र-छात्राओं के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता एवं निबंध तथा कला प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना-अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता के तत्पश्चात सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थी परिषद रानी लक्ष्मीबाई जयंती को नारी शक्ति दिवस के रूप में मना रही है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई वह भारतीय वीरांगना थी, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए रणभूमि में हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे, उनसे हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है, लक्ष्मी बाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक ऐसी नायिका रही है जिनके पराक्रम और साहस का जिक्र आज भी समय-समय पर किया जाता है, रानी लक्ष्मी बाई का पराक्रम साहस आज भी नारियों के लिए प्रेरणादाई है। रानी लक्ष्मी बाई 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध बिगुल बजाने वाले वीरों में से एक थी।

# गाजे बाजे के साथ सौनहा व ध्यानपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सातवें दिन मंगलवार को नोडल अफसर डीएसओ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में बाजे गाजे के साथ पलिया ब्लॉक के जनजातीय क्षेत्र सौनहा व ध्यानपुर पहुंची, जहा आईईसी रथ का पारंपरिक रूप से स्वागत, अभिनंदन हुआ।

सौनहा व ध्यानपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में डीएसओ अंजनी कुमार सिंह व पीओ यूके सिंह ने ÷जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। डीएसओ ने उपस्थित जनसमूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रोस्टर के मुताबिक जनजाति क्षेत्र में यात्रा निकाली जा रही। यह संकल्प यात्रा, सैचुरेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का माध्यम बनेगी। यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिलाना है। यात्रा के दौरान आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने वाले केंद्र व राज्य सरकार के नवाचारी प्रयासों की भी जानकारी दी। परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प का एक प्रमुख आधार है पीएम जनमन...यानि पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान है। इस महाभियान के तहत सरकार उन जनजाति भाई-बहनों तक पहुंच रही है, जिनतक कभी नहीं पहुंचा गया। यात्रा में आमजन से सीधा संपर्क कर उन्हें जागरूक करने, स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं। , स्वच्छ पेयजल जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मिशन मोड में काम किया गया। जनजातीय गांव सौनहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सांस्कृतिक मंच पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। इस दौरान इस विद्यालय के पुरातन छात्र जिनका सिलेक्शन इंजीनियरिंग एवं चिकित्सीय शिक्षा के लिए हुआ। उन्होंने अपने विचार रखते हुए पीएम को थैंक यू कहा। यात्रा के दौरान पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिड कार्ड योजना, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नति प्राद्योगिकी के साथ मान चित्रण(स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वक, स्कील सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय में नामांकन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकारी स्वामित्व इत्यादि योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर खास फोकस हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफलतापूर्वक तैयार को अधिकारियों करे सुनिश्चित

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों व ब्लॉकों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का माइक्रो प्लान अति शीघ्र तैयार कर नोडल अधिकारी नामित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दिन होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी एक दिन पहले पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश कल देर सायं कलेक्ट्रेट से सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफलतापूर्वक आयोजित करने की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्टेज, पंडाल एवं विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थीपरक योजनाओं का काउंटर लगाए जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभागीय काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें, जो जनता को योजनाओं का लाभ लिए जाने की जानकारी दें। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यक्रम में बैंकों का स्टाल लगाकर डिजिटल फ्रॉड करने वालों से सतर्क रहने की जानकारी दें। उन्होने कहा कि बैंक के माध्यम से विभिन्न लाभार्थीपरक यथ मुद्रा लोन, केसीसी, व्यवसायिक लोन के लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया जाय। उन्होंने जल निगम (ग्रामीण) को इस समितियां को कार्यक्रम में उपस्थित रहने एवं जल जीवन मिशन के बारे में नुक्कड़ नाटक से जन जागरूकता करने के निर्देश दिए। ंविकसित भारत संकल्प यात्रा में चयनित ग्राम के कम से कम 50 लाभार्थियों की घरौनी की प्रमाणित प्रति के साथ उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायें, ताकि मुख्य अतिथियों द्वारा घरौनी का वितरण कराया जा सके। मौके पर घरौनी के महत्व के सम्बन्ध में भी ग्रामवासियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कम से कम 50 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें एवं उन्हें प्रमाण पत्र का वितरण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लाभार्थी से उसकी जुबानी योजना से लाभ की कहानी का प्रस्तुतीकरण करायें। समूह सखियों के माध्यम से कम से कम 50 महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाये। समूह के पास उपलब्ध फण्ड से उन्हें आवश्यकता पर बिना ब्याज के ऋण से उनके जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का महिलाओं की जुबानी प्रस्तुतीकरण कराया जाये। कार्यक्रम में कम से कम 50 जाब कार्ड धारकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वि0 व रा0 आजाद भगत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, अखिलेश तिवारी, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर, जिला पूर्ति अधिकारी सुनिल कुमार पुष्कर सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मरम्मत हेतु 2 करोड़ 25 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद उन्नाव में हरदोई शाखा के किमी0159.291 से किमी0 215.606 तक तथा इससे निकलने वाले राजबहों एवं अल्पिकाओं पर क्षतिग्रस्त पुल पुलियों आदि की मरम्मत की परियोजना हेतु 2 करोड़ 25 लाख रुपए की धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं। जारी शासनादेश में यह निर्देश दिए गए हैं कि परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यो पर नियमानुसार सेन्टेज चार्ज एवं लेबर सेस का भुगतान तथा व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुसार व्यय का प्रमाण-पत्र शासन को समयान्तर्गत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। सन्दर्भगत शासनादेश द्वारा प्रश्नगत परियोजना हेतु निर्गत की गयी प्रशासकीय स्वीकृति में उल्लिखित प्रतिबन्ध यथावत रहेंगे।

# क्विज प्रतियोगिताओं के साथ निपुण उत्सव का आयोजन कराया जाये: निदेशक

## बैंक से रोजगारपरक योजनाओं के लिए ऋण प्राप्त करने वाले उद्यमियों व व्यवसायियों को सम्मानित किया जाएः एसपी वशिष्ट

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में एस0पी0 वशिष्ठ, अधिशासी निदेशक, नेशनल मिशन ऑन क्लीन गंगा भारत सरकार की अध्यक्षता में वृहद समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

नोडल अधिकारी ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्पों के माध्यम से निःशुल्क हेल्थ चेक अप होगें और समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन व अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये जायेगें एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने के साथ लोगों को नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जागरूक किया जाए। उन्होने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी और क्विज प्रतियोगिताओं के साथ निपुण उत्सव का आयोजन किया जायेगा तथा निपुण बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया जाए। व्यक्तिगत शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता पर जोर दिया जाए। सहकारिता विभाग द्वारा नए सदस्य बनाये जाएं। नैनो यूरिया का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा गोदभराई व अन्नप्राशन के कार्यक्रम कराए जाएं। कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में लोगों से संवाद किया जाए। बैंक से रोजगारपरक योजनाओं के लिए ऋण प्राप्त करने वाले उद्यमियों व व्यवसायियों को सम्मानित किया जाए। नोडल अधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए और कार्यक्रम स्थल पर ईकेवाईसी का कार्य कराया जाए। पशुपालन विभाग द्वारा गाँव में टीकाकरण कराया जाए। पशुपालन से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। पूर्ति विभाग द्वारा अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संवाद किया जाए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाए। कार्यक्रम स्थल पर मिशन शक्ति का स्टॉल लगाया जाए तथा महिलाओं को उनके अधिकारों को लेकर जागरूक किया जाए। सभी समितियां अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। दायित्वों के लिए रिजर्व अधिकारी रखे जाएं। कार्यक्रम के महत्वपूर्ण फोटो व वीडियो पोर्टल पर अपलोड करें। नोडल अधिकारी कुछ कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित रहें। सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम के लिए किसी बड़े स्थान का चयन किया जाए। जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश का जनपद में पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक कार्य के लिए जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# लाडली जू मंदिर के गोसाईओ में टकराव, पैसे लूटने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बरसाना के लाड़िली जी मंदिर के गोसाईओं में आपसी टकराव बढ़ता जा रहा है। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पैसे लूटने का आरोप लगाया है। उपजिलाधिकारी को भेजे पत्र में रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी के व्यक्तिगत सहायक पवन शर्मा ने लिखा है कि कुछ लोगों ने रिसीवर रासबिहारी के खिलाफ अदालत में याचिका दाखिल की थी। न्यायालय ने रासबिहारी गोस्वामी को आगामी समय तक रिसीवर बनाए रखने के आदेश किए । आरोप है कि तभी से विपक्षी बौखला रहे हैं और षड्यंत्र रच रहे हैं। आरोप है कि नियमो की धज्जियाँ उड़ाते हुए ये तथाकथित लोग श्रद्धालुओं ने जबरन उगाई कर रहे हैं। फर्जी रसीद काट रहे हैं। श्री शर्मा ने शिकायत करते हुए कहा कि वह 15 नवंबर को मंदिर के कक्ष में काम कर रहे थे, तभी रसिक मोहन गोस्वामी, देवेश गोस्वामी, बलराम के साथ चार पांच अज्ञात व्यक्ती घुस आये और उसके साथ मारपीट कर अस्सी हजार लूट ले गए। मंदिर में तोड़फोड़ कर गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची, उससे पहले बदमाश भाग चुके थे। मंदिर के मुनीम पवन शर्मा ने आरोपियों के खिलाफ बरसाना थाने में तहरीर भी, इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाई नहीं की है।

# महाराजा सल्लीह सिंह अर्कवंशी स्मृति दिवस के रूप में होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ हरदोई सुभासपा की समीक्षा बैठक संपन्न कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर काम करें पार्टी सर्वोपरि है

**हरदोई।** सर्किट हाउस में सुभासपा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मध्यांचल अमरमणि कश्यप जी ने आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 7 दिसंबर को सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाशराजभर जी का कार्यक्रम होने के संबंध में उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ता की एवं कहा कि जो भी लोग पद लेकर बैठे हैं और काम नहीं कर रहे हैं वह लोग पार्टी को अपने समाज को धोखा दे रहे हैं। अनुशासन के दायरे में रहें साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिये आज से ही गांव गांव में जाकर लोगों एक जुट करके पार्टी की विचारधारा को बताने का कार्य करे साथ ही पार्टी ही होने वाले कार्यक्रम की जानकारी घर घर तक पहुचाए.. उन्होंने कहा कि जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है वह सभी पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ काम करें उन्होंने देश की राजनीति में सुभासपा की अपनी अलग पहचान बना चुकी है कार्यक्रम कैसे भव्य हो इस संबंध में सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि लगभग सात सौ गांव अर्कवंशी समाज के चिन्हित किए जा चुके हैं कार्यक्रम में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई जिसमें सभी पदाधिकारियों को लगाया जाएगा युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह अर्कवंशी जिलाध्यक्ष श्री धर्म सिंह अर्कवंशी जी जिलाध्यक्ष शाह जहापुर सुभाष चन्द्र अर्कवंशी युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत अर्कवंशी जी जिला प्रभारी राजीव सिंह अर्कवंशी जी प्रदेश सचिव मनोज अर्कवंशी राममूर्ति अर्कवंशी प्रमुख महासचिव एडवोकेट अजय यादव जी शिवकुमार अर्कवंशी प्रदेश सूचना प्रभारी मोहित अर्कवंशी जी आयुष अर्कवंशी जी जिला महासचिव अलीम खान प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

# छूटे हुये पात्र लाभार्थियों को सभी योजना का लाभ दिया जाए

## जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके द्वारा सभी उप जिलाधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की समिति का गठन किया जाए

वहाज अली निहाल

■ नोडल अधिकारी सुरेंदर मेहरा, सलाहकार नीति आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक

**इटावा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत जनपद में तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी सुरेंदर मेहरा, सलाहकार नीति आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके द्वारा सभी उप जिलाधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की समिति का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि ई डिस्टिक मैनेजर द्वारा पोर्टल पर प्रतिदिन डाटा अपलोड कराया जाए एवं सभी नोडल अधिकारी आवंटित वैन का रोस्टर के अनुसार प्रस्तावित ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय में सुरक्षा आदि सुनिश्चित करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर वैन से संबंधित किसी भी असामान्य स्थिति से कंट्रोल रूम के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट रोस्टर के अनुसार दिवसवार चयनित ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय में अभियान के सफल संचालन हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को नामित दिवस नोडल अधिकारी कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे एवं प्रतिदिन के कार्यक्रम की वीडियो, फोटोग्राफी विकसित भारत संकल्प यात्रा पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी डाटा पोर्टल पर अपलोड होने से पहले स्वयं चेक करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर, ग्राम पंचायत नगर निकाय स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में आने वाले खर्च विभिन्न विभागों के समन्वयों से कन्वर्जेंस के माध्यम से की जाएगी तथा ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान के माध्यम से कार्यक्रम से पूर्व मुनादी दुग्गी के माध्यम से आमजन को कार्यक्रम से संबंधित सूचित व जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का प्रचार प्रचार आशा एवं आशा संगिनी एवं एएनएम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आशा एवं एएनएम द्वारा जनमानस को आयुष्मान योजना के बारे में जागरूक किया जाना आशा एवं आयुष्मान ऐप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रदर्शन, गोल्डन कार्ड का वितरण एवं लाभार्थी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड से बीमारियों के उपचार में हुई सुविधा का प्रशस्तीकरण किया जाना तथा राष्ट्रीय छह रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में लक्षण युक्त व्यक्तियों की टीवी स्क्रीनिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद में चार एलईडी वैनआई है, जिसका डीपीआरओ के द्वारा रूट चार्ट बनाते हुए गांव में लगाई जाने वाली चौपाल में भेज कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का नागरिकों के लिए संदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के जागरूकता के लिए वीडियो क्लिप दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखंड में रोस्टर के अनुसार 2 महीने तक चलने वाली संकल्प यात्रा में लोगों से जोड़ते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री उवला योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जननी सुरक्षा योजना जैसी अन्य महत्वपूर्ण सभी योजनाओं का गांव में चौपाल के माध्यम से छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को सभी योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत कार्यक्रम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल। उन्होंने कहा कि भारत संकल्प यात्रा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु चौपाल लगाई जाने तथा एलईडी प्रचार वाहन के रूट चार्ट लगाने व उनके रुकने, सुरक्षा आदि की व्यवस्था के लिए अलग-अलग अधिकारियों को नामित किया जाए।

# दानघाटी मंदिर गबनः तीन लोगों को जेल भिजवाया

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** विश्व विख्यात श्री दानघाटी मुखारबिंद मंदिर में प्रबंध कमेटी को लेकर चल रहे दीवानी वाद में वाद प्रस्तुत कर्ता स्व श्री गोविंद प्रसाद पुरोहित के आकस्मिक निधन उपरांत येन केन प्रक्रेण उक्त वाद में रमाकांत कौशिक वादी मुकद्दमा बन गए जो कि सूत्रों के अनुसार फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय को गुमराह कर बने हुए हैं और सूत्रों के अनुसार उक्त कूट रचित प्रविष्टियां और दस्तावेजों को मान्य करनें में राजनेतिक रसूख के अलावा तत्कालीन पीठासीन अधिकारी की भूमिका एक गहन जांच का विषय है। येन केन प्रक्रेण वादी मुकद्दमा बन रमाकांत कौशिक द्वारा निवर्तमान सहायक प्रबंधक डाल चन्द चौधरी पर सर्व प्रथम दबाव डाला गया और अनुचित लाभ लेते हुए निजी सौक करनें की सुबिधा प्राप्त की जिनको अपनाकर खुशहाली पूर्वक दानघाटी मंदिर की प्रबंध व्यवस्था देख रहे सहायक प्रबंधक डाल चन्द चौधरी ने अपना सर ओखली में देने का कार्य कर दिया और नतीजन तथाकथित वादी मुकद्दमा रमाकांत कौशिक की महत्त्वकाचाएं बढ़ती चली गई जो सूत्रों के अनुसार लाखों रुपए प्रति महीने में ही पूरी हो सकती थी क्योंकि डाल चन्द चौधरी को भी न्यायालय में हिसाब किताब देना होता था तो मजबूरन उन्हें तथाकथित वादी मुकद्दमा रमाकांत कौशिक की अनुचित मांगे अस्वीकार करनी पड़ी लेकिन डाल चन्द चौधरी द्वारा सर्व प्रथम दबाव में आकर वादी मुकद्दमा रमाकांत कौशिक को मान्य कर मुंह लगा कर ओखली में सर दे दिया गया था तो फिर मांगे अस्वीकार करते ही तथाकथित वादी मुकद्दमा रमाकांत कौशिक द्वारा दानघाटी मंदिर में प्रबंध व्यवस्था के नाम पर लाखों नही अपितु करोड़ों रुपए के गबन करने के आरोप लगाते हुए गबन रूपी मूसल वर्षाना प्रारंभ कर थाना। गोवर्धन में एक रिपोर्ट दर्ज करा दी गई और एड़ी चोटी का जोर लगा कर 29 मई 2019 से डालचंद चौधरी को जेल भिजवाया गया था जहां आज भी डालचंद चौधरी जेल की रोटियां खा रहा है वहीं एक तीर से कई शिकार करने हेतु उक्त मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कराई गई और उक्त प्रकरण में एक विपक्षी ठेकेदार को भी उक्त राशि के घोटाले में शामिल करार करा दिया गया तो प्रश्न यह उठता है कि रिपोर्ट कर्ता की रिपोर्ट अनुसार जो राशि गबन करने में दर्शाई गई है करीब करीब उतनी ही राशि उक्त विपक्षी ठेकेदार दोनो भाइयों पर भी दर्शाई गई है तो आखिर गबन हुआ कितनी राशि का यह एक गूढ गूंड रहस्य है लेकिन एक यह भी कहावत है कि जो दूसरों को गड्ढा खोदता है आखिरकार उसको भी एक न एक दिन उसमें गिरना पड़ता है क्योंकि ऊपर वाले की लाठी वेआवज है और उक्त प्रकरण में भी यही हाल हुआ और गबन कर्ताओं में सूत्रों के अनुसार तथाकथित वादी मुकद्दमा रमाकांत कौशिक के भाई हरि उर्फ हरि चेना का नाम भी सामने आ गया जो अभी तक आजादी से खुल्ला घूम रहा है जबकि भारतीय संविधान और गबन आखिर गबन ही होता है फिर चाहे वो कुछ रुपयों का हो या फिर करोड़ों रुपए का हो धाराएं गबन में लगने वाली ही लगती हैं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना 17 सितम्बर 2023 से सम्पूर्ण देश में लागू की जा चुकी है

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उप आयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र/सदस्य संयोजक जिला क्रियान्वयन समिति पी.एम.विश्वकर्मा सुधीर कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पी0एम0 विश्वकर्मा योजना 17 सितम्बर 2023 से सम्पूर्ण देश में लागू की जा चुकी है। इस योजना का नोडल विभाग एम.एस.एमई है। यह योजना 5 वर्षो के लिये लागू की जा रही है। यह योजना परम्परागत हस्तल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्टि पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि (skill development)उन्नतशील टूल्स, कोलेट्रल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्रांडिग सपोर्ट करने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। आवदकों को जन सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.)के माध्यम योजना से अपना पंजीकरण कराना है।

योजना के अन्तर्गत 18 ट्रेडों को सर्ममेलित किया गया है, जिसमें बढ़ई, लोहार, कुम्हार सुनार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, बुनकर, दर्जी, नाव निर्माता, अस्त्रकार हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, टोकरी, चटाई, झाड़ू एवं डॉयर बुनकर, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाला, मछली का जाल बुनने वाला इत्यादि शामिल है। योजना में न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। लाभार्थी को जन सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.)के माध्यम से अपने को किसी एक ट्रेड में पंजीकृत करना है। सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिसके उपरान्त लाभार्थी को रु0 15000.00 का e-RUPI/e-vouchers दिया जायेगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड से सम्बन्धित टूलकिट को खरीद सकेगा।

टूलकिट प्राप्त कर रोजगार प्रारम्भ कर लाभार्थी को इच्छुक होने पर रू.1.00 लाख का ऋण 5 प्रतिशत के सामान्य ब्याज पर बगैर किसी गारन्टी के उपलब्ध कराया जायेगा। उपरोक्त फेज-1 में लिये गये ऋण को चुका देने पर लाभार्थी को Advance Skill Training हेतु 15 दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा और पुनः इच्छुक होने पर रू0 2.00 लाख का ऋण 5 प्रतिशत के सामान्य ब्याज पर बगैर किसी गारन्टी के उपलब्ध कराया जायेगा। योजना के पात्र अभ्यर्थी/इच्छुक लाभार्थी अपना पंजीकरण ऑन लाइन के माध्यम से जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से करा सकते हैं। पंजीकरण करने की वेबसाइट pmvishkarma.gov.in बेवसाइट पर कर सकते हैं। ऑन लाइन किये जाने की अंतिम तिथि 15.12.2023 निर्धारित की गयी है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लाभार्थियों का पंजीकरण पंचायती राज्य विभाग/नगर विकास विभाग/समाज कल्याण विकास विभाग/कौशल विकास विभाग/आई टी एवं इलेक्ट्रोनिक्स विभाग तथा जनपद के विकास खण्डों, तहसीलों एवं ग्राम सचिव तथा अन्य विभागों की सहायता से अभ्यर्थियों का सत्यापन कराते हुए त्रिस्तरीय जनपद स्तर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। अतःअनुरोध है कि आप द्वारा योजना का समुचित प्रचार एवं प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से काटाएप ग्रुप, सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से किया जाये, जिससे जनपद का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्गो को भेंट देकर लिया आशीर्वाद

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन ग्रुप की सरोज देवी वृद्ध आश्रम में खाद्य सामग्री और वस्त्र आदि का वितरण किया और बुजुर्गो का आर्शीवाद लिया।ग्रुप की सदस्यों सीमा सिंह नीतू मिश्रा,प्रभा गाबा,गरिमा दुबे ने बुजुर्गो के बीच जाकर सामग्री का वितरण किया और खुशियां बांटी।इन सदस्यों ने कहा कि बुजुर्गो के बीच आकर खुशियां बांटना अच्छा लगता है।यह बुजुर्ग भी हमारे समाज का अभिन्न अंग है और इनके साथ खुशियां बांटकर इनका आर्शीवाद लिया।उन्होने कहा कि ग्रूप की ओर से यह सेवा कार्य किया जाता रहेगा।

### प्रदीप शाक्य बने सपा इटावा के जिलाध्यक्ष

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदीप शाक्य बबलू को बनाया गया समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष।जानकारी के अनुसार पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं प्रदीप शाक्य बबलू मालाजनी के पास स्थित ग्राम भतौरा के मूल निवासी हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं प्रदीप शाक्य बबलू।जनपद में सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही लोगों को श्री शाक्य के जिलाध्यक्ष बनने की जानकारी प्राप्त हुई वैसे ही बधाई देने वालों का तांता लग गया।

### अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में लगा बाल मेला

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में मंगलवार को बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को खिराजे अकीदत पेश की।विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा विभिन्न आकर्षक स्टाल लगाए गए प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों के मनोरंजन हेतु मिक्की माउस लगवाया गया जिसका सभी बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया।इस अवसर पर फरहत अली, आमिर ख़ान, हाफिज मोहम्मद इकबाल अजहरी, गुलजार, फरहीन नाज़, जेबा नाज़, इस्मत अंजुम, इफ्फत परवीन, गजाला, मु0 इमरान आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिस और लूट के आरोपियों के मध्य मुठभेड़, दो घायल सहित तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना नोहझील पुलिस और एसओजी टीम की के मध्य हुई मुठभेड़ में लूट के दो आरोपी गोली लगने से घायल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार लूटी हुई रकम और अवैध असलाह तथा मोटरसाइकिल बरामद कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना नोहझील के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह और एसओजी प्रभारी राकेश कुमार ने मुखविर की सूचना पर बुलाकपुर अंडरपास से पलखेड़ा की तरफ जाने वाली सर्विस रोड माइनर ब्रिज के पास पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई बदमाशों की पुलिस के ऊपर चलाई गई गोली से बचाव करते हुए आत्मरक्षा में पुलिस के द्वारा चलाई गई गोली से दो बदमाश घायल होकर गिर पड़े तीसरे साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश सूरज पुत्र कृपाल गौरव पुत्र रतन सिंह निवासी सुहागपुर थाना नौहझील और अनमोल पुत्र उदय सिंह निवासी सुहागपुर थाना नौहझील को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है पूछताछ में बदमाशों ने बताया 17 नवंबर को एक व्यक्ति से लूटपाट की थी जिसका मुकदमा थाना पर दर्ज है पकड़े गए आरोपियों से 3 अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस 50 हजार रुपये लूटे में से 48 हजार रुपये एक मोटर साइकिल और अन्य सामान बरामद किया है।

### हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थ को लेकर प्रतिष्ठानों पर छापा

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शासन/मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में ऐसे खाद्य पदार्थ जिन पर एफएसएसएआई के प्रमाण के अलावा हलाल प्रमाणन वाले खाद पदार्थों को प्रतिबंधित किए जाने के उपरांत की कई खाद्य प्रतिष्ठानों तथा शॉपिंग मॉल पर छापामार कार्यवाही करते हुए साल्टेड पीनट, माउथ फ्रेशनर, हिमालयन पिंक साल्ट तथा अरहर दाल के चार सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए जिन पर हलाल सर्टिफिकेशन का सिंबल अंकित था।

### कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**मथुरा।** कांग्रेसियों ने राया के पटाखे बाजार अग्निकांड में काल के गाल में समाए 11 लोगों की आत्मा की शांति के लिए मंगलवार को होली गेट से विकास मार्केट गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने कहा कि 11 लोगों की जान जाने के बाद सांसद हेमा मालिनी उनके घरों तक नहीं पहुंची हैं। मुख्यमंत्री भी मथुरा आकर मृतकों के घर नहीं पहुंचे। सरकार जश्न मना रही है।भाजपा दलित विरोधी है। प्रदेश सचिव दिनेश सेनवाल ने कहा सरकार मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपए एक घर और सरकारी नौकरी दे नहीं तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# सब रोगों की अमूल्य औषधि है भागवत कथाः बृह्मानंद महाराज

## दिल्ली-आगरा हाईवे पर संकट मोचन हनुमान मंदिर अल्हैपुर मंदिर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में झूमे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

■ गौ, गंगा, गीता सनातन धर्म की रीढ़

■ समपर्ण भाव ही सबसे बड़ी भक्ति

**चौमुहां (मथुरा)।** गंगा, गीता व गौ सेवा से ईश्वर का मार्ग सहज है। इंसान गंगा जैसा पवित्र, गीता जैसा पथ, मर्यादा पुरूषोत्तम जैसा संयमित हो। महिलाएं सीता जैसा चरित्र रखें। भक्त गोपियों जैसी भक्ति रखें। ये उद्गार दिल्ली-आगरा हाईवे पर संकट मोचन हनुमान मंदिर अल्हैपुर मंदिर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से स्वामी बृह्मानंद महाराज ने श्रोताओं के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भागवत में भक्ति, ज्ञान, बैराग्य और त्याग समाहित हैं । हर इंसान सत्कर्म व भगवान का भजन जरूर करे। जरूरी नहीं है कि माला फेरने से ही भजन हो, काम के साथ भी ईश्वर में ध्यान रखना भी भजन है। समय मिले तो भगवान के स्वरूप के समक्ष एकाग्र होकर प्रभु के ध्यान में तल्लीन हों जाएं। तो निश्चित रूप से जीव का कल्याण होता है। मनुष्य विकारों को त्यागकर, गुरु की निस्वार्थ सेवा, भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखकर समर्पित भाव से किया गया हर कार्य सफलता के दरवाजे खोलता है। जीवन का लक्ष्य आत्मा का बोध है, जो जीव की आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। कर्मो के बंधन को त्यागना ही मुक्ति है। बैराग्य धारणकर प्रभू का नाम लें। प्रेमरस भक्ति का पर्याय है। भक्ति पाने को, गुरू, संत, महापुरुषों की सेवा से जरुरी है। भागवत के समक्ष अमृत भी फीका है। भावगत पोथी, पन्ना नहीं बल्कि पीडा, पाप का संकटमोचक औषधि है। कथा का श्रवण विन्रम, विवेकशील ही करता है। भागवत श्रवण उपरांत चिंतन, मंथन भी करें। भागवत को कन्या विवाह की तरह करें, प्रचार प्रसार भी करें। गौ, गंगा और गायत्री सनातन धर्म की रीढ़ हैं। आज सनातन धर्म कुठाराघात हो रहा है। संस्कार विहीन शिक्षा इसकी मुख्य वजह है जो चिंतनीय, निंदनीय है। जहां भागवत का नित्य पाठ हो वहां प्रभू का वास जरुर रहता है। काल से मुक्ति का उपाय भी भागवत है। भागवत सभी रोगों की औषधि है। हजारों वर्षो में जो कार्य विदेशी आका न कर सके वो काम तथाकथित सेक्यूलरिजम कर रहे है। सनातनी सर्वे भवंतु सुखिन पथ पर अग्रसर हैं। ऐसे में गौ, गंगा र गायत्री की रक्षा सबका कर्तव्य है। भागवत कथा में तमाम समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं।

# मथुरा में ज्वेलर्स को गन पॉइंट पर लेकर दिनदहाड़े लाखों की लूट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक दो दिन पहले मंगलवार को थाना सदर बाजार की नरसीपुरम कॉलोनी में ज्वैलर्स और उनके तीन वर्षीय बेटे को गन प्वाइंट पर लेकर दिनदहाड़े की लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा-व्यवस्था को बड़ी चुनौती दे डाली। मोटरसाइकिल सवार तीन नकाबपोश हथियारबंद तीन बदमाश दुकान में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने लूट कर ले गए। विरोध करने पर बदमाशों ने भीड़ को निशाना बनाकर सीधे फायरिंग भी की। एक गोली दुकान के शटर को भेद कर पार हो गई। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश के लिए चार टीमें लगाई हैं। टीमें आसपास के सीसीटीवी देख रहे ही है। इसमें बदमाश एआरटीओ कार्यालय की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 23 नवंबर को मथुरा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए पुलिस के अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस की खुफिया शाखा की तेज तर्रार अधिकारियों भी संदिग्ध लोगों की टोह लेने के लिए लगे हुए हैं। ऐसे में आज दोपहर करीब तीन बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश आए। तीनों ने ही नकाब लगा रखे थे और उनके पास हथियार भी थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम में दो नए चेहरे

शाई होप की अगुवाई वाली टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन और छह दिसंबर को एंटीगा तथा नौ दिसंबर को बारबाडोस में वनडे मैच खेलेगी। इसके बाद दोनों टीम के बीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड और मैथ्यू फोर्ड के रूप में दो नए चेहरे अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किए हैं। विकेटकीपर शेन डाउरिच और सलामी बल्लेबाज केजॉर्न ओटले की टीम में वापसी हुई है। डाउरिच ने अपना एकमात्र वनडे मैच 2019 में खेला था जबकि ओटले ने जनवरी 2021 में दो वनडे मैच खेले थे।

शाई होप की अगुवाई वाली टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन और छह दिसंबर को एंटीगा तथा नौ दिसंबर को बारबाडोस में वनडे मैच खेलेगी। इसके बाद दोनों टीम के बीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है शाई होप (कप्तान), एलिक अथानाज़े, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज़, शेन डाउरिच, मैथ्यू फोर्डे, शिम्रोन हेटमायर, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, केजोर्न ओटले, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, ओशाने थॉमस।

# इटली, स्लोवेनिया और चेक गणराज्य ने यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया

इटली प्लेऑफ में हारने के कारण पिछले दो विश्व कप के लिए क्वालीफाई ही नहीं कर पाया था। यूक्रेन को ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए इटली पर जीत की जरूरत थी। उसे अब प्लेऑफ में खेलना पड़ेगा।

पिछले दो विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे इटली ने अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित करके राहत की सांस ली। इटली के अलावा स्लोवेनिया और चेक गणराज्य ने भी यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

चेक गणराज्य के कोच जारोस्लाव सिलहावी ने मोल्दोवा के खिलाफ अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। पिछले पांच साल से इस पद पर बने सिलहावी ने कहा कि उन्होंने मैच से पहले ही यह निर्णय कर लिया था।

इटली को ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करने और प्लेऑफ से बचने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी। उसने यूक्रेन के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेल कर यह महत्वपूर्ण अंक अर्जित किया और जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया। इटली प्लेऑफ में हारने के कारण पिछले दो विश्व कप के लिए क्वालीफाई ही नहीं कर पाया था। यूक्रेन को ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए इटली पर जीत की जरूरत थी। उसे अब प्लेऑफ में खेलना पड़ेगा।

इंग्लैंड इस ग्रुप से पहले ही क्वालीफाई कर चुका था। उसने उत्तरी मेसेडोनिया से 1-1 से ड्रॉ खेल कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। स्लोवेनिया और चेक गणराज्य को भी यूरो 2024 में जगह बनाने के लिए एक अंक की जरूरत थी। स्लोवेनिया ने कजाखस्तान को 2-1 से जबकि चेक गणराज्य ने मोल्दोवा को 3-0 से हराया।

# ऑस्ट्रेलियाके खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भारत की अगुआई करेंगे सूर्यकुमार यादव

एकदिवसीय विश्वकप के हालिया फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद भारत ने विश्व कप टीम में शामिल सिर्फ तीन खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला के लिए चुना है जिनमें प्रसिद्ध कृष्णा, इशान किशन और सूर्यकुमार शामिल हैं।

सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखा पत्तनम में 23 नवंबर से होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय टीम का कप्तान चुना गया।

एकदिवसीय विश्वकप के हालिया फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद भारत ने विश्व कप टीम में शामिल सिर्फ तीन खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला के लिए चुना है जिनमें प्रसिद्ध कृष्णा, इशान किशन और सूर्यकुमार शामिल हैं। श्रृंखला के शुरुआती तीन मैच में सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर रायपुर और बेंगलुरु में होने वाले आखिरी दो मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे और इन मैचों में उपकप्तानी की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी।

भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण श्रृंखला के लिए टीम के मुख्य कोच होंगे। टीम इस प्रकार है सूर्य कुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मुकेश कुमार।

# त्रिनिदाद से हार के बावजूद अमेरिका ने कोपा अमेरिका में जगह बनाई

त्रिनिदाद ने पोर्ट ऑफ स्पेन में सोमवार को खेले गए मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। उसने अपने दोनों गोल डेस्ट को 39वें मिनट में बाहर किए जाने के बाद किये। अमेरिका ने पिछले सप्ताह ऑस्टिन में खेले गए पहले चरण के मैच में 3-0 से जीत हासिल की थी।

सर्जिनो डेस्ट को 30 सेकंड के अंदर दो पीले कार्ड मिलने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही अमेरिका की टीम त्रिनिदाद से हार के बावजूद अगले साल होने वाली कोपा अमेरिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही। त्रिनिदाद ने पोर्ट ऑफ स्पेन में सोमवार को खेले गए मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। उसने अपने दोनों गोल डेस्ट को 39वें मिनट में बाहर किए जाने के बाद किये। अमेरिका ने पिछले सप्ताह ऑस्टिन में खेले गए पहले चरण के मैच में 3-0 से जीत हासिल की थी।

उसने इस तरह से त्रिनिदाद को 4-2 के कुल अंतर से हराकर कोपा अमेरिका में अपनी जगह सुरक्षित की, जिसमें कुल 16 टीम भाग लेंगी। अमेरिका ने इस तरह से इस साल का अंत 11 जीत, चार हार और पांच ड्रा के साथ किया।

# शाहिद कपूर और माधुरी दीक्षित गोवा में आईएफएफआई 2023 के उद्घाटन समारोह में निभाएंगे मुय भूमिका

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह नौ दिनों 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। माधुरी दीक्षित और शाहिद कपूर इफ्फी गोवा, 2023 में सुर्खियां बटोरेंगे। और अब, इस बात पर प्रकाश डाला गया है।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह नौ दिनों 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। माधुरी दीक्षित और शाहिद कपूर इफ्फी गोवा, 2023 में सुर्खियां बटोरेंगे। और अब, इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड सितारे, माधुरी दीक्षित और शाहिद कपूर मुख्य भूमिका निभाएंगे। शाहिद और माधुरी के अलावा, कई अन्य हस्तियां आईएफएफआई गोवा, 2023 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए दिखाई देंगी। श्रिया सरन, नुसरत

भरुचा, पंकज त्रिपाठी से लेकर श्रेया घोषाल और सुखविंदर सिंह जैसे कलाकार महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आएंगे।

सिनेमा ने मुझे बहुत कुछ दिया है, बदले में कुछ वापस देने का समय आ गया है। ऐसा करने का गीत और नृत्य से बेहतर तरीका क्या हो सकता है, जो न केवल भारतीय सिनेमा, बल्कि भारतीय संस्कृति का भी अभिन्न अंग है? शाहिद भी अपने मेडले में परफॉर्म करेंगे और प्रकाशन के अनुसार, जब से मुझे याद है लाइव दर्शकों के सामने परफॉर्म करना एक ऐसी चीज है जिसे मैंने वास्तव में पसंद किया है। आईएफएफआई को धन्यवाद, मुझे एक बार और ऐसा करने का मौका मिला है।

इस बीच, रिपोर्टों के अनुसार, समापन समारोह का नेतृत्व संगीतकार अमित त्रिवेदी और अभिनेता अपारशक्ति खुराना करेंगे। इससे पहले, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आईएफएफआई गोवा के संबंध में एक बयान साझा किया था और कहा था, देश भर के हमारे फिल्म निर्माताओं के जुनून और हमारे सहयोग की बदौलत आईएफएफआई हर साल बढ़ रहा है। दुनिया भर के निर्देशकों और निर्माताओं के साथ जुड़ने में सक्षम हुए हैं। जैसे ही हम सभी क्षेत्रों, सिनेमा, कला और संस्कृति में भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत करने के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हैं, हमारे युवाओं को दुनिया भर में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बना सकते हैं। उन कहानियों के साथ मंच जो मूल रूप से वैश्विक और दिल से स्थानीय हैं। वास्तव में, आईएफएफआई सहयोग, संयुक्त निर्माण और अत्याधुनिक तकनीक स्थापित करने के लिए एक आदर्श मंच बन गया है।

# अक्षय कुमार के बॉडीगार्ड ने फैन को दिया धक्का, एक्टर ने लिया तुरंत एक्शन

सिंघम अगेन में बाजीराव सिंघम के रूप में अजय देवगन का फर्स्ट लुक अब सामने आ गया है। निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर साझा किया। इसमें अजय देवगन की तुलना जख्मी शेर से की जा रही है।

सिंघम अगेन में बाजीराव सिंघम के रूप में अजय देवगन का फर्स्ट लुक अब सामने आ गया है। निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्टर साझा किया। इसमें अजय देवगन की तुलना जख्मी शेर से की जा रही है। तस्वीर को कैप्शन देते हुए शेट्टी ने लिखा, शेर आतंक मचाता है, और जख्मी शेर तबाही! हर किसी का पसंदीदा पुलिसकर्मी, बाजीराव सिंघम वापस आ गया है!... सिंघम फिर से।

टीवी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे वर्तमान में बिग बॉस 17 में नजर आ रही हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के अंतिम संस्कार में क्यों शामिल नहीं हो सकीं। 2020 में आत्महत्या से मरने



वाले सुशांत की असामयिक मृत्यु के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा मैं तो उसके अंतिम संस्कार पर भी नहीं गई थी। मैं जा ही नहीं पाई। मुझे लगा मैं नहीं देख सकती ये। मैं ये देख ही नहीं सकती।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह नौ दिनों 20 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। माधुरी दीक्षित और शाहिद कपूर इफ्फी गोवा, 2023 में सुर्खियां बटोरेंगे। और अब, इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड सितारे, माधुरी दीक्षित और शाहिद कपूर मुख्य भूमिका निभाएंगे। शाहिद और माधुरी के अलावा, कई अन्य हस्तियां आईएफएफआई गोवा, 2023 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए दिखाई देंगी। श्रिया सरन, नुसरत भरुचा, पंकज त्रिपाठी से लेकर श्रेया घोषाल और सुखविंदर सिंह जैसे कलाकार महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आएंगे।

# भारत का डंका! नेटफ्लिक्स की वीर दास लैंडिंग ने सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार जीता

वीर दास ने यूनिक कॉमेडी स्पेशल श्रेणी में एमी जीतकर अपने देश को गौरवान्वित किया है। उन्हें वीर दास लैंडिंग के लिए नामांकित किया गया था, जो वर्तमान में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। उन्होंने यह पुरस्कार डेरी गर्ल्स-सीज़न 3 के साथ साझा किया।

वीर दास ने यूनिक कॉमेडी स्पेशल श्रेणी में एमी जीतकर अपने देश को गौरवान्वित किया है। उन्हें वीर दास लैंडिंग के लिए नामांकित किया गया था, जो वर्तमान में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। उन्होंने यह पुरस्कार डेरी गर्ल्स-सीज़न 3 के साथ साझा किया। वीर दास ने इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स 2023 में सर्वश्रेष्ठ अनूठी कॉमेडी की ट्रॉफी घर लाकर इतिहास रच दिया। नेटफ्लिक्स विशेष शीर्षक वीर दास लैंडिंग वर्तमान में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। उन्होंने यह पुरस्कार डेरी गर्ल्स- सीज़न 3 के साथ साझा किया। दोनों के बीच मुकाबला

बराबरी का था।

भारतीय मनोरंजन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर में, हास्य अभिनेता और अभिनेता वीर दास ने नेटफ्लिक्स के वीर दास लैंडिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कार जीता है, जो उनके शानदार करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने यह पुरस्कार डेरी गर्ल्स-सीज़न 3 के साथ साझा किया। यह समारोह, जो विश्व स्तर पर टेलीविजन उत्कृष्टता के शिखर का जश्न मनाता है, वीर की जीत का गवाह बना, जिसने कॉमेडी शैली में उनकी प्रतिभा को रेखांकित किया।

पुरस्कार समारोह से एक दिन पहले, वीर दास ने एक क्लिप पोस्ट की जिसमें उन्होंने कहा कि जिस दिन उन्हें आतंकवादी कहा गया, उसी दिन उन्हें अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया था। उन्होंने लिखा, ब्रह्मांड एक पूर्ण चक्र है। इसलिए बस धन्यवाद कहना चाहता हूं कि अगर वहां कोई भी कभी अंधेरे में है, तो सूरज की रोशनी तक रुकें, और जान लें कि प्यार आपको ढूंढ लेगा, और ब्रह्मांड आपको ले जाएगा। दास की एमी जीत न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि भारत के लिए भी गर्व का क्षण है, क्योंकि वह शेफाली शाह और जिम सर्भ जैसे साथी भारतीय नामांकितों के साथ खड़े थे, जिन्हें उनकी संबंधित श्रेणियों में मान्यता मिली थी। इस वर्ष के नामांकन में 14 श्रेणियों में 20 देशों के 56 उम्मीदवारों का एक विविध समूह शामिल था, जो अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कारों की वैश्विक पहुंच और प्रभाव को उजागर करता है। इस नेटफ्लिक्स विशेष में, वीर दास ने राजनीति के चश्मे से भारतीय और अमेरिकी संस्कृतियों के अंतर्संबंध के बारे में बात की। भारत में जन्मे और अमेरिका में पले-बढ़े एक व्यक्ति के रूप में, वीर के लिए कोई भी संस्कृति शून्य में अस्तित्व में नहीं थी। वे एक-दूसरे के साथ निरंतर संपर्क में थे।

# सलमान की फिल्म ने दुनिया भर में 271 करोड़ रुपये कमाए

सलमान खान और कैटरीना कैफ की दिवाली रिलीज टाइगर 3, टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। यह फिल्म भारत और दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है। सलमान खान और कैटरीना कैफ की दिवाली रिलीज टाइगर 3, टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। यह फिल्म भारत और दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है। टाइगर 3 अब ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये के क्लब की ओर बढ़ रही है। भारत में इसने अब तक 187 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। टाइगर 3 वाईआरएफ की जासूसी फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त है। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, यह साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी, जो शानदार समीक्षाओं के साथ खुली। एक्शन-थ्रिलर ने भारत में अपने शुरुआती दिन में सभी भाषाओं में 44.50 रुपये की कमाई की। ट्रेड रिपोर्ट के मुताबिक, 5वें दिन, 16 नवंबर को

इसमें गिरावट देखी गई और इसकी कुल कमाई में 18.50 करोड़ रुपये जुड़ गए। भारत में अब टाइगर 3 का कुल कलेक्शन 187.65 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म को कुल मिलाकर 16.44 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी मिली।

फिल्म के निर्माताओं के अनुसार, टाइगर 3 ने दुनिया भर में 270 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। उनके बयान के एक हिस्से में लिखा है, भारत में बॉक्स ऑफिस पर अपने मजबूत पैर जमाने के बाद, फिल्म ने केवल चार दिनों में 271.50 करोड़ रुपये की कमाई करके वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भी राज किया। टाइगर 3 इस समय दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है वॉर और पठान के बाद आती है। फिल्म में सलमान खान और कैटरीना कैफ क्रमशः अविनाश और जोया के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए नजर आएंगे। मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3 का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान और ऋतिक रोशन ने कैमियो किया है। इसका साउंडट्रैक प्रीतम द्वारा रचित है, जबकि बैकग्राउंड स्कोर तनुज टिकू द्वारा रचित है। कथित तौर पर, टाइगर 3 300 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट पर बनाई गई थी, इस प्रकार यह यशराज फिल्म्स का सबसे महंगा प्रोजेक्ट बन गया।

# ई-टैक्सी योजना का शुभारंभ

## प्रथम चरण में जारी होंगे 500 परमिटः सुक्खू

**इतिहास**

**ई-टैक्सी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान**

एजेंसी

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत ई-टैक्सी योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने ई-टैक्सी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट का शुभारम्भ किया, जिसके माध्यम से आवेदक एक महीने की अवधि के भीतर इस वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में ई-टैक्सी के लिए 500 परमिट जारी किए जाएंगे तथा आने वाले समय में मांग के आधार पर परमिट की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को आय के निश्चित साधन उपलब्ध करवाने के लिए चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों को ई-टैक्सी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ई-टैक्सी की खरीद के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी भी दे रही है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत ऋण लेने की शर्तों में भी ढील दी जाएगी।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ, वायु प्रदूषण को कम करने और 31 मार्च 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि ई-टैक्सी के साथ-साथ राज्य सरकार ई-बस तथा ई-ट्रक की खरीद पर भी 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निजी बस ऑपरेटरों को ई-बसों के लिए भी 24 परमिट जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की देश में यह पहली योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य में ई-वाहनों की चार्जिंग के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। 17 ई-चार्जिंग स्टेशन अगले दो महीने में बनकर तैयार हो जाएंगे तथा इसके साथ-साथ परिवहन विभाग भी ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम की सभी डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से ई-बसों में परिवर्तित कर रही है तथा पहले चरण में 300 ई-बसें खरीदी जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के दूसरे चरण में युवाओं को सौर ऊर्जा परियोजना लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध हों। इस योजना के प्रारुप को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही इस योजना का भी शुभारंभ किया जाएगा।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट के एमडी अजय सिंह को फिर तलब किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कम लागत वाली एयरलाइन स्पाइसजेट ने दिल्ली उच्च न्यायालय को पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किए जाने पर संभावित दिवालियापन जोखिम के बारे में बताया। एयरलाइन ने इसके बजाय इक्विटी जारी करके बकाया राशि का निपटान करने का प्रस्ताव रखा।सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पाइसजेट के दिवालियापन के दावों पर संदेह व्यक्त किया और कहा कि देनदारों के बीच ऐसी दलीलें आम हैं। अदालत ने यह भी कहा कि मारन को समझौते के तौर पर शेयर स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इस बीच, अदालत ने एयरलाइन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजय सिंह को भी अगली सुनवाई पर अदालत में उपस्थित रहने के लिए बुलाया। इस मामले में सिंह के लिए यह पहला समन नहीं है, इससे पहले उन्हें इसी साल अगस्त में अदालत में पेश होने के लिए कहा गया था।स्पाइसजेट को मारन और केएएल एयरवेज को 578 करोड़ रुपये और ब्याज का भुगतान करने का निर्देश देने वाले 2018 के मध्यस्थ पुरस्कार के प्रवर्तन से जुड़ा मामला 10 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह मामला शुरू में न्यायमूर्ति योगेश खन्ना के पास था, लेकिन अब इसे न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी को स्थानांतरित कर दिया गया है। स्पाइसजेट ने उच्च न्यायालय की खंडपीठ में मध्यस्थ फैसले का विरोध किया है, जिससे कानूनी विवाद चल रहा है।मारन ने 440 करोड़ रुपये के ब्याज का दावा किया है, जबकि स्पाइसजेट का कहना है कि उसने अगस्त में अदालत के निर्देश के बाद 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जबकि केवल 194 करोड़ रुपये अधिक बकाया है। स्पाइसजेट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील अमित सिब्बल ने परिचालन घाटे, नकारात्मक निवल मूल्य और कर्मचारी दायित्वों का हवाला देते हुए एयरलाइन के वित्तीय संकट पर जोर दिया, जिससे दिवालियापन हो सकता है।सिब्बल ने अदालत से आग्रह किया कि जब तक खंडपीठ मध्यस्थता विवाद पर फैसला नहीं सुना देती, तब तक फैसले को रोक दिया जाए। अदालत ने स्पाइसजेट की आकस्मिक योजना के बारे में सवाल उठाए, क्या डिवीजन बेंच ने मध्यस्थ पुरस्कार को बरकरार रखा था।

**एक नजर**

### तेज रफ्तार ट्रक ने आटो रिक्शा को पीछे से मारी टक्कर, दो की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में जाजपुर जिले के पनिकोइली चक के पास मंगलवार को तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटोरिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके दो लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में 12 साल की एक किशोरी और सात साल का किशोर शामिल है। सभी घायलों को जाजपुर जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में से चार लोगों को गंभीर चोटें आयी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा के समय पीड़ित भद्रक जिले के सहापाड़ा गांव के पटनासाही से भगवान जगनाथ के दर्शन के लिए पुरी जा रहे थे।

### अटल डुल्लू बन सकते हैं जम्मू-कश्मीर के नए मुख्य सचिव

**जम्मू।** वर्तमान प्रभारी ए.के. मेहता के इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने के बाद आईएएस (1989 बैच) अटल डुल्लू के जम्मू-कश्मीर के नए मुख्य सचिव होने की संभावना है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुरोध पर अटल डुल्लू को समय से पहले जम्मू-कश्मीर वापस भेज दिया है।अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडित समुदाय से आने वाले अटल डुल्लू ने अतीत में विभिन्न पदों पर जम्मू-कश्मीर की सेवा की है। वह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर कैडर, अब एजीएमयूटी कैडर से हैं।

### बेंगलुरू में उद्योगपतियों के आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी

**बेंगलुरु।** कर चोरी के आरोपों के बीच आयकर (आईटी) विभाग ने मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर उद्योगपतियों के आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी जारी है। आज सुबह शुरू हुई एक साथ छापेमारी मगदी रोड, औडुगोडी और अन्य स्थानों पर की जा रही है। यह छापेमारी उद्योगपतियों द्वारा बड़ी कर चोरी के संबंध में शिकायतों की पृष्ठभूमि में की गई है।

# 2020 दिल्ली दंगेः सबूतों के अभाव में 7 लोग हुए बरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साल 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने सात आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अगुवाई वाली अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान में आगजनी, तोड़फोड़ और चोरी में शामिल दंगाई भीड़ का हिस्सा थे।न्यायाधीश ने शिकायतकर्ता सलमान मलिक की दुकान में तोड़फोड़ और आगजनी पर ध्यान देते हुए, दंगाई भीड़ के हिस्से के रूप में आरोपियों की पहचान पर चिंता जताई।अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाह निसार अहमद ने अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें चार आरोपियों की पहचान की गई। हालांकि, अदालत ने कहा कि फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) द्वारा छेड़छाड़ या हेराफेरी के लिए वीडियो की जांच नहीं की गई थी।घटना के समय में विसंगतियों सहित अभियोजन पक्ष के मामले में विरोधाभासों को ध्यान में रखते हुए, न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे विरोधाभासों ने अभियुक्तों का पक्ष लिया। घटना का वीडियो भी अदालत में पेश नहीं किया गया, जिससे अभियोजन पक्ष के मामले पर और संदेह पैदा हो गया। नतीजतन, न्यायाधीश ने निष्कर्ष निकाला अभियोजन पक्ष भीड़ में आरोपी व्यक्तियों की उपस्थिति को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप सभी सात आरोपी व्यक्तियों को बरी कर दिया गया। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ दंगा, आगजनी और चोरी सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गोकलपुरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

# फिल्म बाजार सृजनात्मकता, व्यापार, विचारों और प्रेरणाओं का संगमः अनुराग

एजेंसी

**पणजी।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज गोवा के मैरियट रिजॉर्ट में दक्षिण एशिया के सबसे बड़े फिल्म बाजार का उद्घाटन करते हुए कहा कि फिल्म बाजार, जानकारी के हलचल भरे बाजार की तरह, दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं, प्रोड्यूसरों और कहानीकारों के लिए एक स्वर्ग है। उन्होंने कहा, यह सृजनात्मकता और व्यापार, विचारों और प्रेरणाओं का संगम है जो इस फलते-फूलते सिनेमाई बाजार के आधार का निर्माण करता है।इस अवसर पर, अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग को 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा और विश्वव्यापी उद्योग माना जाता है। सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा, अपने 17वें वर्ष में, फिल्म बाजार आईएफएफआई का एक अपरिहार्य आधार बन गया है, जो सीमाओं से आगे बढ़कर एशिया के सबसे बड़े फिल्म बाजारों में से एक बन चुका है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस वर्ष, फिल्म बाजार के लिए फिल्मों का चयन फिक्शन, डॉक्यू-शॉर्ट्स, डॉक्यूमेंट्रीज, हॉरर फिल्मों और यहां तक कि एक एनीमेटेड फिल्मों के काल्पनिक कथानक के विविध मिश्रण को दर्शाता है जो प्रवासी, पितृसत्ता, शहरी चिंता, अत्यधिक गरीबी, जलवायु संकट, राष्ट्रवाद, खेल और फिटनेस से जुड़े सार्वभौमिक विषयों से संबंधित है।

सूचना और प्रसारण मंत्री ने को-प्रोड्क्शन बाजार के बारे में बात करते हुए कहा, हम को-प्रोड्क्शन बाजार में गर्व से 7 देशों के बारह वृत्तचित्र प्रस्तुत कर रहे हैं, जो 17 अलग-अलग भाषाओं में जीवन की खोज करते हैं। यह फिल्म निर्माताओं के लैंस से खूबसूरती और प्रेम की एक यात्रा है।

उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो लाइब्रेरी प्लेटफॉर्म, फिल्म देखने के स्थान में 190 सबमिशन दिखाए गए हैं, जिनमें से कुछ सबमिशन को फिल्म बाजार अनुशंसा (एफबीआर) के लिए चुना जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा, वर्क-इन-प्रोग्रेस लैब वह जगह है जहां फिल्म निर्माता अपने काम की असली सुंदरता दिखा रहे हैं।

# गुडग़ांव में अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट में स्टेज 4 जीभ कैंसर मरीज का सफल इलाज हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई), गुरुग्राम, में एक दुर्लभ मामले में, एक 62 वर्षीय व्यक्ति का स्टेज 4 जीभ कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। रोगी ने पहली बार मार्च 2023 में इलाज के लिए संपर्क किया था, जब वह एओआई के प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शेह रावत के पास आया था। शुरुआत में, रोगी ने लगातार गले और गर्दन में दर्द की शिकायत की थी, जो उसे पिछले तीन महीनों से परेशान कर रहा था। मरीज की व्यापक क्लीनिकल जांच और कई तरह के टेस्ट किए गए ताकि रोग की सटीक पहचान की जा सके। जांच करने पर मरीज को एडवांस्ड स्टेज 4 जीभ कैंसर का पता चला। इस डायग्नोसिस ने रोगी और उसके परिवार दोनों के लिए उपचार के प्रकार, उपचार की अवधि, संभावित दुष्प्रभावों और, सबसे महत्वपूर्ण, अपेक्षित परिणामों सहित चिंताओं और सवालों को उठाया। एओआई में डॉ. शेह रावत और समर्पित हेल्थकेयर टीम ने इन चिंताओं को संबोधित किया एक विस्तृत उपचार योजना की रूपरेखा तैयार करके।इस पर बोलते हुए, डॉ. शेह रावत, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, एओआई गुरुग्राम ने कहा कि %%हमारे देश में सिर और गर्दन के कैंसर की व्यापकता शीघ्र पता लगाने और इंटरवेंशन के महत्व पर जोर देती है। रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीभ के कैंसर का सफल उपचार इस चुनौतीपूर्ण बीमारी से निपटने में इस थ्यूराप्यूटिक पद्धति के महत्व को रेखांकित करता है। एडवांस्ड स्टेज 4 जीभ कैंसर से रोगी की उल्लेखनीय रिकवरी उपचार की क्षमता और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यापक देखभाल के महत्व का उदाहरण देती है।'मरीज के इलाज का चुना हुआ तरीका रेडियोथेरेपी था, जो जीभ के कैंसर के इलाज में अत्यधिक प्रभावी साबित हुआ है।

# हम अपने वेदों को भूलते जा रहे लेकिन वेद पूरे विश्व के लिए ज्ञानपुंजः आचार्य देवव्रत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रह चुके भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार विश्व हिन्दु परिषद के संस्थापक सदस्य भारतात्मा अशोक सिंघल की पुण्य स्मृति में प्रति वर्ष प्रदान किया जाता है।गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहें। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि हम अपने वेदों को भूलते जा रहे हैं। वेदों में ज्ञान का भंडार है। अपने आदर्श जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपने आप को पहचानना जरुरी है। अमूल्य जीवन को पहचानने के लिए हमे दूसरों के बारे में भी जानना जरूरी है। कई विदेशी दार्शनिको, विद्वानों और चिंतकों ने भी हमारे वेद पुराणों को महान बताया है।अशोक सिंघल का जीवन वेधांतिक, पुरातन और आज के युग में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अशोक सिंघल फाउंडेशन के द्वारा इस परंपरा को निरंतर बड़ावा देने की सरहना करते हुए कहा कि एक सभ्य समाज की कल्याणकारी शिक्षा नीतियां लगातार जन जन तक पहुंचे ऐसा प्रयास सभी को करना चाहिए। भारतात्मा पुरस्कार वितरण समारोह श्री सत्य साईं सभागार, लोधी रोड, प्रगति विहार, नई दिल्ली, दिल्ली 110003 में सायं 5ः00 बजे प्रारंभ हुआ। यह पुरस्कार वितरण समारोह परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ। भारतात्मा पुरस्कार की यह सातवीं शृंखला है। उत्तम वेदविद्यालय की श्रेणी में शंकर मठ, श्री कांची कामकोठी पीठम, थिरुविडइमरुदूर, उत्कृष्ट वेदविद्यार्थी श्रेणी में वेदमूर्ति पद्मनाभ विवेक जोशी तथा आदर्श वेदाध्यापक शेणी में वेदाध्यापक वेदमूर्ति श्री विष्णुभट्टला नागशंकर वेंकट लक्ष्मी नारायण घनपठी को पुरस्कृत किया गया।तमिल नाडु के तंजौर ज़िले के कुम्भकोणम् क्षेत्र के निवासी ब्रह्मश्री सुब्रह्मण्य श्रोतिगल को वेदार्पित जीवन सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान के अन्तर्गत 5 लाख रुपये तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।वर्ष 2023 के उत्तम वेदविद्यालय की श्रेणी में सम्मानित श्री शंकर मठ, श्री कांची कामकोठी पीठम, थिरुविडइमरुदूर की तरफ़ से एस? रवि शर्माजी ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया।

### जापान में अनियंत्रित कार ने पैदल चल रहे कई लोगों से मारी टक्कर

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी प्रान्त फुकुओका में मंगलवार को एक कार ने पैदल चल रहे कई लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम 9 लोग घायल हो गए। प्रीफेक्चुरल पुलिस के हवाले से बताया, कार अनियंत्रित होकर सड़क की उल्टी दिशा में चलने लगी और कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घायल हुए 9 लोगों में सात हाई स्कूल के छात्र, एक वयस्क पुरुष और एक ड्राइवर शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। यह दुर्घटना सुबह करीब 8 बजे जेआर काशी लाइन पर उमी स्टेशन से लगभग 100 मीटर पश्चिम में प्रीफेक्चुरल रोड पर हुई। आसपास के निवासियों के अनुसार, सड़क का इस्तेमाल हाई स्कूल के लिए आवागमन मार्ग के रूप में होता है, और 7 घायल छात्र फुकुओका प्रीफेक्चुरल उमी कमर्शियल हाई स्कूल के थे। इस हादसे के बाद स्कूल में क्लासेस रद्द कर दी गई।

# कांग्रेस बोली : भाजपा को राजस्थान में बहुत कम उम्मीद थी, वह भी टूट गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह पूरी तरह से व्याकुल हैं और हताशा में झूठ पर झूठ बोल रहे हैं, क्योंकि भाजपा को राजस्थान में जीतने की बहुत कम उम्मीद थी, वह भी टूट गई। कांग्रेस की सात गारंटी और पिछले पांच साल में हुए काम ने भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, ÷इस चुनावी मौसम में एक बात ध्यान देने लायक है। पांच राज्यों में चुनाव हैं, लेकिन जब प्रधानमंत्री राजस्थान आते हैं तो उन्हें खूब झूठ बोलना पड़ रहा है। यहां एक के बाद एक बयान दिए जा रहे हैं।÷ .उन्होंने कहा, बात यह है कि बाकी चार राज्यों में भाजपा मुकाबले में ही नहीं है, जबकि राजस्थान में उन्हें (भाजपा को) पिछले दशकों की परिवर्तन की परंपरा के कारण थोड़ी बहुत उम्मीद थी। लेकिन चिरंजीवी योजना और हमारी सात गारंटी सहित कांग्रेस सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं ने यहां भी उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। हम अपने काम के दम पर जनता के बीच जा रहे हैं। हमने अपने वादे पूरे किए हैं और लोगों को हमारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।÷उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश की जनता को मोदी निर्मित महंगाई से राहत दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वादे पूरे करने के पिछले पांच साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए लोग कांग्रेस की सात गारंटी पर भरोसा करने लगे हैं।÷हर वर्ग के लोग हमारे साथ हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री पूरी तरह से व्याकुल हैं। हताशा और निराशा में वह झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। लेकिन राजस्थान की जनता उनकी बातों से गुमराह होने वाली नहीं है। जनता ने फैसला कर लिया है।÷ उनका मन कांग्रेस को एक और मौका देने का है।

# बंधकों की रिहाई के लिए हम संघर्ष विराम समझौते के बेहद करीबः हमास नेता

एजेंसी

**तेल अवीव।** हमास के पोलित ब्यूरो नेता इस्माइल हानियेह ने मंगलवार को दावा किया कि उनका आतंकवादी समूह यहूदी राष्ट्र पर हमले के बाद 7 अक्टूबर को पकड़े गए बंधकों की रिहाई के संबंध में इजराइल के साथ एक संघर्ष विराम समझौते पर पहुंचने के करीब है।

हनियेह की टिप्पणी हमास द्वारा कतर में मध्यस्थों को संघर्ष विराम की इच्छा व्यक्त करने के बाद आई है। हनियेह ने कहा, हम एक संघर्ष विराम समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। हालांकि, हमास के वरिष्ठ नेता ने उक्त समझौते पर कोई अन्य जानकारी नहीं दी।

इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, गाजा में सेना के चल रहे जमीनी हमले में आतंकवादी समूह के लगभग 70 प्रतिशत शीर्ष नेतृत्व मारे गए हैं। लेकिन यह देखना अभी बाकी है कि क्या इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली सहित किसी युद्धविराम के लिए सहमत होता है। इजराइल सरकार बंधकों के परिवारों के दबाव में भी है।

अधिकारियों के मुताबिक, गाजा में 237 लोगों को बंदी बनाया गया है, जिनमें इजरायली और विदेशी नागरिक शामिल हैं। सोमवार को इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि बंधकों में 40 बच्चे हैं। अब तक, हमास द्वारा चार नागरिक बंधकों को रिहा किया गया है, एक इजरायली सैनिक को बलों द्वारा बचाया गया और कथित तौर पर बंधकों के तीन शव बरामद कर लिए गए हैं।

### हमले के बाद से गाजा में मारे गए 65 इजरायली सैनिक

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में दो और सैनिकों की मौत की घोषणा की, जिससे 27 अक्टूबर को जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से हमास-नियंत्रित क्षेत्र में मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 65 हो गई है।

एक बयान में, आईडीएफ ने मारे गए दो सैनिकों की पहचान पैराट्रूपर्स ब्रिगेड की 890वीं बटालियन के स्टाफ सार्जेंट दविर बारजानी (20) और उसी बटालियन के सार्जेंट यिनोन तामीर (20) के रूप में की है। जहां बारजानी यरूशलेम से है, वहीं तामीर परदेस हन्ना-करकुर शहर से बताया जा रहा है।

7 अक्टूबर को जब से हमास ने यहूदी राष्ट्र पर अपना अभूतपूर्व हमला शुरू किया है, कम से कम 387 आईडीएफ सैनिक मारे गए हैं।

# चीनी कृषि वैज्ञानिकों को मिली बड़ी सफलता

## धान की नई किस्म की तैयार.....

**भविष्य**

**स्टार्च आधारित फसलों की तेल उत्पादक क्षमता व्यापक तौर पर बढ़ गयी**

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में कृषि के क्षेत्र में लगातार नए प्रयोग हो रहे हैं, साथ ही तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसकी कृषि प्रधान देश चीन की बड़ी आबादी को पर्याप्त भोजन मुहैया कराने में अहम भूमिका है। यहां हम धान की फसल की बात करते हैं, चीन में धान काफी मात्रा में उगाया जाता है। इस बारे में चीनी कृषि वैज्ञानिक कुछ न कुछ नवीन शोध करते रहते हैं। इसी तरह का एक शोध चच्यांग प्रांत में हुआ है। बताया जाता है कि हांगचो की एक कृषि शोध टीम ने जीन-एडिटिंग का इस्तेमाल कर तेल से भरपूर धान की एक किस्म तैयार की है।

माना जा रहा है कि इससे स्टार्च आधारित फसलों की तेल उत्पादक क्षमता व्यापक तौर पर बढ़ गयी है। इनमें धान के अलावा मक्का और आलू आदि शामिल हैं। यहां बता दें कि सोयाबीन जैसी नियमित तेल वाली फसलों की तुलना में धान में प्रति किलोग्राम कम तेल उपज के बावजूद, धान का प्रति हेक्टेयर उत्पादन काफी अधिक होता है। हाल में चच्यांग प्रांत में हुए शोध टीम के प्रमुख चांग च्यान के मुताबिक, उत्पादन में अंतर का मतलब है कि ऐसी अपरंपरागत तेल फसलों में तेल की सघनता में थोड़ी बढ़ोतरी ज़मीन के एक ही प्लॉट पर तेल के उत्पादन को काफी बढ़ा सकती है। जिसका लाभ व्यापक रूप से देखने में मिल सकता है।

चीनी राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान के चांग च्यान और उनकी टीम ने दक्षिण चीन में व्यापक तौर पर उगाई जाने वाली उच्च उपज की धान की किस्म में वसायुक्त यौगिक, जो कि सभी जीवित कोशिकाओं के लिए बिल्डिंग ब्लॉक का कार्य करते हैं, उसकी सांद्रता को पांच गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता हासिल की है, जो कि चीनी वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ी सफलता है।

उक्त शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हाल में विज्ञान पत्रिका प्लांट कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुए थे। चांग च्यान ने बताया कि सोयाबीन और रेपसीड जैसी पारंपरिक तेल वाली फसलों के विकल्प के तौर पर धान और अन्य मुख्य खाद्य प्रजातियों को प्रस्तावित करने में इस तरह के अनुसंधान क्रांतिकारी साबित हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले अध्ययन मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि तेल वाली फसलों के लिए लिपिड-संश्लेषण दक्षता में किस तरह से सुधार किया जाय। वैज्ञानिकों के अनुसार तेल और प्रोटीन से भरपूर होने के बावजूद, सोयाबीन का उत्पादन प्रति हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग 2 मीट्रिक टन होता है, जो कि आलू और धान जैसी स्टार्च से समृद्ध फसलों के मुकाबले एक तिहाई से भी कम होता है। यह शोध आने वाले समय में चीन में धान से तेल उत्पादन के प्रति संभावनाओं को और बढ़ा देगा।

# सर्राफा कारोबारी को लूटने वाले बदमाश को मुठभेड़ में लगी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जनपद के थाना मछलीशहर और पंवारा एवं मुंगराबादशाहपुर की पुलिस ने थाना मछलीशहर क्षेत्र में सर्राफा व्यसायी को गोली मारकर लूट कान्ड के खुलासे का दावा करते हुए वाँछित लुटेरो को मुठभेड़ के साथ गिरफ्तार

**लूट का माल बरामद**

करने दावा किया है। गिरफ्तार लुटेरे के पास से तमंचा, कारतूस, लूट का सामान नकदी व ज्वेलरी तथा घटना के समय प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार थानाध्यक्ष मछलीशहर, थानाध्यक्ष पवारा व थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर मय हमराह द्वारा सघन वाहन/संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान चेकिंग अचानक एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति खाखोपुर की तरफ से आते हुए दिखाई दिये, जो पुलिस बल को देखकर तेज रफ्तार से मुड़कर भागने लगे, जिसपर पुलिस बल अपने अपने वाहनों से उनका पीछा किया तो मोटरसाइकिल सवार तेजी के साथ पूराफगुई नहर पुलिया से उतर कर नहर की दाहिने पटरी वाली पिच रोड जो निकामुद्दीनपुर की तरफ जाती है पर मुड़कर भागने लगे पीछा कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों ने जान से मारने की नियत से लक्ष्य बनाकर फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु बार बार कहने पर भी बदमाशों द्वारा चेतावनी अनसुनी करते रहे और पुनः पुलिस वालों पर जान से मारने की नियत से लक्ष्य बनाकर फायर कर दिये जो थानाध्यक्ष मछलीशहर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर बायें सीने की तरफ लगा।

आत्मरक्षार्थ में थानाध्यक्ष मछलीशहर एवं थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर तथा थानाध्यक्ष पंवारा द्वारा अपनी अपनी सर्विस पिस्टल से एक-एक राउण्ड फायर किया गया। कुछ देर बाद बदमाशों की तरफ से फायर आना बन्द हुआ, इस पर हिकमत अमली अख्तियार करते हुए आगे बढ़े तो देखा गया कि एक बदमाश कराह रहा है तथा जिसके बायें पैर में गोली लगी है, शेष दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहें । घायल अभियुक्त सचिन चौहान पुत्र विजय बहादुर चौहान ग्राम मरगुपूर थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा दिनांक-15.11.2023 को सर्राफा व्यापारी अशोक सोनी को गोली मारकर लूटी गये पैसों में से 8750 रू0 व एक चेन पीली धातु, एक जोड़ी कंगन पीली धातु, एक जोड़ी झुमका पीली धातु, एक जोड़ी मीना सफेद धातु, एक जोड़ी टप्स सफेद धातु बरामद हुई तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरंग काला लाल बिना नम्बर के बरामद हुई थाना मुगराबादशाहपुर पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 305/23 धारा 392/411 IPC से सम्बन्धित 1100 रू0 बरामद हुआ। अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तारी की गयी तथा जीवनरक्षार्थ इलाज हेतु तत्काल सीएचसी मछलीशहर भिजवाया गया, जहाँ से जिला अस्पताल रेफर किया गया है तथा इलाजरत है। उक्त घटना के आधार पर थाना मछलीशहर में अन्तर्गत धारा-307, 411, 467 IPC व 3/25 शस्त्र अधिनियम में अभियुक्तगण सचिन चौहान पुत्र विजय बहादुर चौहान ग्राम मरगुपूर थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ आदि 03 का अभियोग पंजीकृत किया गया। फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

पुलिस अभिलेख में गोली से घायल होने के बाद गिरफ्तार बदमाश सचिन चौहान पुत्र विजय बहादुर यादव के उपर लगभग 20 संगीन आपराधो में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के के दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर भागने वाले बदमशो की शिनाख्त के अनुसार अनिल कुमार रैदास पुत्र फूलचन्द्र निवासी मुरादपुर कोठिला थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।राजेश हरिजन पुत्र चौथीराम निवासी बरईया थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर के रूप में की गई है। जिनकी तलाश जारी होने की बात पुलिस ने बताया है।

# मुविवि की कुलपति ने शिक्षार्थियों के हित में लिया बड़ा फैसला

**द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में 25 नवम्बर तक प्रवेश का अंतिम मौका**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्नातकोत्तर तथा स्नातक कार्यक्रमों में द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में 20 अक्टूबर तक प्रवेश से वंचित रह गए अध्ययनरत शिक्षार्थियों को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने 22 से 25 नवम्बर तक प्रवेश का अंतिम मौका प्रदान किया है। विश्वविद्यालय के इस निर्णय पर महीने भर से इंतजार कर रहे शिक्षार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तिथि बढ़ाने की सूचना फ्लैश होते ही शिक्षार्थियों ने सोशल मीडिया पर जानकारी पूरे प्रदेश में पहुंचा दिया। इसके बाद तिथि बढ़ाए जाने की पुष्टि के लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग में सीयूजी के नंबर घनघनाने लगे।

प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जय प्रकाश यादव ने बताया कि 25 नवम्बर के बाद तिथि का विस्तारण संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों, अध्ययन केंद्र समन्वयकों एवं प्रदेशभर के अध्ययन केन्द्रों में अध्ययनरत शिक्षार्थियों से अपील की है कि जिन शिक्षार्थियों ने अभी तक किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है वह इन चार दिनों में अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें। छात्रों को 25 नवम्बर तक प्रवेश का अंतिम मौका देने पर विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रभारी, क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों एवं अध्ययन केन्द्र समन्वयकों ने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि उनके लिए छात्रहित सर्वप्रथम है। छात्रों की उचित मांगों पर विचार करते हुए उच्च स्तरीय समिति ने यह फैसला लिया।

## कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा में चार दिवसीय दिया गया प्रशिक्षण

**आजमगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा में ग्लोबल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा नवनियुक्त प्रसार कार्यकर्ताओं के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में ग्लोबल फाउंडेशन सोसाइटी के प्रबंध निदेशक इंजीनियर केपी सिंह व वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर रुद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया कृषि के क्षेत्र में रोजगार सृजन वी कृषि उत्पादों के मार्केटिंग किसान उत्पादक संगठन के गठन पर चर्चा करते हुए इंजीनियर केपी सिंह ने किसान उत्पादक संगठन से लाभ पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की। डॉ रुद्र प्रताप सिंह द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के उपलब्ध सुविधाएं शोध प्रसार सेवा पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षकों को किसी विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से जुड़ने हुआ नई-नई जानकारियां उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया।

# कार्यशैली में बदलाव लाकर गंभीरतापूर्वक करे कार्य: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की योजनाओ की प्रगति व जनपद में चल रही 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, श्रम, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, सहित सभी विभागों की योजनाओ की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागो से लंबित आवेदनों की जानकारी लेते हुए सूचनाओं को पोर्टल पर अपडेट करने, एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संदर्भ में भी

जानकारी ली।

सीएम डैशबोर्ड पर जिन भी विभागो यथा ऊर्जा विभाग, एनआरएलएम में ग्राम्य विकास विभाग, दवाओ की उपलब्धता में स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग, जल जीवन मिशन, सड़कों के अनुरक्षण में पीडब्ल्यूडी द्वारा खराब रैंकिंग प्राप्त हुई थी जिसके कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई उनके प्रति नाराजगी व्यक्त हुए कार्यशैली में बदलाव लाने एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी को कन्या सुमंगला योजना के सभी लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा बायोमेडिकल उपकरणों के रखरखाव को ठीक करने, पंचायतीराज विभाग को आरआरसी सेंटर निर्माण एवं भुगतान हेतु एक अभियान चलाने सहित अन्य सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने जनपद में चल रही 50 लाख से अधिक के बजट की परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसकी प्रगति को तीव्र करने तथा गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी वी0के0 यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ0 अरुण कुमार यादव, सहित अन्य विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न

**जौनपुर।** आगामी कार्यक्रम नमो कबड्डी प्रतियोगिता व वोटर चेतना अभियान के संदर्भ में भाजपा किसान मोर्चा जौनपुर व मछली शहर जिले की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेश पाण्डेय रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा जौनपुर नरेंद्र उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष व मोर्चा प्रभारी संदीप सरोज, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मछली शहर प्रहलाद यादव, जिला महामंत्री द्वय इन्द्रसेन सिंह, प्रदीप यादव, जिला मिडिया प्रभारी आशुतोष कुमार उपाध्याय, राहुल दुबे, पुनीत मिश्र व अन्य मौजूद रहे।संचालन जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव ने किया।

# सांसद की गिरफ्तारी पर घर-घर बांटे पर्चे

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी ने जनपद में घर-घर दस्तक देकर पर्चे बांटे। उ.प्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ईडी द्वारा की गयी अवैध गिरफ्तारी का काला सच उजागर कर रहे हैं। मंगलवार को अभियान के तहत आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर दस्तक दी। घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर की गयी है। पर्चे में नारा दिया गया है कि मरना मंजूर है पर डरना नहीं। मतलब साफ है कि पार्टी नेता,कार्यकता अब दबने व डरने वाले नहीं है। वह संजय सिंह की लड़ाई को आर-पार ले जाना चाहते हैं। पर्चा बांट रहे कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने के लिए जिला प्रभारी के नेतृत्व में टुकड़ियां बनायी गयी हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर दस्तक दे रही हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला प्रभारी कैलाश पटेल ने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। जब उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया। लेकिन संजय सिंह तब और हमलावर हो गये और उन्होने प्रधानमंत्री और अडानी के भ्रष्टाचार का सच उजागर करना शुरू कर दिया। कहा गया कि संजय सिंह ने जब केंद्र सरकार और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो संजय सिंह को जेल भेजने की साजिश रची गयी। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पार्टी के प्रति अपने कर्तव्य को निभा रहे हैं। जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि संजय सिंह की इन्हीं सब नीतियों और केजरीवाल सरकार के माडल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ते देख मोदी सरकार ने अपने दोनों नुमाइंदों ईडी और सीबीआई के जरिये पहले सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को जेल में डाला। जिला सचिव शैलेंद्र यादव ने कहा कि शराब नीति के झूठे बवंडर में सबको घेरने की कोशिश कर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची। इसी में संजय सिंह को भी घेरा गया। दिलचस्प यह है कि आज तक ईडी और सीबीआई एक भी सुबूत पेश नहीं कर सकी है। जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि आज हम सबने पर्चो को बांट कर देश को जागरूक करने का काम किया है। ताकि देश की जनता को सच पता चल सके।

## डायट में चल रहा 5 दिवसीय प्रशिक्षण

**जौनपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित का 5 दिवसीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट परिसर में प्रारंभ हो गया। मंगलवार को प्रशिक्षण का दूसरा दिन रहा। प्रशिक्षण में भाषा के संदर्भ में विशेष चर्चा हुई। संदर्शिका, कार्य पुस्तिका, आकलन एवं उपचारात्मक पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रवक्ता डाइट आरएन यादव, प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा सहित डाइट की टीम, एसआरजी, कमलेश यादव, अखिलेश सिंह, अजय मौर्य द्वारा दिया गया। इस मौके पर एआरपी प्रशांत मिश्र ने बताया कि यह प्रशिक्षण रोचक ढंग से कराया जा रहा है। इस अवसर पर एआरपी गिरीश सिंह, सुजीत सोनकर, सुशील उपाध्यक्ष, रूद्रसेन सिंह, विनोद सिंह, मनोज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, विकास सिंह, अखिलेश, धर्मेन्द्र सिंह, सुभाष चंद्र यादव सहित सभी एआरपी उपस्थित रहे।

# भगवान शालिग्राम को चढ़ा तिलक

**तुलसी शालिग्राम विवाह 23 नवंबर को और 24 नवंबर को होगा प्रसाद भंडारा**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** तुलसी विवाह महोत्सव समिति के द्वारा श्री शालिग्राम जी का तिलकोत्सव पूरे विधि विधान से आचार्य संतोषानन्द जी महाराज के द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें कन्या पक्ष की ओर से सारिका यादव, डॉ विशाल, डॉ मोनी व पुत्र कपिल, रोहित, रानी, नीतू आदि जगत् जननी मां तुलसी जी के तिलकोत्सव पर भगवान शालिग्राम जी के लिए भेंट स्वरूप लेकर आए। समिति के अध्यक्ष कृष्ण भगवान केसरवानी (महाजन) मंत्री बसंत लाल आजाद, राजेश केसरवानी, कमल गुप्ता, सुशील द्विवेदी, नीरज सिंह जड़िया, महिला मंडल अध्यक्ष गीता गुप्ता (शेरनी), रानी केसरवानी, निधि साहू, संगीता

केसरवानी, रामा पाण्डे आदि ने तिलक लेकर बाबा ताराराम पीली संगत मालवीय नगर प्रयागराज स्थल पर आए हुए लोगों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 23 नवंबर को तुलसी शालिग्राम का विवाह संपन्न होगा। इस अवसर पर भगवान शालिग्राम की बारात धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। बारात अतर सुईया, रानी मंडी से शुभारंभ होगी चौक बहादुरगंज, राम भवन, मुट्ठीगंज हटिया, मालवीय नगर होते हुए कार्यक्रम स्थल बाबा तारा राम पीली संगत के प्रांगण में समाप्त होगी। तत्पश्चात विवाह की पूरी रस्म निभाई जाएगी और 24 नवंबर को माता तुलसी जी की विदाई पूरे रस्मो रिवाज के साथ की जाएगी।

## सकुशल संपन्न हुआ अक्षय नवमी का मेला

**प्रयागराज।** अक्षय नवमी मेला कमेटी के तत्वाधान में भारद्वाज मुनि आश्रम में प्राचीन परंपरागत लगने वाला अक्षय नवमी का मेला सकुशलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का दर्शन करते हुए अंवाला वृक्ष का पूजन अर्चन कर दीपदान किया। इसके साथ ही धागा बांधकर परिवार की कल्याण और सुख समृद्धि की अक्षय होने की कामना की और भोजन ग्रहण किया। यह मेला गोस्वामी समाज के द्वारा हर वर्ष संपन्न कराया जाता है। कमेटी के सदस्य अजीत गोस्वामी ने बताया कि मेले में हजारों की संख्या में दूर-दूर से महिलाएं आती हैं और सुख समृद्धि की कामना के लिए अंवाला पूजन करती हैं।

# खामियां व लापरवाही पाए जाने पर नाराज हुए कमिश्नर

**अवधनामा संवाददाता**

**मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो, यह मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता पर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसे गम्भीरता से लेने तथा निर्धारित समयसीमा के अंदर शिकातयों का निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। समीक्षा में अधीक्षण अभियंता सिंचाई, संयुक्त उपायुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उपनिदेशक पंचायतीराज, अधीक्षण अभियंता जलनिगम से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक खराब पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि अगली समीक्षा बैठक में यदि

शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक में सुधार नहीं पाया गया, तो सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध एडवर्स की कार्रवाई की जायेगी।

मण्डलायुक्त ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी से सम्बंधित इकाईयों एवं निवेशकों से सम्बंधित आवेदनों को शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है।

सड़कों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव की समीक्षा करते हुए प्रयागराज, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुरक्षण एवं रख-रखाव के कार्यो को ठीक ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है।

राजस्व वसूली की समीक्षा में खनन एवं वाणिज्यकर विभाग की आर0सी0 के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के पूर्व अपर जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं वर्तमान समय में तैनात अपर जिलाधिकारियों को सचेत करते हुए वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने खनन अधिकारियों को खनन स्थलों पर लगाये गये कैमरों को अनिवार्य रूप से क्रियाशील बनाये रखने एवं प्रत्येक दशा में रसीद काटा जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं खनन अधिकारी को ओवर लोडिंग पर विशेष सकर्तकता एवं निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए है। चकबंदी अधिकारियों को 5 साल से ऊपर के लम्बितवादों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सभी मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ-साथ अपर आयुक्त एवं संयुक्त उपायुक्त सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हलाल सर्टिफिकेशन: एक्शन में आया खाद्य प्रशासन

**प्रयागराज में खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग ने हलाल सर्टिफिकेशन वाले 15 पैकेट किए जब्त**

**खुन्नु लाल फोजन फूड के यहां से मिले पैकेट, की गई विधिक कार्यवाही**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** यूपी में बिना किसी अधिकार के खान-पान व सौंदर्य प्रसाधन के उत्पादों को अवैध ढंग से हलाल सर्टिफिकेट देने के काले कारोबार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चाबुक चला है। हलाल सर्टिफिकेशन की पाबंदी के बाद भी चल रहे इस काले कारोबार पर प्रयागराज में प्रशासन ने कार्यवाही की है। प्रयागराज में प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश पर की गई कार्यवाही पर फ्रोजन फूड के पैकेट्स बरामद हुए हैं जिनमें हलाल सर्टिफिकेशन था। प्रयागराज में प्रतिबंधित हलाल प्रमाणित वस्तुओं की पैकेट की तलाश कर रहे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को मंगलवार को अहम कामयाबी हाथ लगी है। शहर के सिविल लाइंस इलाके के खुन्नू लाल फ्रोजन फूड से हलाल प्रमाणित 15 पैकेट जब्त किए गए हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) सुरक्षा द्वितीय, ममता चौधरी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर कार्यवाही के दौरान ये हलाल प्रमाणित पैकेट मिले हैं। उन्होंने बताया है कि इनमे 6 पैकेट बर्गर बनाने वाली कंपनी फनवेब के हैं जबकि 9 पैकेट मोमोज बनाने वाली कंपनी पिरामिड के हैं। सभी पैकेट जब्त करने के बाद आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार एफआईआर की कारवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा है कि सरकार का सख्त आदेश है कि कहीं भी किसी को हलाल प्रमाणित वस्तुओं की बिक्री को रोका जाय उसी क्रम में यह कार्यवाही हुई है।

### छापेमारी के लिए 15 टीमों का गठन

प्रदेश सरकार द्वारा हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री की पाबंदी के बाद प्रयागराज शहर के सभी प्रमुख बाजारों में खलबली मच गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की तरफ से शहर के सभी शापिंग माल से लेकर बाजार तक निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ममता चौधरी के मुताबिक प्रदेश सरकार का शासनादेश मिलने के बाद शहर में 15 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इस कार्यवाही के की जिम्मेदारी दी गई है। सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अपनी अपनी टीमों को लेकर शहर के सिविल लाइंस, करेली, मुट्ठीगंज और कीडगंज इलाकों में कार्यवाही शुरू कर दी है। जगह- जगह इन प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहे हैं।

## छठ पूजा पर सूर्य भगवान को अर्घ देते हुए सुंदर दृश्य का मंचन

**आजमगढ़।** धर्म और आस्था का प्रतीक छठ पूजा के अवसर पर महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल सिधारी आजमगढ़ में बच्चों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत की एवं सूर्य भगवान को अर्घ देते हुए सुंदर दृश्य का मंचन किया जिसे सभी लोगों ने बहुत पसंद किया। छात्र -छात्राओं की प्रस्तुति पर विद्यालय के प्रबंधक श्री डीपी मौर्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में अपने देश की कला और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने का काम करता है और प्रेरणा मिलती है। जिससे उनका सर्वांगीण विकास तेजी से होता है। आज छठ पूजा का महापर्व है इस महापर्व को देश के कोने कोने में लोग मना रहे हैं। बिहार में इस पूजा का खास महत्व होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राम नयन मौर्य जी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य श्री एसएन यादव,को ऑर्डिनेटर आनंद मौर्य,एक्टिविटी इंचार्ज धीरेंद्र मोहन किशन यादव, राम चरण मौर्य ,अजय यादव , ब्रजराज यादव ,नीतू भारती, अनुराधा,आरोही मोदनवाल, शुभम मौर्य, असरार बृजलाल मौर्य , साधना गुप्ता, प्रगति सिंह, वैशाली सिंह, प्रीति गुप्ता, प्रेमा यादव, आदित्य मिश्रा, रोहित विश्वकर्मा,सोनल सिंह, जूही राय, संध्या यादव,निहारिका गुप्ता, पूजा राय, आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## बैठक में अनुपस्थित खनन अधिकारी का रोका वेतन

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं डीएफओ महावीर कौंजलगी की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला गंगा सुरक्षा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए है। बैठक की समीक्षा करते हुए गंगा नदी की साफ-सफाई, नालों की टैपिंग, पर्यावरण प्लान को अपग्रेड किये जाने तथा वर्ष 2024-25 में किये जाने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह सहित सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लक्ष्य के खेल से रेड हाउस फाइनल में

**प्रयागराज।** लक्ष्य यादव के हरफनमौला खेल (18 रन एवं 02 रन देकर चार विकेट) से रेड हाउस ने ग्रीन हाउस को 41 रन से हराकर वाईएमसीए स्कूल एवं कॉलेज की इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। वाईएमसीए मैदान पर मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टॉस जीतकर वाईएमसीए ने 15 ओवर में 8 विकेट पर 105 रन (सार्थक शुक्ला 33, लक्ष्य यादव 18, चिराग यादव 17 नाबाद, पीयूष चंद्रा 2/19, कुणाल गौर 1/03, फ़ज़ील अरशद 1/14) बनाये। जवाब में ग्रीन हाउस की टीम 11.2 ओवर में 64 रन (सत्यम यादव 29, लक्ष्य यादव 2/04, प्रशांत कुमार 2/02) पर सिमट गई। लक्ष्य को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज की प्रधानाचार्या रीमा मसीह ने किया।

## तुलसी क्रिकेट क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** तुलसी क्रिकेट क्लब ने किशोरी लाल क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर किशोरी लाल क्रिकेट को पांच विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। परेड मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में किशोरी लाल क्लब ने 36.5 ओवर में 156 रन (अभिजीत मिश्र 73, शौर्य सिंह 46, अर्श अध्योत जायसवाल 4/34, तन्मय श्रीवास्तव 3/07, दीप पांडेय 2/27) बनाये। जवाब में तुलती क्रिकेट क्लब ने 33.4 ओवर में 4 विकेट पर 159 रन (सार्थक सिंह 55 नाबाद, अभि पाल 23 नाबाद, तन्मय श्रीवास्तव 20, कुणाल मिश्र 2/15, प्रांजल मिश्र 2/34) बना लिये। मैच में अरुण कुमार व नितिन मिश्र अंपायर, उमंग मिश्र स्कोरर रहे।

## चौधरी नौनिहाल क्लब 'बी' विजयी

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने स्टेडियम ब्वॉयज को दस विकेट से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में स्टेडियम ब्वॉयज ने 26.4 ओवर में 70 रन (दीपू यादव 20, आर्यन राय 19, आशुतोष पांडेय 3/03, अमन पटेल 2/11, आदर्श पांडेय 2/14) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल क्लब 'बी' ने 9.3 ओवर में बिना विकेट खोए 70 रन (अंशुमान शुक्ला 34 नाबाद, विपुल द्विवेदी 28 नाबाद) बना लिये। मैच में सुधीर सोनकर व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## कौशल विकास केंद्र पर बच्चियों को वितरण किया गया स्मार्टफोन, बच्चियों हुई उत्साहित

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र मुबारकपुर में सरकार द्वारा प्रशिक्षण करने वाली बच्चियों को स्मार्टफोन वितरण किया गया। जिसको जिसको हासिल कर बच्चियां खुशियों के मारे झूम उठी। आपको बताते बताते चलें कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र मुबारकपुर सठियांव का दोनों केंद्रों की बच्चियों को लगभग 400 स्मार्टफोन एक साथ वितरण किया गया केंद्र की प्रबंधक अजमेरी खातून ने बताया कि सरकार द्वारा स्मार्टफोन वितरण किया गया है जिसमें विभाग के डिस्ट्रीब्यूटर कोर्डिनेटर उत्तर प्रदेश त्रिमूर्ति मौर्य तथा वाराणसी जोन के हेड अविनाश मौर्य व माला मैडम एवं अनिल सिंह के द्वारा 20/10/23 सोमवार को प्रशिक्षण करने वाली बच्चियों को प्रमाण पत्र के साथ साथ स्मार्टफोन भी वितरण किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण से बच्चियों को काफी रोजगार मिल सकता है सरकार द्वारा कई तरह के स्कीम लागू की है इसलिए मैं क्षेत्र वासियों से अपील करती हूं कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र मुबारकपुर में अपने-अपनी बच्चियों का प्रशिक्षण कराकर सरकार की योजनाओं का लाभ लें इस मौके पर मोहम्मद फरीद, मोहम्मद कलीम ,हाफिज अब्दुल हक, इरम ,शीबा परवीन, हाजी मोहम्मद अकरम ,इम्तियाज अहमद ,हाफिज वसीम अहमद उम जरा सोनम

## अकादमिक क्षेत्र में नई उपलब्धि

# भव्य दीक्षांत समारोह में एमएएचई ने नवप्रवर्तकों और अनुसंधानकर्ताओं का सम्मान किया

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी अनुसंधान केंद्रित शिक्षा संस्थानों में एक, प्रतिष्ठित संस्थान, डीम्ड यूनिवर्सिटी, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई), ने अपने दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपनी योजना के भिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस चर्चा का नेतृत्व एमएएचई के प्रो चांसलर डॉ. एचएस बल्लाल, एमएएचई के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) एमडी वेंकटेश, वीएसएम (सेवानिवृत्त) और एमएएचई के रजिस्ट्रार डॉ. गिरिधर किनी पी ने किया। एमएएचई नेतृत्व ने संस्थान के भविष्य के संचालन और शैक्षणिक योजना के लिए रूपरेखा साझा की।

एमएएचई का 31वां दीक्षांत समारोह चार दिन - 18 और 19 नवंबर तथा 25 और 26 नवंबर को होगा। प्रत्येक दिन के मुख्य अतिथि होंगे- लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) नरेंद्र कोटवाल, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट, सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेजेज, पुणे पहले दिन यानी 18 नवंबर के लिए; डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया

**समारोह**

**एमएएचई का 31वां दीक्षांत समारोह चार दिन होगा।**

(डीसीजीआई), भारत सरकार, (नई दिल्ली) दूसरे दिन 19 नवंबर के लिए; प्रो. (डॉ.) टीजी सीतारम, चेयरमैन अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली तीसरे दिन 25 नवंबर के लिए और श्री विनोद ईश्वरन, एमडी और सीईओ, जियो पेमेंट्स बैंक, मुंबई चौथे दिन 26 नवंबर के लिए। चार दिवसीय दीक्षांत समारोह में एमएएचई के 7000 से अधिक छात्रों का स्नातक होना संभव होगा। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों में डॉ. रंजन आर पई, प्रेसिडेंट, एमएएचई ट्रस्ट, चेयरमैन-मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप (एमईएमजी), श्रीमती वसंती आर पई, ट्रस्टी, एमएएचई ट्रस्ट, डॉ.

एचएस बल्लाल, प्रो-चांसलर, एमएएचई, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) शामिल थे। एमडी वेंकटेश, कुलपति, डॉ दिलीप जी नाइक, प्रो-कुलपति, डॉ एनएन शर्मा , प्रो-कुलपति, डॉ विनोद वी थॉमस, रजिस्ट्रार, मूल्यांकन, डॉ शरथ के राव, प्रो-कुलपति, स्वास्थ्य विज्ञान , एमएएचई, डॉ. नारायण सभाहित, प्रो वाइस चांसलर और डॉ. गिरिधर किनी पी, रजिस्ट्रार। उनके साथ एमएएचई के सभी संस्थानों के प्रमुख भी थे। दीक्षांत समारोह के पहले दिन मुख्य अतिथि, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) नरेंद्र कोटवाल, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट, आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेजेज, पुणे ने कहा, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) में दीक्षांत समारोह का महत्वपूर्ण अवसर पर यहां होना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। आज का दिन आपके जीवन में महत्वपूर्ण है क्योंकि अब आप स्नातक से पेशेवर बन रहे हैं जो स्वास्थ्य देखभाल के भविष्य को आकार देंगे। जैसा कि आप जानते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर में महान परिवर्तन का दौर देख रहे हैं। आज वैश्विक व्यवस्था में भारत की स्थिति और छवि एक ऐसे राष्ट्र की है जिसे अपनी विरासत, अपनी क्षमताओं और व लक्ष्यों पर भरोसा है। हमारे राष्ट्र को अपनी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, हममें से प्रत्येक के लिए राष्ट्र प्रथम के दर्शन के प्रति प्रतिबद्ध होना अनिवार्य है। 31वें दीक्षांत समारोह के दूसरे दिन विशिष्ट अतिथियों ने नवीनतम समूह के स्नातक समारोह को देखा। कार्यक्रम में स्नातकों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिन्हें उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया । डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई), भारत सरकार इस दिन के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने एक प्रेरक दीक्षांत भाषण दिया, जिसमें छात्रों से देश की मजबूती में योगदान देने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया गया।

# फोर्टिस हैल्थकेयर को फिक्की ने 'चेयरमैन्स अवार्ड फॉर आउटस्टैन्डिंग लीडरशिप इन हैल्थकेयर' प्रदान किया

**नई दिल्ली।** मेडिकल स्ट्रैटेजी एंड ऑपरेशंस, फोर्टिस हैल्थकेयर को भारत में हैल्थकेयर के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए फिक्की ने 'चेयरमैन्स अवार्ड फॉर आउटस्टैन्डिंग लीडरशिप इन हैल्थकेयर' प्रदान किया है। राजधानी में आयोजित 15वें फिक्की हैल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 के मौके पर उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

'चेयरमैन्स अवार्ड फॉर आउटस्टैन्डिंग लीडरशिप इन हैल्थकेयर' को फिक्की हैल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड्स के तहत् 2009 में शामिल किया गया और यह उन व्यक्तयों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने अपने उत्कृष्ट योगदान से हैल्थकेयर सैक्टर में व्यापक बदलाव किए हों। यह पुरस्कार उनकी प्रशासनिक दक्षताओं को मान्यता देता है जिसके चलते किसी संगठन के ऑपरेशन, मरीज़ों के मामले में हैल्थकेयर और कुल-मिलाकर सभी कार्यप्रणालियों पर कारगर असर पड़ा हो।

पुरस्कार के लिए गठित जूरी में डॉ हर्ष महाजन, एमडी, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, संस्थापक एवं अध्यक्ष, महाजन इमेजिंग एंड लैब्स, चेयर, फिक्की हैल्थ कमेटी, तथा संस्थापक एवं प्रमुख रेडियोलॉजिस्ट- महाजन इमेजिंग;डॉ संजीव सिंह, सह-अध्यक्ष, फिक्की हैल्थ सर्विसेज़ कमेटी, मेडिकल डायरेक्टर, एआईएमएसआरसी, फरीदाबाद तथा चिकित्सा अधीक्षक, एआईएमएसआरसी, कोच्चि;और सी के मिश्रा, पूर्व सचिव, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण मंत्रालय शामिल थे। समारोह की मुख्य अतिथि और जानी-मानी अभिनेत्री तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और पद्म भूषण से सम्मानित शर्मिला टैगोर ने डॉ पाणिग्रहि को पुरस्कार प्रदान किया। पिछले एक दशक में, इस पुरस्कार को काफी प्रतिष्ठा हासिल हुई है और हैल्थकेयर के क्षेत्र में यह काफी चर्चित है, जो अपनी कठोर और सराहनीय मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए भी साख बना चुका है।

डॉ बिष्णु पाणिग्रहि, ग्रुप हैड - मेडिकल स्ट्रैटेजी एंड ऑपरेशंस, फोर्टिस हैल्थकेयरने कहा, ÷मैं हैल्थकेयर के लिए फिक्की के 'चेयरमैन्स अवार्ड फॉर आउटस्टैन्डिंग लीडरशिप' को प्राप्त कर खुद को बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं ओडिशा के एक छोटे शहर संबलपुर का हूं जहां इस तरह की उपलब्धियां युवाओं के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा साबित होती हैं। हैल्थकेयर केवल रोगों का इलाज करने तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि यह समुदाय की लाइफ क्वालिटी में सुधार लाने का समेकित प्रयास भी है।

# फ्लिपकार्ट ने उत्तर पूर्व हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के साथ एमओयू पर किया हस्ताक्षर

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए उत्तर पूर्व हस्तशिल्प एवं हथकरघा

विकास निगम लिमिटेड, गुवाहाटी से हाथ मिलाया है। एमओयू का उद्देश्य कारीगरों को सशक्त करने, हथकरघा एवं हस्तशिल्प कारोबार के लिए अवसर बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए अवसर बढ़ाने पर फोकस करते हुए पूर्वोत्तर में सभी संबंधित पक्षों का हित सुनिश्चित करना है 1977 में स्थापित उत्तर पूर्व हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड का लक्ष्य शिल्पकारों को संबंधित बाजारों एवं उपभोक्ताओं से जोड़ते हुए क्षेत्र के स्थानीय शिल्प को बढ़ावा देना और उनका विकास सुनिश्चित करना है। उपभोक्ताओं को सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करते हुए क्रिएटर्स के लिए आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास के अवसर सृजित करना एनईएचएचडीसी के मिशन का हिस्सा है। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा भारत के आर्थिक विकास को गति देने के लिए अथक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए फ्लिपकार्ट लाखों स्थानीय कारोबारियों को उनके ई-कॉमर्स के सफर में सहयोग के लिए समर्पित है। हम फ्लिपकार्ट की क्षमताओं और विशेषज्ञता का लाभ लेते हुए विकास के अवसर सृजित करने की दिशा में उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए उत्तर पूर्व हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के साथ गठजोड़ को लेकर उत्साहित हैं।

इस एमओयू के माध्यम से हमें एक ऐसे सफर पर बढ़ने की खुशी है, जो कारोबारियों को सशक्त करेगा, उनके मन में विकास की विचारधारा को प्रोत्साहित करेगा और पूर्वोत्तर क्षेत्र के कारीगरों, बुनकरों एवं शिल्पकारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। इस गठजोड़ को लेकर उत्तर पूर्व हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिगेडियर रिटायर्ड राजीव कुमार सिंह ने कहा कारीगरों, हथकरघा एवं हस्तशिल्प कारोबार के विकास को बढ़ावा देना और साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को समावेशी अवसर प्रदान करना राज्य के लिए महत्वपूर्ण है।

# 9362 करोड़ रुपये के मामले में बायजू को शोकॉज

**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजू और उसके सीईओ व सह-संस्थापक रवींद्रन बायजू की ओर से विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के कथित उल्लंघन मामले की जांच अंतिम चरण में है। इसके बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा सकता है। संघीय जांच एजेंसी ने अप्रैल में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत बायजू की पंजीकृत कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड सहित दो व्यावसायिक और एक आवासीय परिसरों की तलाशी ली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि 9362 करोड़ रुपये की राशि के मामले में फेमा, 1999 के तहत थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड और बायजू रवींद्रन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को तेलंगाना की चेन्नूर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विवेक वेंकटस्वामी और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई हवाला से जुड़े विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले की जांच के सिलसिले में की गई।

राज्य की 119 विधानसभा सीटों पर 30 नवंबर को मतदान होना है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी चेन्नूर (मंचेरियल जिला) और हैदराबाद में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत छापेमारी कर रही है।

सूत्रों के अनुसार हाल ही में किया गया आठ करोड़ रुपये का संदिग्ध बैंक लेनदेन कथित तौर पर कांग्रेस नेता द्वारा प्रवर्तित एक कंपनी से जुड़ा है। इसी की जांच ईडी कर रही है।

# वैदिक विद्वानों को दिया गया भारतात्मा वेद पुरस्कार

### गुजरात के माननीय राज्यपाल वर्चुअल माध्यम से रहे उपस्थित, कहा, वेद पूरे विश्व के लिए ज्ञानपुंज

**नई दिल्ली।** अशोक सिंघल की पुण्य स्मृति में भारतात्मा वेद पुरस्कार प्रदान किया गया। गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहें। गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी ने अपने वीडियो संदेश में कहा, आज हम अपने वेदों को भूलते जा रहे हैं। वेदों में ज्ञान का भंडार है। अपने आदर्श जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपने आप को पहचानना जरुरी है। अमूल्य जीवन को पहचानने के लिए हमे दूसरों के बारे में भी जानना जरूरी है। कई विदेशी दार्शनिको, विद्वानों और चिंतकों ने भी हमारे वेद पुराणों को महान बताया है।

उन्होंने आदरणीय स्व अशोक सिंघल जी का जीवन वेधांतिक, पुरातन और आज के युग में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अशोक सिंघल फाउंडेशन के द्वारा इस परंपरा को निरंतर बड़ावा देने की सरहना करते हुए कहा कि एक सभ्य समाज की कल्याणकारी शिक्षा नीतियां लगातार जन जन तक पहुंचे ऐसा प्रयास सभी को करना चाहिए।

भारतात्मा पुरस्कार वितरण समारोह श्री सत्य साईं सभागार, लोधी रोड, प्रगति विहार, नई दिल्ली, दिल्ली 110003 में सायं 5:00 बजे प्रारंभ हुआ। यह पुरस्कार वितरण समारोह परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरिजी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ। भारतात्मा पुरस्कार की यह सातवीं शृंखला है। उत्तम वेदविद्यालय की श्रेणी में शंकर मठ, कांची कामकोठी पीठम, थिरुविडइमरुदूर, उत्कृष्ट वेदविद्यार्थी श्रेणी में वेदमूर्ति पद्मनाभ विवेक जोशी तथा आदर्श वेदाध्यापक शेणी में वेदाध्यापक वेदमूर्ति श्री विष्णुभट्टला नागशंकर वेंकट लक्ष्मी नारायण घनपठी को पुरस्कृत किया गया।

तमिल नाडु के तंजौर ज़िले के कुम्भकोणम् क्षेत्र के निवासी ब्रह्मश्री सुब्रह्मण्य श्रोतिगल को वेदार्पित जीवन सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान के अन्तर्गत 5 लाख रुपये तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

वर्ष 2023 के उत्तम वेदविद्यालय की श्रेणी में सम्मानित श्री शंकर मठ, कांची कामकोठी पीठम, थिरुविडइमरुदूर की तरफ़ से एस रवि शर्माजी ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया।

# ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक बना शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 का हेल्थ पार्टनर

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर हेल्थ, हाइजीन एवं न्यूट्रिशन क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी रेकिट के ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक प्रोग्राम शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 के तीसरे संस्करण का हेल्थ पार्टनर बन गया है। प्लान इंडिया द्वारा ड्यूरेक्स टीबीबीटी को पूर्वोत्तर के छह राज्यों, दिल्ली और गुजरात में शुरू किया जा रहा है। यह वार्षिक उत्सव पर्यटन विभाग, मेघालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय और स्वदेशी रुझानों से प्रेरित इस सांस्कृतिक और संगीतमय उत्सव में यहां की लोकप्रिय संस्कृति को बेहद खूबसूरती के साथ पेश किया जा रहा है। गौरव जैन, एग्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, रेकिट साउथ एशिया, ने ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक पहल के महत्व पर बात करते हुए कहा कि, ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक पहल की संकल्पना हमारी विकसित होती दुनिया को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सही राह दिखाना है। संगीत का हर किसी पर गहरा प्रभाव पड़ता है, यह लंबे समय तक अपना प्रभाव डालने वाला और बार बार उद्देश्य को याद दिलाने वाला एक शक्तिशाली टूल है। रवि भटनागर, डायरेक्टर, फॉरेन अफेयर्स एंड पार्टनरशिप, एसओए, रेकिट, ने कहा, ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड द बीज़ टॉक कार्यक्रम के साथ म्यूजिक ने हमारे सफर को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रोग्राम खुली बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करता है, साथ ही युवा प्रतिभाओं को बताता है कि आज की दुनिया में बड़े होने का मतलब क्या है। हम शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 में हेल्थ पार्टनर्स के रूप में अपनी भूमिका से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल एक संगीतमय उत्सव है। यह बीते कुछ वर्षों में राज्य का सबसे प्रिय त्योहार के रूप में विकसित हुआ है। यह उत्सव राज्य में कलाकारों का सबसे बड़ा लाइनअप और सेटअप प्रदान करता है। हमें लोकप्रिय रैप कलाकारों के साथ सहयोग करके ऐसे गाने लॉन्च करने का अवसर मिला है जो ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक कार्यक्रम के पांच स्तंभों सहमति, सुरक्षा, जागरूकता, समानता और समावेशन से प्रेरित हैं। हम युवाओं को उनके बड़े होने के सफर में सूचित, सहानुभूतिपूर्ण और आत्मविश्वासी वयस्क बनने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। यही युवा हमारे भविष्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल 2023 में, टीबीबीटी डिस्प्ले कॉर्नर ने बच्चों को एक खास इंटरैक्टिव रन टू लर्न गेम के साथ आकर्षित किया है। यह प्रोग्राम के पांच सिद्धांतों पर आधारित एक वर्चुअल रियलिटी एडवेंचर गेम है। इसके अलावा यहां मेघालय के रैपर ए. होसे ने आगामी ड्यूरेक्स टीबीबीटी रैप एल्बम की एक खास झलक भी पेश की। इस पर्फोर्मेंस में सभी को एक साथ लाने, सुरक्षा, जागरूकता, समानता और सहमति के मूल सिद्धांतों से प्रेरित एक खूबसूरत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, टीबीबीटी कॉन्शियस कॉर्नर ने यहां पहुंचे किशोरों को एक समावेशी और सुरक्षित स्थान के रूप में आकर्षित किया। यह इन बच्चों के बड़े होने से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद करता है, साथ ही उनकी संपूर्ण शिक्षा और कल्याण के लिए इस प्रोग्राम की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करता है। सभी के लिए एक समावेशी और सुरक्षित स्थान टीबीबीटी कॉन्शियस कॉर्नर, का उद्घाटन इस कार्यक्रम में उपस्थित री भोई जिले के उपायुक्त श्री अर्पित उपाध्याय, आईएएस, ने किया। टीबीबीटी कॉन्शियस कॉर्नर बड़े हो रहे किशोरों के लिए सूचना और समर्थन का एक अहम जरिया बन गया है। जिला आयुक्त, रिभोई, मेघालय ने कहा, संगीत, कला और संस्कृति बच्चों, युवा वयस्कों और युवाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण और सबसे प्रभावी माध्यम है। शिलांग चेरी ब्लॉसम उत्सव में द बर्ड्स एंड बीज़ टॉक साझेदारी के साथ, हम उत्तर पूर्व भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की मदद से बड़े होने का सही संदेश प्रचारित करने के लिए स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। शिलांग साहित्यिक महोत्सव में फेथ फाउंडेशन के सह-संस्थापक और निदेशक शैनन मैसर; जुबिन मिलर, कंटेंट एसोसिएट, प्रथम फाउंडेशन, और बुलबुल हसन ने नेविगेटिंग डिफिकल्ट टॉपिक विथ अवर चिल्ड्रन पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

# मुकेश अंबानी बोले- बंगाल में 45000 करोड़ का निवेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को यहां सातवें विश्व बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में जैव ईंधन (बायो फ्यूल) को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी का ऐलान किया। इस मौके पर भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। यह इंवेस्टमेंट अगले तीन सालों में किया जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अगले 3 सालों में हम 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे।कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए रिलायंस प्रमुख ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि ममता अग्निकन्या हैं। मुकेश अंबानी ने कहा कि 20 हजार करोड़ का यह निवेश टेलीकॉम, रिटेल और बायो एनर्जी सेक्टर में किया जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा, हम राज्य के हर कोने तक 5जी को ले जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण बंगाल को जोड़ा जा रहा है। जियो का नेटवर्क राज्य में 98.8 फीसदी और कोलकाता टेलीकॉम सर्कल में 100 फीसदी जनसंख्या को कवर करता है।

पूर्व क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष और भारतीय टीम के कप्तान सौरव गांगुली के रूप में नजर आई। विश्व बांग्ला व्यापार सम्मेलन में मंच पर सौरव गांगुली की उपस्थिति ने उद्योगपतियों को उनका एक और परिचय दिया। मंच पर सौरव को एक उद्योगपति के रूप में एक नई उपाधि मिली। वे पहले ही बंगाल में निवेश का वादा कर चुके हैं। 7वें वर्ल्ड बंगाल बिजनेस कॉन्फ्रेंस के मंच पर सौरव ने ममता बनर्जी की तारीफ भी की। महाराज ने ममता बनर्जी की स्पेन यात्रा के मंच से घोषणा की थी कि वह बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी में स्टील प्लांट लगाएंगे।

## बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान यूनिट को ऑयल वेल सीमेंट के लिए एपीआई मोनोग्राम लाइसेंस मिला

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपी बिरला ग्रुप) का बिरला सीमेंट वर्क्स प्रतिष्ठित एपीआई मोनोग्राम लाइसेंस प्राप्त करने वाला राजस्थान का पहला सीमेंट प्लांट बन गया है। इसे ऑयल वेल सीमेंट के लिए मोनोग्राम सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। 17 नवंबर 2023 से वैध इस लाइसेंस के दायरे में ग्रेड एचएसआर पर एपीआई वेल सीमेंट क्लास जी शामिल है।

एपीआई वेल सीमेंट, कम सी3ए जैसी अपनी विशेष और कैमिकल-विशिष्ट कम्पोजीशन के लिए, हाई सल्फेट प्रतिरोध रखता है और तेल कुओं, पाइपलाइनों, पानी के कुओं के निर्माण और अपतटीय और तटवर्ती प्लेटफ़ॉर्म समर्थन आधारों पर समेकन कार्य के लिए आदर्श समाधान है।

संदीप घोष, एमडी और सीईओ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस खबर का स्वागत करते हुए कहा कि यह बिरला कॉर्पोरेशन को विभिन्न उपयोग के लिए हाई क्वालिटी सीमेंट का निर्माता बनाने के हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए है। ऑयल वेल सीमेंट एसआरसी और रेलवे स्लीपर सीमेंट के साथ-साथ स्पेशल ग्रेड सीमेंट के हमारे भंडार में शामिल हो जाएगा। ग्रेड एचएसआर पर एपीआई वेल सीमेंट क्लास जी के साथ हम तेल खोज में कार्यरत कंपनियों की जरूरतों को पूरा करने का इरादा रखते हैं।

उन्होंने कहा कि एपीआई मोनोग्राम लाइसेंस देश में सीमेंट के अग्रणी निर्माता के रूप में कंपनी की तकनीकी साख और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अब, कंपनी के पास मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों पर आधिकारिक एपीआई मोनोग्राम का उपयोग करने का अधिकार है।

## अमेज़न मिनीटीवी पर देखें स्लम गोल्फ प्रेम, स्वयं पर विश्वास और सपनों का पीछा करने का सफ़र!

**मुंबई।** अमेज़न मिनीटीवी अमेज़न की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा नाटक, थ्रिलर, साइंस फ़िक्शन, कॉमेडी और रोमांच सहित विभिन्न प्रकार की कंटेंट लाइब्रेरी प्रदान करती है। अमेज़न मिनीटीवी की नवीनतम पेशकश, स्लम गोल्फ, इच्छा और आशावाद की कठिनाई और जीवन की परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करने की एक कहानी है। सच्ची घटनाओं पर आधारित, यह आठ-एपिसोड का खेल नाटक पवन नागरे की मुंबई के स्लम से गोल्फ़िंग की प्रसिद्धि तक की दिलचस्प यात्रा का अनुसरण करती है।

वीरता, अस्तित्व और अंततः विजय हासिल करने की कहानियों ने हमेशा लोगों को प्रेरित करती रही है, उन्हें आशा, सपनों का पीछा करने का साहस और कठिनाइयों को सहन करने के लिए प्रोत्साहन देती है। झुग्गी-झोपड़ियों से लेकर गोल्फ कोर्स तक एक व्यक्ति की प्रेरणादायक कहानी , सीरीज पवन नागरे की यात्रा के बारे में बताती है, एक ऐसी प्रेरक कहानी जिसका मकसद दर्शकों को लगातार बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करना है। यह शो कैडी के गोल्फ खिलाड़ी बनने की वास्तविक जीवन की कहानी से प्रेरित है, विशेष रूप से बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ कोर्स के अनिल माने, जिन्हें स्लम गोल्फ को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। पवन नागरे न्यू भारत नगर स्लम में पले बढे, जो बॉम्बे प्रेसिडेंसी गोल्फ कोर्स के सड़क के उस पार स्थित है। उम्र 10 साल थी जब उसने मोड़ी हुई धातु की रॉड्स और पिंग-पोंग बॉल्स के साथ स्लम की संकीर्ण गलियों को गोल्फ कोर्स में बदल दिया, अपने खेल को अपनी अंदाज में खेलते हुए स्लम गोल्फ। अब जब उसकी उम्र 18 साल है, तो इस सीरीज़ में उसका परिपथ को दर्शाया गया, जहाँ वह 60 फीट की सड़क के एक छोर से दूसरे छोर पर जाता है यह छोटी दूरी है, लेकिन एक लम्बी यात्रा है। जीवन कभी-कभार चुनौतियों भरा हो सकता है, और चीज़ें हमेशा हमारे अनुसार नहीं चलती हैं; फिर भी, पवन नागरे की यात्रा हमें दिखाती है कि हमें हमारी आकांक्षाओं पर कभी हार नहीं माननी चाहिए, क्योंकि मेहनत का फल मिलता है।

## ईडी ने यंग इंडिया की 751 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की, सोनिया-राहुल से हो चुकी है पूछताछ

**नई दिल्ली।** ईडी ने नेएसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडिया की 751 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। बता दें कि इस मामले में एजेंसी पूर्व में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ कर चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में कही है। एजेंसी के अनुसार मामले की जांच के दौरान यह पाया गया कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के पास दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे कई शहरों में 661.69 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के रूप में अपराध से अर्जित आय है और यंग इंडियन (वाईआई) के पास एजेएल के इक्विटी शेयरों में निवेश के रूप में 90.21 करोड़ रुपये के रूप में अपराध की आय है। एजेंसी ने इन्हीं संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की है।

ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा है कि ईडी की ओर से ध्यान भटकाने के लिए एजेएल पर कार्रवाई की गई है। सिंघवी ने सोशल मीडिया पर कहा कि एजेएल की संपत्तियों को जब्त करने की ईडी की कार्रवाई फिलहाल जारी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार की हताशा को दर्शाता है। एक निश्चित हार से ध्यान भटकाने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

सिंघवी ने कहा कि पीएमएलए की कार्रवाई केवल कुछ गंभीर मामलों में की जा सकती है। इस मामले में किसी भी अचल संपत्ति का हस्तांतरण नहीं हुआ है। पैसे का कोई लेन-देन नहीं हुआ है। अपराध से कोई आय अर्जित नहीं की गई है। असल में, इस मामले में कोई शिकायतकर्ता भी नहीं नहीं है जो धोखा दिए जाने का दावा कर रहा है।

सिंघवी ने कहा कि यह छल और झूठ का एक पूर्वनिर्मित ढांचा है, जो चुनावों के बीच में ध्यान भटकाने और विचलित करने करने के लिए भाजपा की ओर से फैलाया जा रहा है।

# मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने की उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूलित स्वास्थ्य बीमा सॉल्यूशन की पेशकश

**लखनऊ।** सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत में सक्रिय रूप से अपनी पहुंच बढ़ा रही है। कंपनी का लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण जरूरतों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करना है और विभिन्न ग्राहक वर्गों की अद्वितीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए स्वास्थ्य बीमा सॉल्यूशन पेश किए हैं। उत्तर प्रदेश के बाजार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, मणिपालसिग्ना का लक्ष्य स्वास्थ्य बीमा को अपनाने की दर को बढ़ाना है और अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक सुविधाजनक और आजीवन पहुंच प्रदान करना है। मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस की मुख्य विपणन अधिकारी सपना देसाई ने कहा, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार, उत्तर प्रदेश में केवल 15.9त्न परिवार स्वास्थ्य बीमा या वित्तपोषण द्वारा कवर किए गए हैं। इस क्षेत्र में जीवनशैली से संबंधित बीमारियों और सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है। इस स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों और उपचार के खर्चों का समाधान करने के लिए, मणिपाल सिग्ना में ÷लाइफटाइम हेल्थ÷ और ÷प्रोहेल्थ प्राइम÷ जैसे बीमा उत्पाद हैं। सामर्थ्य और उच्च बीमा राशि कवरेज के लिए जाने जाने वाले ये प्रमुख उत्पाद उत्तर प्रदेश के बाजार की विशिष्ट स

## ट्रेन में आग लगने की अफवाह से भगदड़, चैन पुलिंग कर भागे यात्री

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलते ही यात्रियों में भगदड़ मच गई। चैन पुलिंग करके ट्रेन से उतरे यात्री। कुछ लोगो को आई हल्की चोटे। तिनफेडिया रेलवे स्टेशन के पहले किसी ने खोल दिया था अग्निशामक यंत्र का नाजिल। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर से सिवान जा रही है 05036 डाउन गाड़ी तिनफेडिया स्टेशन के कुछ दूर पहले पहुंची थी कि किसी ने बोगी में लगा अग्निशामक यंत्र को खोल दिया था। अग्निशामक यंत्र खुलते ही पूरा बोगो प्रदूषण/धुंआ से भर गया। धुंआ भरने से यात्री ठीक से देख नही पा रहे थे। इसी दौरान किसी ने अफवाह उड़ा दिया कि ट्रेन में आग लग गयी है। अफवाह फैलते ही अगल बगल के कोच में भगदड़ मच गया। आग का भय यात्रियों में इस कदर हावी हो गया कि यात्री चैन पुलिंग करके कोच से जल्दी जल्दी उतरने लगे जिसके कारण कुछ यात्रियों को हल्की चोटे भी आयी। अग्निशामक यंत्र का नाजिल किसने खोला इसकी जानकारी किसी को नही हो पायी। यात्रियों को जब लगा कि आग नही लगी है तब ट्रेन को आगे बढ़ाया गया। सूचना पर रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ट्रेन को आगे बढ़ाने में मदद की।

# ग्रामीणों और चोरों में संघर्ष, एक जख्मी, 2.5 लाख का गहना और 77 हजार नगदी ले भागे चोर

## हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला गांव का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला गांव में भीषण चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने एक मकान से तीन बॉक्स चोरी कर भाग रहे कि भनक लगते ही बगल का एक व्यक्ति ने पीछे से दौड़कर पकड़ने की कोशिश किया तब तक एक चोर ने उक्त व्यक्ति को धारदार हथियार से जख्मी कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई है। पीड़ित के अनुसार बॉक्स में ढाई लाख का गहना और 77 हजार रुपए नगदी था।

मिली जानकारी के अनुसार हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला निवासी उदयभान चौहान के परिजन सोमवार की रात अपने मकान के मुख्य गेट की सिटकनी बन्द कर कमरें को खुला छोड़ सोए थे। रात को लगभग सवा बारह बजे तीन चोर मकान के मुख्य गेट की सिटकनी को बाहर से खोल कर घर में दाखिल हो गए और कमरे में रखा तीन बाक्स को ले जा रहे थे। इसी बीच गृहस्वामी का पड़ोसी राजेश चौहान अपने पशुओं को मच्छर भगाने की अगरबत्ती जलाने उठा तो चोरों को घर से बाक्स ले जाते देख शोर मचाने लगा। इसी दौरान चोरों ने उसके बाये हाथ पर धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया और बाक्स लेकर भाग निकले। कुछ देर बाद शोर सुन आस पास के लोग पहुंचे और चोरों के भागने की तरफ उनका पीछा किया मगर चोर भागने में सफल रहे। घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने कुछ दूरी पर खेत में दो बड़े बाक्स को तोड़कर खंगालने के बाद फेंक दिया और एक छोटा बाक्स जिसमें हार, मंगलसूत्र, चेन, मांग टीका, नथिया, चांदी के पायल व 77 हजार रूपये नगदी रखा साथ ले गए। गृहस्वामी व ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी मुकामी पुलिस को दी। रात को पहुंची डायल 112 पुलिस रात को खेत में चोरों द्वारा खंगालने के बाद फेंके गए दो बाक्स को उठवा कर पीड़ित गृहस्वामी को सौंप दिया। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, कोतवाल हाटा राजप्रकाश सिंह ने मंगलवार को गांव में पहुंच चोरी की घटना की जानकारी ली और जल्द ही पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया।

एक खेत से बरामद हुई टूटी बॉक्स

चोरों के हमले से गांव का एक व्यक्ति घायल

## आईजीएल देगा स्थानीय पत्रकारों को 10 लाख का बीमा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड गीडा के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में बुधवार को कंपनी परिसर में ट्रक चालकों का एक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रक्षको को दस लाख का दुर्घटना बीमा कंपनी द्वारा दिया जायेगा। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की यह कार्यक्रम सिर्फ पत्रकार बंधू एवं चालको के लिए है। उन्होंने कहा की सभी ट्रक चालकों को भी दुर्घटना बीमा दिया जायेगा तथा सभी को एक हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा। इसके साथ ही ट्रक चालकों को वस्त्र और टी शर्ट भी प्रदान किया जायेगा। कार्यकम आईजीएल परिसर में सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवां के विधायक प्रदीप शुक्ल होंगे और सह मुख्य अतिथि सीईओ गीडा श्रीमती अनुज मालिक (आईएएस) है। उपरोक्त सूचना वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने दिया।

## खाद्य प्रतिष्ठानों पर की जा रही जांच

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थों के विक्रय पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाने के बाद अब खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर इसकी जाँच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान अभी तक कहीं पर भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य विक्रय हेतु प्रदर्शित नहीं पाया गया है। जनपद की चारों तहसीलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाने के बाद खाद्य कारोबारियों को निरीक्षण करते समय इस संबंध में निर्देश दिए गए कि वे किसी भी खाद्य को क्रय-विक्रय करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि उस पर हलाल प्रमाणन युक्त होने का कोई मिथ्या छाप लोगो अथवा घोषणा न हो। इसके साथ कई स्थानों पर जन सामान्य एवं उपभोक्ताओं को भी इस विषय में जागरूक किया गया कि कहीं भी यदि हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पाद विक्रय हेतु प्रदर्शित मिले तो तत्काल विभाग को सूचित करें।

## सर्वण व्यापारी के दुकान नकब काट कर लाखों का सोने चांदी ज्वैरात चोरी

**पकड़ी बाजार।** मंगलवार के रात पकड़ी बाजार में स्वर्णकार के दुकान में नकब काट चोरी, चोरी की जानकारी, दुकान खोलने पर हुई। स्थानीय पकड़ी बाजार में सोमवार के हरिद्वार वर्मा के दुकान में नकब लगाकर चोरो ने दुकान में रखी गोदरेज के आलमारी का लाक तो कर, आलमारी में रखा,चार किलो, चांदी का सामान, 60 ग्राम सोने का सामना, नया पुराना सहित नगद, पैंतीस हजार रुपए पर चोरो हाथ साफ किया। बरडीहा अली निवासी हरिद्वार वर्मा, नगवा चौराहा पकड़ी बाजार में सम्मुदीन अहमद के मकान में दुकान किराए पर लेकर दुकान चलाते हैं, सोमवार को शाम दुकान बन्द कर के घर चला गया, सोमवार को सुबह दुकान खोल कर दुकान के अंदर जाने पर आलमारी के बगल में नकब और ताला टुटा देख होश उड़ गया।

# मझना नाले में मिली अज्ञात महिला की शव का हुआ शिनाख्त

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग में एनएच 28 किनारे रविवार को मझना नाले में पुल के नीचे एक 31 वर्षीय अज्ञात महिला की शव बरामद हुई थी। जिसका शिनाख्त पुलिस द्वारा कर लिया गया है। प्राप्त सूचना के मुताबिक खुश्बू सिंह पत्नी विपीन सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी सुखई परसिया थाना सुरौली जनपद देवरिया बीते वर्ष 2018 में विपिन ने खुश्बू से लव मैरिज किया था। पति पत्नी के आपसी विवाद में पति विपिन सिंह ने अपने पत्नी खुश्बू की हत्या कर शव को कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग एनएच 28 के पास स्थित मझना नाला पुल के नीचे फेंक दिया था।

**अहिरौली पुलिस के अथक प्रयास से हुई अज्ञात शव की शिनाख्त**

रविवार को अहिरौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुटी हुई थी। अहिरौली बाजार पुलिस के अथक प्रयास से शव की शिनाख्त खुश्बू सिंह पत्नी विपीन सिंह निवासी सुखई परसिया थाना सुरौली जनपद देवरिया के रूप में हुई। थाना सुरौली पुलिस ने आरोपी विपिन सिंह के विरुद्ध दहेज हत्या की मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### पति ने पत्नी की हत्या कर शव को लगाया था ठिकाना

पति पत्नी के आपसी विवाद में बेरहम पति विपिन सिंह ने पत्नी को मारकर कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र में पत्नी के लाश को फेंक दिया था। तीन दिन पूर्व रविवार को अहिरौली पुलिस ने शव बरामद कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। महिला के शव की पहचान सुखई परसिया थाना सुरौली जनपद देवरिया के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतका का शादी लव मैरेज से विपिन सिंह नामक युवक से हुई थी।

## गोला में धूमधाम से मना भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** उपनगर गोला स्थित प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर में जायसवाल समाज के लोगों ने अध्यक्ष मनीष जायसवाल के नेतृत्व में समाज के कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के एकत्रित लोगों ने अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजल्लित कर याद किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी मनीष जायसवाल ने कहा कि जैसे हम अपने अन्य देवताओ की पूजा पाठ करते हैं वैसे ही अपने घर में हमारे समाज के लोग भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र लगाएं और उनकी पूजा पाठ करें ताकि अपने समाज के लोगों को याद रहे कि हम किस कुल वंशज के हैं और हमें अपने समाज के विकास व उत्थान में सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। सुरेश जायसवाल ने कहा कि हम लोगों का दायित्व है कि अपने समाज के जो लोग दबे कुचलें हैं उनको समाज मे उठाने का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर सुरेश जायसवाल, डा संजय जायसवाल, डा राजेश जायसवाल, आदित्य,आकाश जायसवाल, सिंटू जायसवाल, राहुल जायसवाल, शेरू,विनोद जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अमन जायसवाल, नन्दलाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, अनिल जायसवाल, राजू, आशीष जायसवाल, संजीत, प्रमोद जायसवाल, रवि जायसवाल, पिन्टू जायसवाल, लालचंद जायसवाल सहित तमाम जायसवाल के लोग मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निकली रैली

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** खंड शिक्षा अधिकारी भाटपार रानी के निर्देशन में आज न्याय पंचायत बेलपार पंडित के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंपोजिट विद्यालय भाटपार रानी में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया जो नगर के विभिन्न मोहल्ले से निकलते हुए, अपने नारों से मतदाताओं को जागरूक करते हुए टाउन एरिया ऑफिस पर पहुंची। एकत्र लोगों को जागरूक करते हुए दीपक यादव द्वारा बताया गया की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत चुनाव आयोग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसमे दिनांक 25 एवं 26 नवंबर को तथा 2 एवं 3 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमे 18 वर्ष के युवा मतदाता बन कर लोकतंत्र के इस सबसे बड़े त्यौहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है तथा एक स्वच्छ लोकतंत्र का निर्माण कर सकते है। कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय टीकमपार में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैली में नगर पंचायत भाटपार रानी के सुपरवाइजर संदीप खरवार, शिव गुप्ता, बीएलओ रवि प्रकाश पांडेय, विवेक कुमार, अनिल कुमार, कृष्णा यादव, संजीत गुप्ता, राकेश सिंह उपस्थित रहे।

# विद्यालय में तोड़फोड़ प्रधानाचार्य ने दी तहरीर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 12 में संचालित एसआरजे चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में अराजक तत्वों द्वारा घुसकर तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने थाने तहरीर देकर जिक्र किया है कि उक्त वार्ड में रामजानकी मंदिर के बगल में एसआरजे चिल्ड्रेन स्कूल संचालित होती है। सोमवार की रात कस्बे के कुछ शरारती तत्वों ने विद्यालय में घुसकर दबंगई के बल पर वायरिंग तार, बिजली का बोड, कक्ष का ब्लैक बोर्ड व दीवार तोड़ दिया गया। इसके साथ ही हमेशा मारने पीटने व विद्यालय बंद कराने की धमकी देते रहते है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मथौली संतोष कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर गया था, जांच पड़ताल की जा रही है।

### निर्माणाधीन चहारदीवारी को अराजक तत्वों ने तोड़ी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सेवरही विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुमही संग्राम में निर्माणाधीन चहारदीवारी के कुछ हिस्से को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया है। प्रधान एवं प्रधानाध्यापक ने सेवरही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान जैतुन निशा एवं प्रधानाध्यापक सुमंत मिश्र ने सेवरही पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुमही संग्राम में चहारदीवारी का निर्माण हो रहा है। निर्माणाधीन चहारदीवारी के कुछ हिस्से को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया है। प्रधान एवं प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपद में सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह डिप्टी डायरेक्टर जनरल/संयुक्त सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स भारत सरकार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर की गई तैयारी के संबंध में एक प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें उन्होंने नोडल अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जिले में 22 नवंबर से 26 जनवरी 2024 के मध्य समस्त ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तिथि समय व डे नोडल अधिकारी का रोस्टर जिलाधिकारी द्वारा जारी किया जा चुका है साथ ही विकास खंडवार प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई जा चुकी है। प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटो व वीडियो निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किए जाने हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के प्रचार प्रसार हेतु शासन द्वारा जनपद में 06 एलईडी वैन भेजी गई है जो निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में जाकर प्रधानमंत्री का वीडियो ऑडियो संदेश तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जन को जानकारी उपलब्ध कराएगी। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो राज्य सरकार के सहयोग से पूरा होगा इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा जो योजनाएं संचालित की गई हैं यदि वे किन्हीं कारणों से पात्र व्यक्तियों तक नहीं पहुंची हैं तो अभियान के दौरान उन योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है।

## बीपी और शुगर के मरीज भी अपना सकते हैं पुरूष नसबंदी

**गोरखपुर।** परिवार नियोजन में पुरूष नसबंदी की भागीदारी के स्थायी साधन का चुनाव उच्च रक्तचाप (बीपी) और शुगर (मधुमेह) के मरीज भी कर सकते हैं। चिकित्सक की सलाह पर उन्हें भी यह सेवा दी जाती है और सामान्य लोगों की तरह वह भी खुशहाल जीवन जी सकते हैं। कई ऐसे लाभार्थी भी हैं जिन्होंने इन बीमारियों के साथ सेवा का चुनाव किया और नसबंदी सफल रही ।तमाम बाधाओं के बावजूद भी गोरखपुर मंडल में पिछले साढ़े तीन वर्षों में 554 पुरूषों ने इस साधन का चुनाव किया है। गोरखपुर जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ एके चौधरी का कहना है कि बिना चीरे और टांके के होने वाली पुरूष नसबंदी 99.5 फीसदी प्रभावी है लेकिन कई भ्रांतियों के कारण भी पुरूष इससे बचते रहे हैं। डॉ चौधरी का कहना है कि स्वास्थ्य इकाइयों पर परामर्श के दौरान पुरूष नसबंदी के योग्य कई लाभार्थी इस कारण से भी मना करते हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप, शुगर या बढ़े हुए कोलेस्ट्राल की समस्या है।

## खाद्य सचल दल द्वारा चलाया गया अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में तथा तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन मे हलाल प्रमाणन सम्बन्धी खाद्य पदार्थो को तत्काल प्रतिबन्धित किये जाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आज लगभग 08 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुये हलाल प्रमाणीकरण पाए गए खाद्य पदार्थ मेहरान ब्रांड मसाले के कुल 130 पैकेट विभिन्न प्रकार के तथा इसकी कुल मात्रा 6 किलो 900 ग्राम थी तथा कुल मूल्य 9800.00रुपए था, को विक्रेता की उपस्थिति और सहमति के उपरांत नष्ट करवा दिया गया। खाद्य सचल दल के द्वारा सीसी रोड स्थित रिलायंस स्टोर का निरीक्षण किया गया तो वहां पर हलाल प्रमाणीकरण के खाद्य उत्पाद नहीं पाए गए तथा उसके उपरांत गृहस्थी प्रोविजनल स्टोर, विशाल मेगा मार्ट, वी-मार्ट, डीलक्स एजेंसी, स्टार बेकर्स(समस्त देवरिया शहर) के निरीक्षण किए गए तथा वहां पर समस्त खाद्य पदार्थों के लेवल को हलाल प्रमाणीकरण हेतु सावधानी पूर्वक निरीक्षित किया गया परंतु उपरोक्त प्रमाणीकरण का कोई उत्पाद नहीं पाया गया , रामलीला रोड एस एस मॉल के निरीक्षण में, मेहरान ब्रांड कोरमा मसाला 50 पैकेट, हिंदुस्तानी बिरयानी मसाला 22 पैकेट, शीर खुरमा मैक्स 4 पैकेट मसाला कुल 74 पैकेट पाए गए जिनको विक्रेता की उपस्थिति में नष्ट कराया गया, इसी प्रकार प्राप्त अभिसूचना में अमन गेट पर मोहम्मद आलम के प्रतिष्ठान से चिकन टिक्का मसाला 62 पैकेट मेहरान ब्रांड पाया गया।

# भागवत कथा का श्रवण से पापो से मिलती है मुक्तिः गुप्तेश्वर पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** तहसील क्षेत्र सलेमपुर के गाँव दोघरा में चल रहे श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन बिहार सरकार के पूर्व डीजीपी परम श्रद्धेय गुप्तेश्वर पांडे जी महाराज ने अपने मुखारविंद से उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा बड़े से बड़े पापियों को भी पापमुक्त कर देती है। जो व्यक्ति भागवत कथा आत्मसात कर लेता है, वह सांसारिक दुखों से मुक्त हो जाता है। मनुष्य जीवन में हर किसी को भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए क्योंकि इससे पापों से मुक्ति मिल जाती है और इंसान का जीवन पाप मुक्त हो जाता है। श्री गुप्तेश्वर पांडेय जी महाराज ने आगे कहा कि आज जो हमारी सभ्यता और संस्कृति के अवशेष भी बचे हैं, वह सिर्फ मातृ शक्ति की वजह से बचे हैं। धन संचय और हर तरह वैभव का सृजन आज पुरुष और स्त्री दोनों का लक्ष्य और जीवन ध्येय बन गया है। मृत्य, जीव धरा का एक मात्र सत्य है। अपने जीवन काल में आपने कैसे कर्म से अपने जीवन को जिया, सिर्फ यही प्रासांगिक होता है। अन्तःयात्रा से ही मानवीय चेतना को टटोला जा सकता है। चैतन्य होना, जीवन की बड़ी कामयाबी है। बिगड़े को संवारना, उजड़े को बसाना और बेरंगी जीवन को रंगों से भरना, सफल जीवन की जरूरत है। चित्त और मन को अपने वश में करने के बाद ही असली जीवन का अहसास कराता है। दृष्टिगत भोग की सारी चीजें मिथ्या है। लोग सिर्फ आनंद लेने में ही रम जाते हैं, उन्हें परमानंद के बारे में कोई खबर ही नहीं हो पाती है। गृहस्थ जीवन में ठाकुर को साक्षी मान कर ही अर्थवान जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में यदि मान, बड़ा पद या प्रतिष्ठा मिला जाए तो उसे ईश्वर की कृपा मानकर भलाई के कार्य करना चाहिए, लेकिन यदि उसका जीवन में किंचित मात्र भी अभिमान हुआ तो वह पाप का भागीदार बना देता है। उक्त अवसर पर काशीनाथ मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, गुलाब देवी, अखिलेश मिश्र, कमलेश मिश्र, श्रीप्रकाश मिश्र, अमृता मिश्र, रविशंकर मिश्र, अजय दूबे वत्स, अभिषेक मिश्र आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुई बैठक

## प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन के साथ कैम्प के माध्यम से योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

इस दौरान उन्होंने योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के संबंध में संबंधित सभी विभागों को कार्य योजना प्रस्तुतीकरण एवं अपने विभाग से जुडे अधिकारियों को संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जागरुकता हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक दशा में महत्वाकांक्षी योजनाओं का विशेष तौर पर उसके प्रचार प्रसार जागरुकता एवं सफलता की कहानियों का व्यापक रुप से प्रदर्शित किया जाये एवं जन कल्याणकारी पेंशनपरक योजनाओं के लाभार्थियों की केवाईसी कार्य को भी इस दौरान अभियान के रुप में शिविर के माध्यम से उसे शत प्रतिशत पूरा कराया जाये। किसी भी दशा में केवाईसी से संबंधित कोई प्रकरण न छूटे इस पर विशेष रुप से ध्यान दिया जाये।

बैठक के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों (खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों) तक समयबद्ध तरीके से जन सामान्य को जागरूक करते हुए वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के सफलता की कहानियों एवं अपने अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना। कैम्प में योजना से वंचित पात्र व्यक्तियों को प्राप्त विवरण द्वारा संभावित लाभार्थियों का नामांकन एवं चयन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएँ, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएँ, स्वच्छ पेयजल, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण करना एवं लोगो में इसके प्रति जागरुकता लाना है। जिलाधिकारी ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गांवों में आयोजित कैम्प के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छूटे एवं पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करते हुये लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सही तरीके मॉनिटरिंग किये जाने, कार्यक्रम में लगाये गये कैम्प के दौरान आने वाली शिकायतों पर भी ध्यान देंते हुए निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करना होगा। साथ ही उन्होंने प्रत्येक दिवस में आयोजित होने वाली गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ्स को पोर्टल पर अपलोड कराया जाने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यक्रम समयबद्ध, पूर्ण सुचिता के साथ क्रियान्वित करते हुए सभी लाभार्थीपरक योजनाओ अंतर्गत वंचितों को लाभ से जोड़ने का कार्य पूरी प्राथमिकता के साथ आयोजित शिविरों के माध्यम से संबंधित अधिकरी सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि यात्रा का यह कार्यक्रम 60 दिनो तक संचालित होगा। इस अवधि में सभी नगर विकाय क्षेत्रों सहित समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जायेगें जिसके कार्यक्रम की रुप रेखा संबंधित विभाग तैयार करेगें। तदअनुरुप उसका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करायेगें। जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय द्वारा इस अवसर पर कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूप रेखा, समस्त विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यो, सहित सभी आवश्यक जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाये जाने हेतु जनपद में 09 एलईडी वैन चलाई जाएगी जिसका रूट चार्ट तैयार कर शासन द्वारा प्रात दिशा निर्देशों के अनुरुप कार्यक्रम सुनिश्चित कराया जायेगा।

# डाला छठ महापर्व पर स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राज कुमार सोनी

**महामंत्री विनोद सोनी ने भाजपा नेता को किया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** स्वर्णकार समाज ओर से डाला छठ महापर्व पर आयोजित सम्मान समारोह मे शिक्षा ,सेवा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दर्जनो प्रतिभागियों एव समाज सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में उन्हें सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्था के जिलाध्यक्ष राज कुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नेता आशीष पांडेय सनी रहे ,जिन्हे मंच पर अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपाई आशीष पांडेय सनी ने कहा कि समाज मे व्याप्त दहेज, नशा, मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरूतियो पर पूर्ण रोक लगाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने शिक्षा, खेलकूद, संस्कृति एवं संस्कार से परिपूर्ण समाज को विकसित करने का आह्वान किया कार्यक्रम में मनोज कुमार कुड़ी ने समाज के विद्यार्थियों के लिए समय समय पर मार्गदर्शन एव मोटिवेशनल सैमीनार करने की आवश्यकता जताई जिससे समाज के विद्यार्थी को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। वे सही समय पर सही निर्णय लेकर सही दिशा मे अपना अध्ययन जारी रख सके एवं अपनी योग्यता के अनुसार रोज़गार प्राप्त कर सके।

## सांसद खेल स्पर्धा के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत स्थानीय सांसद के द्वारा आयोजित संसदीय क्षेत्र झांसी-ललितपुर क्षेत्र के सभी ब्लाकों में सांसद खेल स्पर्धा 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत ब्लाक जखौरा की खेल स्पर्धा का आयोजन स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के ग्राउंड पर किया गया जिसमें 16 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं ब्लाक बिरधा की खेल स्पर्धा का आयोजन पाली खेल स्टेडियम के ग्राउंड में किया गया जिसमें 21 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लगभग 37 विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, बालीवाल, दौड़, ऊंची कूद व लम्बी कूद आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया, विजई प्रतिभागियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# सहरिया के परिजनों को अपमानित कर की मारपीट

**चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, विवेचना शुरू**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम कुचदौं निवासी भैयालाल पुत्र सूका सहरिया ने गांव के चार लोगों पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करने और गाली-गलौज करते हुये मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने भैयालाल सहरिया की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। भैयालाल सहरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 13 नवम्बर को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जब वह अपनी पत्नी कुंवरबाई उर्फ ढिमरौली बाई के साथ घर पर था। तभी गांव के जितेन्द्र पुत्र शिशुपाल सिंह यादव, सचिन पुत्र जस्सू यादव, आकाश पुत्र सलमान सिंह यादव एवं कल्लू पुत्र परमानन्द यादव आये और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित भी किया गया। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा मारपीट कर दी गयी और उसकी पत्नी को लाठी-डण्डों से पीटा गया। बताया कि बीच-बचाव करने आये दामाद नीरज के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमत विद्या मंदिर हसनपुर में छात्र छात्राओं को बांटे गए निःशुल्क स्वेटर

**दूबेपुर,सुल्तानपुर।** विकासखंड दुबेपुर के ग्राम सभा हसनपुर में स्थित हनुमत विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्वेटर पैरामेडिकल काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश शुक्ला व सुमन की उपस्थिति में बांटा गया।विद्यालय के करीब 300 छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्वेटर दिया गया। इस अवसर पर श्री शिवजन्म यादव (चौकी इंचार्ज अलीगंज) ,बृजेश तिवारी (वन विभाग), बसंत लाल तिवारी (प्रधान), महाजितपुर, राजकुमार तिवारी (राजा) ,रमेश दत्त तिवारी एडवोकेट ,उदय प्रकाश जायसवाल एडवोकेट, अजय कुमार तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, आलोक श्रीवास्तव ,प्रिंस तिवारी, शुभम तिवारी ,समीर खान, प्रधानाचार्या जहांआरा सुरेश सर,इरफान सर, शिव बहादुर तिवारी, शांति वर्मा, अदीबागौहर प्रिया सिंह ,सना रिजवान, मनीष पांडे श्याम कुमारी राजकुमारी ,अंतिमा सोनकर, यास्मीन बानो, आदि लोगों ने सहयोग किया। प्रबंधक इंद्र नारायण तिवारी (पूर्व प्रधान) हसनपुर ने आए हुए अतिथियों का अध्यापकों का अध्यापिकाओं का छात्र-छात्राओं का व पैरामेडिकल कौंसिल ऑफ़ इंडिया परिवार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

### मीना चौबे बनी सुलतानपुर की जिला प्रभारी

**सुलतानपुर।** भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे को सुल्तानपुर के जिला प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। मीना चौबे को सुलतानपुर का जिला प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी जिलाध्यक्ष डा.आरए वर्मा सहित पार्टीजनों ने बधाई देते हुए खुशी प्रकट की है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचन्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह, घनश्याम चौहान, आनन्द द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, सुनील वर्मा, आशीष सिंह, रानू प्रदीप शुक्ल, मनोज मौर्या, राजेश सिंह,ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र वर्मा आदि ने प्रदेश मंत्री मीना चौबे को सुलतानपुर का जिला प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी है। रघुवंशी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा की प्रदेश मंत्री मीना चौबे को सुलतानपुर जनपद का जिला प्रभारी बनाया है। वही सुलतानपुर के जिला प्रभारी रहे शंकर गिरि को अमेठी की जिम्मेदारी दी गयी है।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए साक्षी तिवारी का चयन

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश यूथ मिनी ओलम्पिक राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला गाजीपुर गाजीपुर के वेद इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। जिसमें अयोध्या मंडल की तरफ से जिले की साक्षी तिवारी एवं अजीत द्विवेदी ने प्रतिभा किया। अंडर 62 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए साक्षी तिवारी ने रजत पदक अर्जित किया। जिला ताइक्कांडो संघ सचिव प्रणय चंद्र शुक्ला ने बताया कि साक्षी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### दीवानी कोर्ट में जजों के कार्यक्षेत्र में हुआ व्यापक बदलाव

**सुलतानपुर।** दीवानी कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों कार्यक्षेत्र में व्यापक बदलाव हुआ है। जिले के दो अतिरिक्त सेशन जज का गैर जनपद तबादला हो गया है। एडीजे अभय श्रीवास्तव को प्रथम,त्रिभुवन नाथ पासवान को द्वितीय,अंकुर शर्मा को चतुर्थ,जलाल मोहम्मद अकबर को एफटीसी फर्स्ट और गैर जनपद से आए अनुपम शौर्य को एफटीसी द्वितीय की कोर्ट का प्रभार दिया गया है।अवर न्यायालय में पारस यादव को न्यायिक मजिस्ट्रेट,सिद्दीकी साइमा जर्रार आलम को एसीजेएम द्वितीय,शालीम मिश्रा को एसीजेएम तृतीय,पामेला श्रीवास्तव को चतुर्थ और अमित कुमार सिंह को एसीजेएम पंचम की कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है।अंकिता सिंह को सिविल जज एफटीसी सीनियर डिवीजन पर प्रमोट किया गया है। आस्था मिश्रा को सिविल जज दक्षिणी और शमवील रिजवान को सिविल जज उत्तरी कोर्ट दी गई है। संतोष कुमार वर्मा को सिविल जज एफटीसी महिला अपराध कोर्ट का प्रभार दिया गया है। एडीजे इंतेखाब आलम और अशोक कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला हो गया है।

### सीएचसी अधीक्षक रिश्वत लेने के आरोप में हटाए गए

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** ऑपरेशन के नाम पर आठ हजार की वसूली करने वाले बल्दीराय सीएचसी अधीक्षक पर द्य गाज गिरी है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने एल मामले का संज्ञान लेकर सीएमओ को जांच के आदेश दिए हैं। शुरुआती जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद अधीक्षक को हटाकर दूसरे स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। दो सदस्यीय जांच टीम फिर से जांच कर रही है। एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट भेजेगी। निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। इस कार्यवाही से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

### दुष्कर्म के आरोपी की रिश्तेदारों को थाने पर निरुद्ध करने पर हाई कोर्ट हुआ सख्त

**सुलतानपुर/लखनऊ।** हाईकोर्ट ने कोतवाली देहात थाना प्रभारी श्याम सुंदर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।हाईकोर्ट ने पुलिस के खिलाफ दाखिल हैबियस कार्पस याचिका में दर्शाए गए तथ्यों के अनुसार क्रमवार मय शपथ जवाब दाखिल करने के लिए एसएचओ को तलब किया है।हाईकोर्ट ने इंस्पेक्टर श्याम सुंदर की तलबी के लिए 19 दिसम्बर की तारीख तय की है। हाईकोर्ट के कड़े रुख से मामले में थाना प्रभारी श्याम सुंदर की मुश्किलें बढ़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने अभिरक्षा में लिए महज दो लोगो के विषय मे तथ्य पेश किया था।ग लत तरीके से थाने में निरुध्द रखे गए शेष अन्य लोगो के बारे में स्पष्ट तथ्य नहीं दर्शाया था।

## पूर्व विधायक विजय मिश्र की बेटी सीमा की 23 करोड़ से अधिक की जमीन जब्त

**प्रयागराज।** आगरा जेल में बंद निषाद पार्टी के बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्र की पुत्री सीमा मिश्र के नाम फूलपुर के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में 23 करोड़ रुपये से अधिक की भूमि जब्त कर ली गई। यह जमीन जिला मजिस्ट्रेट भदोही के आदेश से कुर्क की गई।

मंगलवार को नायब तहसीलदार फूलपुर धनंजय यादव आरआई बृजबली इंस्पेक्टर गोपीगंज संतोष कुमार श्रीवास्तव एसओ सुरियावां विनोद कुमार दुबे थानाध्यक्ष सरायइनायत आशीष कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और मुनादी कराकर हनुमानगंज क्षेत्र के पट्टीधीना उर्फ लालापुर गांव में प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर स्थित चार बीघे सात विस्वा दस धुर जमीन की जब्तीकरण की कार्यवाई करते हुए नोटिस चस्पा कर सील कर दिया।

# कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है: सांसद बहराइच

**राजकीय आईटीआई में सम्पन्न हुआ वृहद रोज़गार मेला**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला सेवायोजन, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर बहराइच में आयोजित प्लेसमेंट डे/वृहद रोजगार मेले का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने फीटा काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं द्वारा स्वागतगीत प्रस्तुत किया गया जबकि नोडल प्रधानाचार्य पी.के. श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वृहद रोज़गार मेले में प्रतिभाग करने वाली 21 कम्पनियों द्वारा पंजीकृत 1025 प्रतिभागी अभ्यार्थियों का साक्षात्कार आयोजित कर 756 अभ्यर्थियों को अग्रिम चरण के लिए शार्ट लिस्ट किया गया।

वृहद रोज़गार मेले को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गोंड ने मेले में आये अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि विश्व में ज्यादातर सफल लोगों ने अल्प मानदेय तथा तथाकथित तौर पर छोटे समझे जाने वाले पदों पर कार्य कर करते हुए शीर्ष मुकाम हासिल किया है। श्री गोंड ने कहा कि जिस प्रकार किसी भी खेल प्रतियोगिता में हार या जीत मायने नहीं रखती बल्कि देखा यह जाता है कि कौन सा खिलाड़ी बेहतर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुआ है। ठीक उसी प्रकार से किसी भी नौकरी या सेवा में वेतन या पद मायने नहीं रखता बल्कि आपकी क्षमता का आंकलन आपकी निष्ठा और परिश्रम से होता है। श्री गोंड ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री का प्रयास है कि कोई दक्ष युवा बेरोज़गार न रहे। श्री गोंड ने अभ्यर्थियों को आहवान कि रोजगार अपनाकर देश के विकास में योगदान दें और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।

नोडल प्रधानाचार्य पी.के. श्रीवास्तव ने रोज़गार मेले को सम्बोधित करते हुए में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित विभिन्न ट्रेडों के रोजगारपरक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों एवं शिशिक्षु योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने रोजगार मेले के उद्देश्यों पर सम्यक जानकारी देते हुए अभ्यर्थियों का आहवान किया कि सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने लिए रोजगार के अवसर को बढ़ाये। उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार ने विभागीय योजना तथा जिले में स्थापित उद्योगों की जानकारी देते हुए युवाओं से अपील की कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। रोज़गार मेले की अध्यक्षता कर रहे संयुक्त निदेशक देवीपाटन मण्डल, गोण्डा राजेश राम ने प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर तकनीकी आउटसोर्सिंग रिक्तियों में आवेदन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अन्त में सहायक सेवायोजन अधिकारी द्वारा आये हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर रोजगार मेला प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव, सुरक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, एमआईएस मैनेजर रवि पाठक सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन विजेन्द्र प्रताप मौर्या एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# नामदेव समाज ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**मां वैष्णव दरबार की हुयी स्थापना का कार्यक्रम प्रारंभ**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सत्यनारायण नामदेव समाज मंदिर में भव्य कलश यात्रा एवं मां वैष्णव दरबार की शोभायात्रा नगर में निकाली गयी। इस दौरान समाज के बंधुओं ने एकजुट रहने और समाज को विकास की मुख्य धारा से जोडने का संदेश दिया। इस दौरान श्रीनामदेव समाज मंदिर समिति के अध्यक्ष दीपक नामदेव पटवारी ने कहा कि समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सुसंस्कारवान शिक्षा उपलब्ध कराते हुये हुये एक बेहतर नागरिक बनायें, ताकि भविष्य में यही बच्चे देश, समाज की सेवा कर सकें। नामदेव समाज के अध्यक्ष दीपक पटवारी ने कहा की श्री श्री 1008 श्री दुर्गा मां की भव्य स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज दिनांक 21 नवंबर से प्रारंभ होकर 23 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि आज मंगल कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। कल दिनांक 22 नवंबर को प्रतिष्ठा आचार्य द्वारा प्रतिमा का पूजन एवं सुंदरकांड का आयोजन होगा इसके उपरांत दिनांक 23 नवंबर को श्री दुर्गा मां की प्राण प्रतिष्ठा से सत्यनारायण भगवान की कथा एवं हवन का कार्यक्रम किया जाएगा संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज को पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन के उपरांत भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम होगा। इस दौरान दीपक नामदेव टेलर, अखिलेश नामदेव, मनोहर नामदेव, राकेश नामदेव, विशाल नामदेव, हरिश्चंद्र नामदेव, रामकुमार नामदेव तालाबपुरा, रोहित नामदेव, रामगोपाल नामदेव, प्रमोद नामदेव, बालकिशन नामदेव, विमलेन्द्र नामदेव, छोटेलाल, कैलाश नामदेव, कन्हैया नामदेव, नरेन्द्र नामदेव, राजेश पटवारी, शिवकान्त नामदेव, समय नामदेव, प्रशान्त नामदेव, आयुष नामदेव, मूलचंद्र नामदेव, त्रिपुरारी नामदेव, सोनीराम नामदेव भाण्डेर, सनत नामदेव, अरविन्द नामदेव, रचना नामदेव, प्रीति नामदेव, मुन्नी नामदेव, छाया नामदेव, मिथलेश नामदेव, रामकुमारी नामदेव, सुषमा नामदेव, प्रियंका नामदेव, अंशुल नामदेव, लक्ष्मी नामदेव, अंजनी नामदेव, शैली, प्रतिमा नामदेव, रामसखी नामदेव, मधु, किरन नामदेव के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# अविचल सिंह रघुवंशी ने किया ललितपुर का नाम रोशन

**ललितपुर।** जनपद के एक होनहार ने गेट परीक्षा के उपरांत एग्जिक्यूटिव इंजीनियरिंग के पद पर एनटीपीसी भारत सरकार में एवं दामोदर घाटी निगम कोलकाता भारत सरकार में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर सफलता प्राप्त की है। सेल्फ स्टडी, लगन और घंटो की मेहनत से अविचल सिंह रघुवंशी ने गेट 2023 की परीक्षा में ऑल इंडिया में 239 रैंक पाकर जिले एवं समाज का नाम रोशन किया है। अविचल सिंह का कहना है कि वह देश और समाज के लिए काम करना चाहते है। जनपद जौनपुर के मूल निवासी आपके बाबा स्वर्गीय श्री बालगोविंद सिंह रघुवंशी परिवहन विभाग से सेवानिवृत हुए तथा पिता श्री ओमकार सिंह रघुवंशी श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर में प्रवक्ता पद पर कार्यरत है और मां सुषमा सिंह गृहणी है। अविचल सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा प्रशान्ति विद्या मन्दिर ललितपुर से प्रारम्भ हई इसके उपरान्त वे एस डी एस कान्वेंट स्कूल पढे। इसके बाद उन्होंने एमएमएम गोरखपुर से बीटेक किया।

बीटेक करने के बाद गेट की तैयारी दिल्ली में रहकर की है। गेट 2023 में ऑल इंडिया रैंक 239 प्राप्त कर आईआईटी दिल्ली में एमटेक में प्रवेश लिया तथा आज दिनांक 10 नवंबर 2023 को एनटीपीसी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर जो भारत सरकार की महारत्न कंपनी है।

# साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति ने आज कमला स्मारक इंटर कॉलेज में यातायात पुलिस व साइबर पुलिस के सहयोग से साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। यह आयोजन डीसीपीसी के सहायक वार्ड ऑफिसर सुधीर कुमार प्रजापति, सहायक जनसंपर्क अधिकारी प्रेमबाबू प्रजापति, थाना कमेटी प्रभारी अमरजीत बिंद, क्षेत्रीय कमेटी प्रभारी बलवंत विश्वकर्मा और विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा व प्रधानाचार्या अल्का विश्वकर्मा के नेतृत्व में साइबर जागरूकता, नारी मिशन शक्ति जागरूकता और यातायात जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे साइबर टीम, यातायात टीम के निरीक्षक, उपनिरीक्षक विद्यालय के प्रबंधक जी व प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षिका सहित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों/बच्चियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में साइबर टीम से साइबर क्राइम सेल ऑफिसर जय प्रकाश सिंह, यातायात टीम से निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक इंद्रपाल वर्मा,व घूरपुर चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार व करमा चौकी प्रभारी अरविन्द सिंह एवं उमाशंकर सिंह व महिला आरक्षी ललिता सिंह व कीर्ति गुप्ता एवं जिला अपराध निरोधक समिति नगर पर्यवेक्षक सेवानिवृत्ति लेखाधिकारी शिक्षा विभाग अजीत सिन्हा प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य अल्का विश्वकर्मा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफगण कक्षा 6 से कक्षा 12 तक बालक और बालिकाएं उपस्थित रहे।

# ऑटो रिक्शा मे तीन गुना अधिक बैठते हैं सवारी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ट्रैफिक पुलिस एक तरफ लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का पाठ पढने में व्यस्त है। वहीं दूसरी तरफ ऑटो रिक्शा चालक लगातार क्षमता से अधिक सवारियों को लेकर शहर की सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं, जिस पर ट्रैफिक पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है। क्षमता से अधिक सवारियों को लोड करके चलने से जहां आटो चालक ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वहीं लोगों की जान के भी दुश्मन बने हुए हैं। हैरानी की बात है कि इन आटो में स्कूली बच्चों को भी ठुस-ठुस कर भरकर बैठाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस इनकी इस मनमानी को जमकर नजर अंदाज कर रही है। ट्रैफिक पुलिस की यह अनदेखी लोगों को जान से खिलबाड़ कर रही है। शहर की सड़कों पर घूमने वाले ऑटो रिक्शा में बेशक नियमों अनुसार चार सवारियों को बैठाने का प्रावधान है, लेकिन ऑटो चालक द्वारा आटो में दस से अधिक सवारियों को भरा जा रहा है। यही नहीं आटो चालकों द्वारा स्कूली बच्चों को स्कूल लेकर जाने व छोडने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें दर्जन भर से अधिक बच्चों को आटो में भरा जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से आटो पूरी तरह से फेल ऑटो रिक्शा की सुरक्षा की बात करें तो सुरक्षा के लिहाज से आटो सवारियों के लिए कतई सुरक्षित नहीं है। अचानक ब्रेक लगने से जहां आटो पलटने का खतरा बना रहता है, वहीं नाजुक बाडी भी बेहद नाजुक होने कारण सवारियों के लिए यह खतरनाक साबित हो सकती है।

### ट्रैफिक पुलिस के नाक तले मनमानी जारी

ट्रैफिक पुलिस शहर के चौक चौराहों में दो पहिया वाहनों पर तीन व्यक्तियों के सवार होने पर जहां तुरंत ट्रिपड्क्षलग का चालान काटकर वाहन चालक के हाथ में धमा देती है, वहीं आटो चालकों द्वारा भरी जा रही दर्जन भर सवारियों के प्रति ट्रैफिक पुलिस का रवैया बेहद सुस्त है। नजरों के सामने से आटो दर्जन भर सवारियों भरकर गुजरते हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस इनका चालान काटने की बजाए, खानापूर्ति तक सीमित है। जिससे साफ है कि मिलीभगत से ही लोगों की ड्क्षजदगी से खिलबाड़ किया जा रहा है। जिम्मेदार स्कूलों में बच्चों को घरों से लेकर आने व छोडने के लिए भी आटो का इस्तेमाल किया जाता है। आटो या बॉडी बंद छोटे टेंपो में भी बच्चों को स्कूलों में टेंपो में अभिभावा भेजते हैं कहीं वह भी जिम्मेदार हैं। ऑटो चालक रमेश कुमार ने कहा कि तेल की कीमत लगातार बढने के कारण आटो का खर्चा पूरा नहीं होता। आटो की किश्तें निकालने व तेल का खर्च पूरा करने के लिए ही मजबूरन अधिक सवारियों को बैठाना पड़ता है। चार सवारियों को बैठाकर चलाने से तेल का खर्चा भी पूरा नहीं होता। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत आयोजित हुआ वृहद्ध ऋण संवर्धन कार्यक्रम

**लाभार्थियों को वितरित किये गये रू. 57 करोड़ के ऋण**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत लेज़र रिसार्ट में अग्रणी बैंक इंडियन बैंक के तत्वावधान में आयोजित वृहद्ध ऋण संवर्धन कार्यक्रम में जनपद के समग्र आर्थिक विकास के उद्देश्य से इण्डियन बैंक अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण रोजगार सेवा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित युवाओं एवं युवतियों द्वारा विभिन्न सफल रोजगारपरक योजनाओं के स्टॉल लगाकर आमजन को विभिन्न उत्पादों के व्यवसायिक उत्पादन एवं रोजगारसृजन के लिए प्रेरित किया गया। लेज़र रिसार्ट में आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम में इण्डियन बैंक प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस.एल. जैन ने मुख्य महाप्रबंधक विकास कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक लखनऊ पंकज त्रिपाठी, अंचल प्रमुख रविन्द्र सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव व उप अंचल प्रमुख निरंजन कुमार के साथ कृषि, एम.एस.एम.ई. एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं अन्तर्गत रू. 57 करोड़ के ऋण वितरित किये गये। वृहद ऋण संवर्धन कार्यक्रम में 151 एस.एच.जी. के माध्यम से 1510 महिलाओं, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 162 कृषकों तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 20 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि इण्डियन बैंक के द्वारा सभी वित्तीय वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्तमान में एम.एस.एम.ई. अन्तर्गत रू. 25.00 लाख तक ऑनलाइन ऋण देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके आप्रत्याशित परिणाम प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि कोई भी ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार बैंक पटल से व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण, गृह ऋण तथा किसान केडिट कार्ड के तहत ऋण प्राप्त कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि डिजिटल माध्यम ने बैंकिंग की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है। इण्डियन बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस.एल. जैन ने बताया कि समृद्ध बहराइच अभियान अन्तर्गत बैंकिंग उत्पाद एवं सेवाओं को इण्डियन बैंक बहराइच अंचल के 56 शाखाओं, 250 बैंक मित्र केन्द्रों के द्वारा ग्राहकों तक पहुंचाया जा रहा है। श्री जैन ने कहा कि अंचल बहराइच में अग्रणी बैंक की भूमिका को ध्यान में रखते हुए शाखाओं के विस्तार के लिए आवश्यकतानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के अन्त में अंचल प्रमुख रविन्द्र सिंह ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री जैन एवं मुख्य महाप्रबंधक को भगवान बुद्ध एवं संभवनाथ की पावन भूमि पर आगमन तथा अंचल के सहयोग में निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही कार्यकम को सफल बनाने तथा अण्डियन बैंक को सहयोग प्रदान करने के लिए उपस्थित गणमान्य अतिथियों, लाभार्थियों, ग्राहकगण का आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने बैंक की उपलब्धियों तथा योजनाओं को जन'जन तक पहुंचाने के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना का प्रथम संशोधन

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी 14–सीनि०डी०ई०ए०–लखनऊ–23 दिनांक 15.11.2023, कार्य का नाम 'लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेटों की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य' में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: **निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि:** दिनांक 14.12.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

सं.: टीआरडी–14–सीनि०डी०ई०ए०–लखनऊ–23 दिनांक 20.11.2023 3656/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **08.12.2023** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 014602023 दिनांक 15.11.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | 52/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम: वरि. मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा. मण्डल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन एस.एस.ई./वर्क्स/द्वितीय/सुल्तानपुर के खण्ड में जफराबाद (छोड़कर) से सुलतानपुर (छोड़कर) एवं पीपरपुर से अयोध्या (सुलतानपुर एवं अयोध्या छोड़कर) 247 स्टाफ क्लर्टस की वार्षिक मरम्मत, वाइट वाशिंग और

# पूर्व में घोटाले के मास्टरमाइंड कम्प्यूटर आपरेटर ने फिर किया घोटाला

अवधनामा संवाददाता

**मनरेगा मजदूरों की मजदूरी डकार कर अपने व अपनी पत्नी के खाते में डाली रकम**

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** केन्द्र व राज्य सरकार अर्थात डबल इंजन की सरकार गावों मे विकास कर के भारत को विशवगुरू बनाने की ओर प्रयत्न कर रही हैं परंतु ग्राम पंचायतों में विकास के नाम आ रही धनराशि को विधवा व अनाश की सम्पत्ति समझ कर दोनों हाथों से लूटा जा रहा है। सरकारी धन पर हो रही बन्दर बांट के आए दिन नये नये खुलासे होते रहते है लेकिन दोषियों को सजा कभी नही दीजाती है यही कारण है कि भ्रष्टाचार पर कोई लगाम नही लगपाती है और भ्रष्टाचार दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। सरकारी कर्मचारीयो को देख कर संविदा कर्मी भी भ्रष्टाचार मे उन से पीछे नही हैं। विकासखंड सुमेरपुर में घोटाले का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। जहां मनरेगा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के मजदूरी का पैसा विकासखंड सुमेरपुर में कार्यरत मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार द्वारा लाभार्थियों श्रमिकों के नाम में बैंक खातों को परिवर्तित कर अपने स्वयं एवं अपनी पत्नी के खाते में डालकर श्रमिकों के साथ धोखाधड़ी करते हुए घोर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। यह कर्मचारी पहले भी विकास खंड मौदह के छिमौली ग्राम पंचायत में हुए आवास घोटाले का मास्टरमाइंड है। यहां के घोटाले की शिकायत राजेश कुमार पुत्र विंदा प्रसाद ग्राम पंचायत बरखेड़ा विकासखंड सुमेरपुर द्वारा उपयुक्त श्रम रोजगार हमीरपुर के यहां तथा मुख्यमंत्री को संबोधित आर

जी आर एस के अन्तर्गत शिकायत दर्ज की गई है। इन्होनें अपने शिकायती पत्र में बताया है कि कंप्यूटर संविदा कर्मी दीपक कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के मजदूरी का पैसा अनियमित तरीके से खाता परिवर्तन करके अर्थात मास्टर रोल में अंकित लाभार्थी मजदूरों के नाम जिन्होनें मजदूरी की थी उनके बैंक खाता के स्थान पर धोखाधड़ी एवं अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए अपने स्वयं के खाता संख्या 503 73633673 इंडियन बैंक शाखा सुमेरपुर और अपनी पत्नी आकांक्षा वर्मा खाता संख्या 50 30 50 84008 इंडियन बैंक में हस्तांतरित कर लिया गया जो धोखाधड़ी के साथ-साथ गंभीर अनियमितता है। जिन मे से कुछ का विवरण पृथक पृथक गांव के पृथक पृथक लाभार्थियों का इस प्रकार है। ग्राम पंचायत बरखेड़ा लाभार्थी का नाम केशकली जाब कार्ड संख्या 409 खाता संख्या 50373 633673 (दीपक) धनराशि 2814. ग्राम पंचायत मौहर लाभार्थी फूल सिंह जाब कार्ड न0214 खाता संख्या 50373633673 (दीपक) धनराशि 2814. ग्राम पंचायत देवगांव लाभार्थी का नाम सुनैना जाब कार्ड 428 खाता संख्या 5037 3633673 दीपक धनराशि 1418 ग्राम पंचायत बरदाहा सहजना लाभार्थी गीता जाब कार्ड न0 506 खाता संख्या 50305048008 आकांक्षा वर्मा धनराशि 2814 . ग्राम पंचायत बरदाहा सहजना लाभार्थी श्याम बिहारी जाब कार्ड न0 506. खाता संख्या 50305048008 (आकांक्षा वर्मा) धनराशि 2814 . आदि 13 लोगों के साथ धोखाधड़ी की गयी है जिस के सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर तीन दिवस के भीतर जांच प्रस्तुत करने का आदेश किया है जांच समिति में विकास अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, जगदंबा प्रसाद सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी) राम सजीवन लेखा सहायक मनरेगा पर को जांच समिति में बैठाया गया है और उन्हें आदेश दिया गया है कि तीन दिवस के अंदर शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र में लिखे गए बिंदुओं से संबंधित समस्त बिंदुओं पर अभिलेखी जांच कर शिकायतकर्ता के बयानों व साक्ष सहित तीन दिवस के अंदर संयुक्त जांच आंख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि शिकायत पोर्टल पर समय से अपलोड की जा सके। अब देखना होगा कि सरकारी धन की लूट का यह मामला कब तक निस्तारित होकर दोषी को सजा दी जाती है या मात्र जांच समिति गठित कर मामले को सन्नाटे की कोख मे डाल कर पल्ला झाडनें का काम किया जाएगा क्योंकि उपर्युक्त दीपक कुमार कम्प्यूटर आपरेटर मौदहा विकास खंड के छिमौली ग्राम पंचायत में हुए आवास घोटाले का भी मास्टरमाइंड है।

# छात्राओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक नमिता यादव ने बताया कि वर्तमान समय में हो रहे साइबर क्राइम, उनके अधिकारों के प्रति बालिकाओं को जागरूक रहना होगा। वन स्टॉप सेंटर के किर्यान्वन व कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। छात्राओं को बताया कि किसी भी तरह की समस्या होने पर वह वन स्टॉप सेंटर आकर अपनी समस्या का समाधान कर सकती हैं। प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बताया कि बाल विवाह, बाल श्रम अपराध है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर भी विस्तृत चर्चा की। सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी दी जैसे- निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय जानकारी दी।अम्रता दीक्षित ने छात्राओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि आप अपनी शक्ति को पहचानिए। छात्राओं को स्वावलंबी बनने व किसी भी प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने सभी टोल फ्री नंबर जैसे 108 ,112, 181, 1098, 1076 1090 आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, वार्डेन अनुरंजना, अर्चना बिश्नोई, सुचिता सिंह आराधना श्रीवास्तव, आरती, सुधारानी स्टाफ, छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## ट्रक चढ़ने से युवक की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बड़े चौराहे के निकट ट्रक चढने से एक युवक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के बी.एस.एन.एल.टावर के निकट के निवासी परवेश कुमार (18) पुत्र हरिकिशन दो दिन से अपने घर से लापता था।सोमवार शाम कस्बे के बड़े चौराहे के निकट गुप्ता पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे पड़े होने के कारण किसी ट्रक ने बैक करते समय युवक पर चढा दिया जिससे उसके सर में टायर चढने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक अपने परिवार में तीन भाईयों में सबसे छोटा था जबकि बड़े भाई का छः महीने पहले देहांत हो गया था और अपने दूसरे भाई के साथ सब्जी का काम करता था। मृतक शराब पीने का आदि बताया गया है और सम्भवतः शराब के नशे में ही सड़क किनारे पड़ा हुआ था जिसके चलते घटना घटित हुई है।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में चलेगा अभियान

अवधनामा ब्यूरो।

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में दिनांक 23 नवम्बर, 2023 से 05 दिसम्बर 2023 तक क्षय रोगी खोज अभियान (ए0सी0एफ0) चलाये जाने हेतु एक बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर की अध्यक्षता में किया गया किया गया।

डा0 गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर ने बताया कि यह कार्यक्रम जनपद में दिनांक 23.11.2023 से 05.12. 2023 तक चलाया जायेगा। इसके तहत ब्लाकवार गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर पहुँचेगी जो लोगों को टी0बी0 के लक्षण बतायेगें और इसके अन्तर्गत जनपद में 09 मेडिकल आफिसर तथा 96 टीमें एवं 21 सुपरवाइजर नामित किये गये है साथ

ही प्रत्येक ब्लाक / टी0बी0 यूनिट पर मॉनिटरिंग हेतु प्रत्येक पर एक अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नामित किया गया है। उन्होने बताया कि यह टीम घर-घर जाकर क्षय रोग संभावित रोगी के बलगम की जाँच करायेगी जिससे क्षय रोग से प्रभावित मरीजों के बारे में जानकारी हो सके और समय से उनका इलाज किया जा सके।

डा0 बी0पी0 सिंह जिला क्षय रोग अधिकारी, हमीरपुर ने बताया कि अभियान में लगायी गयी 96 टीमों में से प्रत्येक टीम में 03 सदस्य होगें जो प्रत्येक कार्यदिवस पर माइक्रोप्लान के अनुसार 50 घर भ्रमण करेगें तथा निःक्षय पोषण योजना के तहत टी0बी0 मरीज को प्रतिमाह रू0-500/- की धनराशि उनके खाते में अवमुक्त किये जायेगें। उन्होने बताया कि जिले की कुल जनसंख्या में से इस अभियान के तहत 20 फीसदी जनसंख्या को आच्छादित किया गया है। जिससे टी0बी0 मरीज का पता लगाया जा सके। उन्होने कहा कि टी0बी0 कोई गम्भीर बीमारी नही है। इसका इलाज प्रत्येक अस्पताल में निःशुल्क किया जाता है। ऐसे में सभी लागों को इसकी जाँच करा लेनी चाहिये। कार्यक्रम के अन्त में राजेन्द्र प्रसाद, डी0पी0पी0एम0 कोर्डिनेटर द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मौदहा बार के पूर्व सचिव ने शुरू किया आमरण अनशन

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा के तहसील कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर यहाँ के वकीलों की नाराजगी बढ़ती जा रही है और इसी के चलते मौदहा बार के पूर्व सचिव ने आज मंगलवार से यहाँ पर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। आमरण अनशन पर बैठे मौदहा बार के पूर्व सचिव बृजकिशोर त्रिवेदी का कहना है कि तहसील के अधिकारियों से दोषपूर्ण रवैया के चलते कई कई महीनों से वाद निलंबित पड़े हैं।बेवजह से मुकदमे लंबित होने से जनता जनार्दन को आर्थिक और मानसिक क्षति पहुंचती है।पत्रावलियों का जवाब नहीं मिलता है।दाखिल खारिज और अमलदरामद के मामले महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं। कुल मिलाकर अधिकारियों के मनमानी रवैया के चलते तहसील के लगभग सभी पटलों के कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो गये हैं। अनशन पर बैठे पूर्व सचिव बार संघ ने बताया कि तहसील कार्यालय की इन समस्याओं को लेकर मौदहा बार ने कई बार कार्य वहिष्कार तथा हड़ताल की है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का पतारा गांव में हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो।

**हमीरपुर।** 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का कुरारा विकासखंड के पतारा गांव में भव्य आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडे की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी/ भारत सरकार के संयुक्त सचिव सत्यजीत मिश्रा रहे। उइस मौके पर पतारा गांव के परिषदीय विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने पहुँचकर सर्वप्रथम वहां स्थापित शिलाफलकम में पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया तत्पश्चात माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित मा0

प्रधानमंत्री जी का संदेश देखा व सुना गया। इस मौके पर संयुक्त सचिव ने उपस्थित लोगों/ ग्राम वासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह , स्वास्थ्य विभाग ,सहकारिता ,अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक द्वारा जन सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्टॉल तथा समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग ,जल जीवन मिशन ,कृषि विभाग , पंचायत राज विभाग आदि के द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन योजना ,स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी, जल जीवन मिशन के लाभार्थी आदि ने योजनाओं के लाभ से हुए उनके जीवन में बदलाव के अनुभव साझा किए । इस मौके पर परिषदीय स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर लगे सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,ब्लॉक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल व ग्राम प्रधान, पीडी साधना दीक्षित ,डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीपीआरओ जितेंद्र मिश्रा सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आंवला वृक्ष की पूजा कर मना अक्षय नवमी का पर्व

अवधनामा ब्यूरो।

**सोनभद्र।** कार्तिक मास में पड़ने वाला अक्षय नवमी का पर्व सोनभद्र जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने आंवले के वृक्ष का पूजन और आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करके आध्यात्मिक की सुख की अनुभूति किया। जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के दंडईत बाबा मंदिर परिसर में स्थित आंवले के पेड़ की पूजा की और अक्षय नवमी से संबंधित कहानियां सुनी तथा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर चढ़ाया गया। और आंवला के पेड़ के नीचे बैठकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि बुधवार को पूरा दंडईत बाबा मंदिर परिसर पिकनिक

स्पॉट बन गया था। यहां पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई। कार्तिक मास की अष्टमी को गोपाष्टमी और नवमी को आंवला नवमी भी कहते हैं। गोपाष्टमी पर गो, ग्वाल और कृष्ण को पूजने का महत्व है तो आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष के पूजन का महत्व है। गोपाष्टमी के बारे में लोक मान्यता है कि इसी दिन भगवान कृष्ण को गौ चराने के लिए मां यशोदा ने जंगल भेजा था। इस दिन प्रातःकाल गौओं को स्नान कराकर जल, अक्षत, रोली, गुड, जलेबी, वस्त्र तथा धूप-दीप से आरती उतारते हैं। संध्याकाल गायों के जंगल से वापस लौटाने पर उनके चरणों को धोकर तिलक लगाना की परंपरा आज भी कायम है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची लोढ़ी गांव

अवधनामा ब्यूरो।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोढ़ी व ब्रह्मौरी गांव में हुआ आयोजन**

**सोनभद्र।** ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन राबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत लोढ़ी व विकास खण्ड कोन के ब्रह्मौरी गांव में किया गया, ग्राम पंचायत लोढ़ी के पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने दीप प्रज्जवलित कर गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री जी ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर 15 नवम्बर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ झारखण्ड के खूंटी से किया गया है। देश के प्रधानमंत्री जी की यह अनुठी पहल है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शहर व नगर क्षेत्रों में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये और लाभान्वित भी किया जाये, देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली बहुत सी ऐसी आबादी है, जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी नहीं है, जिसके कारण वह सरकार

द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर सकते हैं, प्रधानमंत्री ने समाज के ऐसे वंचित व्यक्तियों जो सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अब तक लाभान्वित नहीं हुए है, उन्हें इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जायेगा, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को पक्की छत की सुविधा, किसान सम्मान निधि के माध्यम से पात्र किसानों के खातों में धनराशि का स्थानान्तरण, उज्जवला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गैस सिलेण्डर देने का कार्य किया गया, उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं भी अपने रोजगार के माध्यम से धन अर्जन कर अपने जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं और अपने को सशक्त भी कर रहीं हैं, आज इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा अपने अनुभव ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के माध्यम से अपने को कैसे सशक्त किये, की जानकारी भी साझा की गयी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये और उससे लाभान्वित किया जाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन मानस को जानकारी दी जा रही है।

# व्यापारियों का शोषण नहीं होगा अब बर्दाश्तः कौशल शर्मा

**किसानों का शोषण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः डीएम**

अवधनामा ब्यूरो।

**सोनभद्र।** रावटसगंज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक आवश्यक बैठक स्थानीय होटल सूर्या में आयोजित की गई जहां व्यापारी समस्याओं के निराकरण के संबंध में व्यापक पैमाने पर चर्चा की गई व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी दशा में व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता यदि कोई भी विभागीय अधिकारी या कर्मचारी व्यापारियों का शोषण करता है तो उसके विरुद्ध एकजुट होकर व्यापारी मुंह तोड़ जवाब देंगे। सभा को संबोधित करते हुए जिला

अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि जनपद सोनभद्र की चिकित्सा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है हम सभी रामभरोंसे चल रहे हैं किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत वाराणसी रेफर कर दिया जाता है आए दिन दुर्घटनाओं में शिकार अधिकांश लोग ट्रामा सेंटर पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देते हैं उन्होंने कहा कि नगर में सिटी अस्पताल की मांग लंबे अरसे से की जा रही है लगभग डेढ़ लाख की आबादी होने के बावजूद नगर में तत्काल चिकित्सा सुविधा न होने के कारण खासकर बच्चों बुजुर्गो को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है जिला अस्पताल की नगर से 5 किलोमीटर दूरी होने के कारण रात्रि में साधन भी उपलब्ध नहीं हो पाता उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां के लोग तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है उन्होंने कहा कि रात्रि में दवा की दुकानों को शिफ्ट वाइज खुलवाया जाए जिससे इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाएं मिल सके कुकुरमुत्ता की तरह गली कूचे में पहले ट्रामा सेंटर बाद मरीज का शोषण करते हैं और अंत में जब मरीज की हालत सीरियस हो जाती है तो उन्हें वाराणसी रेफर कर देते हैं इन ट्रामा सेंट्रो में सुविधा के नाम पर ना आईसीयू वार्ड की सुविधा है न ही सीटी स्कैन की ना ही अल्ट्रासाउंड की और ना तो सर्जरी की व्यवस्था है गंभीर दुर्घटनाओं के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है जबकि मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ट्रामा सेंटर को एक स्पेशलिटी सर्विस के रूप में मान्य किया है सरकार एवं जिला प्रशासन की लाख उपाय करने के बावजूद यहां की चिकित्सा व्यवस्था दम तोड़ रही है।

## संसाधनों के आभाव में चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**मौदहा हमीरपुर।** जहाँ सरकार अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कह रही है लेकिन परिस्थति इसके विपरीत है और अस्पताल में बिजली पानी की बात तो छोड़िए बाउंड्री वाल भी नहीं है जिससे जहां अन्ना पशु अस्पताल में विचरण करते हैं तो वहीं रात में अस्पताल जुआरियों और शराबियों का अड्डा बन जाता है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहय्या स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दशा बद से बदतर है।जहां पर संसाधनों के नाम पर करोड़ों रुपए की लागत से बना भवन तो स्पष्ट दिखाई देता है लेकिन बाउंड्री वाल नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर अन्ना मवेशियों के साथ ही जुआरियों और नशेड़ियों की सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

# दलालों के वर्चस्व को खत्म करना जरूरीः डीएम

**स्कूटी सहित दस लाख की सम्पत्ति खाक**

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के साथ चीनी मिलों एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने पराई सत्र प्रारंभ होने तथा बकाया भुगतान के विषय में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि तिलहर चीनी मिल का पेराई सत्र 24 नवंबर से प्रारंभ होना है। मकसूदापुर चीनी मिल का पिछले वर्ष का 47 करोड़ 94 लख रुपए भुगतान अभी बकाया है 7 मकसूदापुर चीनी मिल के प्रतिनिधि ने अवगत कराया की 20 से 25 दिसंबर के बीच पिछले वर्ष

के बकाया भुगतान को किसानों के खाते में प्रेषित कर दिया जाएगा। निगोही, रोजा,तिलहर तथा पुवाया चीनी मिलो का लगभग संपूर्ण भुगतान किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों का शोषण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सुरक्षा की व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए, इस हेतु उन्होंने प्रत्येक चीनी मिल को एक सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मॉकड्रिल भी समय-समय पर करते रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि गन्ना ढुलाई करने वाले समस्त वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगे होना अनिवार्य हैं। इस कार्य को युद्ध स्तर पर करना सुनिश्चित करें डीएम ने कहा कि बिचौलिए तथा दलालों के वर्चस्व को खत्म करना अनिवार्य है, इनकी वजह से किसानों का वृहद स्तर पर शोषण होता है। इस तरह के लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी तथा समस्त चीनी मिलों के प्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद रहे।

# संम्पत्ती के विवाद में नाती ने की बाबा की हत्या

अवधनामा संवाददाता

**बांदा** आज दिनांक 20 नवंबर 2023 को प्रातः बच्चू पाल पुत्र फुल्ला निवासी नगर कोतवाली बांदा की पुलिस चौकी कृषि विश्वविद्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मवाई बुजुर्ग के रहने वाले जो सौच क्रिया के लिए जंगल की तरफ गए थे,जिनकी हत्या उनके ही नाती छोटे पाल पुत्र कामता ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार करके कत्ल को अंजाम दिया।

मृतक के बेटे महाप्रसाद से जानकारी के मुताबिक मृतक बच्चू पाल अपने बड़े बेटे के साथ रह रहे थे परंतु जायदाद/ जमीन के बंटवारे

को लेकर दूसरे बेटे कामता और नाती इस बात से असंतुष्ट थे जिसके चलते उनके नाती छोटे पाल के द्वारा हत्या की गई है जिसकी पुष्टि नगर पुलिस क्षेत्र अधिकारी गावेंद्र सिंह के द्वारा करते हुए बताया गया है की हत्या करने वाले मुलजिम को मय अला कत्ल के गिरफ्तार कर लिया गया है तहरीर पर विधिक कार्रवाई करते हुए शव को विच्छेदन हेतु भेजा जा रहा है।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में मनाया गया श्रद्धा एवं उत्साह के साथ छठ पर्व

**छठ मईया के गीतों से गुंजायमान रहा एनटीपीसी विंध्याचल का लेक पार्क**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** विगत वर्षो के भाति इस वर्ष भी एनटीपीसी-विंध्याचल के लेक पार्क में छठ पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। छठ पर्व भगवान भास्कर को समर्पित एवं पवित्रता एवं सदभावना का प्रतीक है। इसे श्रद्धालु तीन दिवस तक पूर्ण पवित्रता एवं भक्ति भाव के साथ मानते है। इस दौरान आवासीय परिसर तथा आस-पास के हजारो

श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। छठ पर्व के आयोजन में शाम को अस्त चलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं का सैलाब लगा रहा। इस दौरान देर रात तक लेक पार्क छठ मईया के गीतों से गुंजायमान होता रहा। छठ पर्व में हुये आयोजन के दौरान लेक पार्क ,मंदिर कॉम्प्लेक्स एवं सरोवर को आकर्षक विद्युतीय झालरों से सजाया गया था। आयोजन में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा(सुहासनी संघ) सुभा भारद्वाज के साथ विंध्याचल के सभी अधिकारीगण के साथ-साथ सुहासनी संघ की पदाधिकारी एवं सदस्याएँ मौजूद रहीं। साथ ही इस कार्यक्रम में यूनियन/ एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहें। छठ पर्व को लेकर लेक पार्क स्थित सरोवर में हजारों महिलाओं द्वारा शाम को अस्त चलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया गया एवं व्रती महिलाओं ने प्रातः पूजा-अर्चन के बाद उगते हुये सूरज को अर्ध्य देकर व्रत का पारण किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छठ पुजा समिति उमेश कुमार (अध्यक्ष), नवनीत कुमार (उपाध्यक्ष), सरोज कुमार झा (सचिव) एवं धर्मेंद्र कुमार (सयुंक्त सचिव) एवं सीआईएसएफ इकाई के बल सदस्यों सहित विंध्याचल की विभिन्न विभागों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर छठ पुजा समिति द्वारा भक्तों एवं आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।

# अलीगंज में अवैध रेस्टोरेन्ट सील

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने मंगलवार को अलीगंज में अवैध रूप से बने रेस्टोरेण्ट को सील कराया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि अजय सिंह व उदयभान सिंह की ओर से अलीगंज के सेक्टर-ए के भवन/भूखण्ड संख्या-ई.डी.-35 एवं ई.डी.-36 पर लगभग 880 वर्गफिट क्षेत्रफल में प्राधिकरण के बने भवन को तोड़ कर अवैध रूप से रेस्टोरेण्ट का निर्माण करा संचालन किया जा रहा था। आवासीय भू-उपयोग में किये अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेशों पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि बख्शी का तालाब के अस्ती रोड पर आर.पी. ट्रेडर्स के आगे संदीप सिंह, अर्जुन सिंह व अन्य की ओर से लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में 30 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण पूर्व में कराया गया था। प्राधिकरण ने रो-हाउसेस भवनों को सील कर दिया था। वर्तमान में प्रवर्तन टीम के निरीक्षण में मिला कि बिल्डर सील तोड़ कर अवैध रूप से चोरी-छिपे निर्माण करा रहा है। इसके अलावा रूपम वर्मा व अन्य की ओर से अस्ती

रोड पर आर.आर. गार्डेन, संत जे.बी. इण्टर कॉलेज पर लगभग 1500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित भवन के पीछे भारी वाहनों के आवागमन के लिए बड़े गेट का निर्माण कराया गया था। इससे स्थानीय निवासियों को समस्या का सामना हो रहा था। विहित न्यायालय ने दोनों अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग के आदेश दिये थे। मंगलवार को सहायक अभियंता एन.एन. चौबे के नेतृत्व में अवर अभियंता राजीव कुमार श्रीवास्तव, सुभाष शर्मा और संजय मिश्रा ने दोनों निर्माणों को सील कराया।

## शिक्षण संस्थान की भूमि पर किये अवैध अतिक्रमण को किया ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को जानकीपुरम विस्तार में अभियान चला कर शिक्षण संस्थान की भूमि पर किये अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा जमीन खाली कराई। इस दौरान सभी अस्थाई निर्माणों को ध्वस्त कर भूखण्ड का डिमार्केशन किया गया। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने जानकीपुरम विस्तार योजना के सेक्टर-2 में शिक्षण संस्थान के निर्माण/उपयोग के लिए कुल 3674.12 वर्गमीटर भूमि का पंजीयन हरकचंद्र निर्मल कुमार जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के पक्ष में किया था। संस्था बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण करा रही थी, लेकिन भूखण्ड के आंशिक भाग में कुछ बाहरी व स्थानीय लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर कबाड़ा आदि व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे थे। इससे संस्था के लोगों को भूखण्ड का कब्जा नहीं मिल पा रहा था। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अभियान चला कर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिये थे। मंगलवार को जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी और अधिशासी अभियंता राजकुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

# हजरत फातिमा जहरा की शहादत की मजलिसें आज से

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) की बेटी हजरत फातिमा (स.अ.) की शहादत की याद में बुधवार से इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में पांच दिवसीय में मजलिसों का आगाज होगा। इन मजलिसों को मौलाना सैयद अतहर अब्बास रिजवी शाम 7 बजे खिताब करेंगे। मजलिसों का आयोजन अंजुमन उम्मुल बनीन ने किया है। इसी तरह रौजाए जैनबया टिकैत राय तालाब में सानिये जहरा महफिल कमेटी की ओर से 24 से 28 नवम्बर तक पांच मजलिसों का आयोजन होगा। इन मजलिसों को मौलाना गुलरेज मेहदी, मौलाना रजा हुसैन,मौलाना तकी रजा,मौलाना एहतिशाम रिजवी और मौलाना हैदर अब्बास मगरिब की नमाज के बाद खिताब करेंगे। रूस्तम नगर न्यू नजफ स्थित मौलाना अब्बास इरशाद नकवी के अजाखाने में 26 से 28 नवम्बर तक तीन मजलिसों का आयोजन होगा। इन मजलिसों को मौलाना नासिर हुसैन शाम 7 बजे खिताब करेंगे।

**यादे हकीम ए उम्मत 25 को**

**लखनऊ।** पदमभूषण मौलाना (डा.) कल्बे सादिक मरहूम की याद में 25 नवंबर को इमामबाड़ा गुफरान माब में यादे हकीम-ए-उम्मत का आयोजन किया जाएगा। तिलवाते कुराने पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना रजा अब्बास रात 8 बजे खिताब करेंगे।

# कपिल देव को फाइनल मैच के लिए ना बुलाना अपमान

- राजनीति को खेलों में लेकर आ गई है बीजेपी: अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए फाइनल मैच में कपिल देव को ना बुलाने का मुद्दा अब तूल पकड़ने लगा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले में बीजेपी पर हमला बोला है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये कहा कि भाजपा के राज में खिलाड़ियों के साथ अपमानजनक व्यवहार का उदाहरण न केवल महिला कबड्डी खिलाड़ी हैं, बल्कि अब

क्रिकेटर भी हो रहे हैं। क्रिकेट में भारत के लिए पहला वर्ल्ड कप जीतने वाले और देश के आदर्श कपिल देव को विश्व कप के फाइनल में आमंत्रित न करने से उनका जो निरादर हुआ है, उससे देश की खेल प्रेमी जनता बेहद दुखी है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने खेलों का अवांछित राजनीतिकरण करके अच्छा नहीं किया। मालूम हो कि 1983 का क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव को फाइनल मैच में बुलाया नहीं गया था। कपिल देव ने उस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था।

## उ.प्र. लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और सोन चिरैया समिति में एमओयू

**लखनऊ।** मंगलवार 21 नवम्बर। लोकनायक बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव के सातवें और अंतिम दिन, मंगलवार 21 नवम्बर को उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और सोन चिरैया लोक संगीत उत्थान समिति के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश की प्रबुद्ध लोक, जनजातीय कलाओं और परंपराओं को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही अनुसंधान और शैक्षणिक कार्यक्रमों में आपसी सहयोग और भागीदारी भी की जाएगी।

# आईएसआई जासूसों को फंडिंग करने वाला एटीएस के हत्थे चढ़ा

- पैसे के लालच में हुआ था शामिल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने आईएसआई जासूस शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान के सहयोगी वसीउल्लाह को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। राजधानी के राजाजीपुरम इलाके में मीना बेकरी के पास रहने वाला वसीउल्लाह साइबर अपराध के एक ऑनलाइन ग्रुप का सदस्य था, जहां वह आईएसआई एजेंट्स व साइबर हैकर्स के संपर्क मे आया था। बाद में वह आईएसआई के इशारे पर शैलेश व अन्य जासूसों को पैसा देने

के लिए अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करने लगा। एटीएस उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि विगत 25 सितंबर को कासगंज निवासी शैलेश उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए नार्थ ईस्ट राज्यों के भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकरण की जांच में सामने आया कि लखनऊ के राजाजीपुरम में रहने वाला वसीउल्लाह भी आईएसआई एजेंट्स के संपर्क में है। उसने आईएसआई एजेंट के इशारे पर शैलेश व अन्य एजेंट्स को जासूसी के लिए अपने खाते का दुरुपयोग कर हजारों रुपये भेजे थे। इस दौरान अपनी गोपनीयता को बनाए रखने के लिए वह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भी डीलिंग करता था। इसकी पुष्टि होने पर उसे एटीएस मुख्यालय बुलाकर सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि कमाई के लालच में वह आईएसआई की साजिश में शामिल हुआ था। आईएसआई एजेंट के कहने पर अपने बैंक खाते का दुरुपयोग कर शैलेश व अन्य एजेंट्स को जासूसी करने के बदले पैसे भेजे थे। तत्पश्चात एटीएस ने उसे यूएपीए एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बरामद दो मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे ताकि इस नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। यह भी पता लगाया जाएगा कि वसीउल्लाह के खाते में रकम किन बैंक खातों से भेजी जा रही थी।

## भारत रत्न चन्द्रशेखर वेंकटरामन की कांग्रेस ने मनाई पुण्यतिथि



**लखनऊ।** महान भौतिक शास्त्री, नोबेल पुरस्कार विजेता और भारत रत्न चन्द्रशेखर वेंकटरामन की पुण्यतिथि मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर भौतिक विज्ञान में उनके अद्वितीय योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने कहा कि बचपन से ही प्रखर बुद्धि के धनी सीवी रमन आज युवाओं और वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पार्टी प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षार्थी जीवन से ही सन 1906 में उन्होंने प्रकाश विवर्तन पर पहला शोध पत्र प्रकाशित कराया था। इसके बाद प्रकाश के प्रकीर्णन पर उत्कृष्ट काम के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिका का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया। उनका यह आविष्कार उनके ही नाम पर रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर महान भौतिक शास्त्री सीवी रमन को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से मोहम्मद शमीम खान, अय्यूब सिद्दीकी, अजय सिंह सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रिसर्च में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

- विभिन्न विभागों के चिकित्सकों, छात्रों एवं नर्सिंग स्टाफ को दो दिनों में प्रशिक्षित किया गया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रिसर्च के पीडियाट्रिक विभाग एवं कम्युनिटी विभाग से भारत सरकार और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटनाओं (ए ई एफ आई) के पायलट प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय ओरिएंट रान का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के एजुकेटिव डायरेक्टर सैयद मोहम्मद फैजान अख्तर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीन प्रोफेसर आभा चंद्रा, उप चिकित्सा अधीक्षक दो बिलाल हसन, बालरोग विभाग की प्रोफेसर मंजू त्रिपाठी, डाक्टर विनय कुमार शुक्ल एवं प्रदीप तिवारी मौजूद रहे कार्यक्रम का आयोजन ITSU/JSU/NRHM के सहयोग से किया गया, जिसमें डॉक्टर राजकुमार स्टेट एएफआई ट्रेनिग ऑफिसर एवं निरंजन सिंह स्टेट कोऑर्डिनेटर की मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के चिकित्सकों , छात्रों एवं नर्सिंग स्टाफ को दो दिनों में प्रशिक्षित किया गया इस अवसर पर बोलते हुए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मोहम्मद फैजान अख्तर ने कहा कि भारत सरकार ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के प्रशिक्षण के लाभ के लिए प्रदेश के विभिन्न

मेडिकल कॉलेज जैसे केजीएमयू,एसजीपीजीआई के साथ इंटीग्रल कॉलेज को इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है जिसके लिए हर संभव प्रयास एवं मदद प्रदान की जाएगी इस अवसर पर बोलते हुए इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के बाल रोग विभाग के सहायक अचार डॉक्टर विनय कुमार शुक्ला ने टीकाकरण के बाद छोटी गंभीर एवं प्रतिकूल घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कम्युनिटी मेडिसिन के डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने ए ई एफ आई रिपोर्टिंग एवं केस रिपोर्ट की जानकारी दी कार्यक्रम के अंतिम भाग में राज्य के समन्वयक निरंजन सिंह राठौर और डाक्टर राजकुमार ने एक मोबाइल ऐप वैक्स रिपोर्ट के बारे में बताया जिसके जरिए ए ई एफ आई की रिपोर्टिंग को समझाया गया कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं आयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पारिवारिक पेंशनरों को मिलेगा महंगाई भत्ता

**लखनऊ।** पारिवारिक पेंशनरों को भी महंगाई भत्ता अविलंब जारी किया जाएगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। हालांकि पेंशनरों की मांग के विपरीत उन्हें एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार के ऐसे पारिवारिक पेंशनर, जो राज्य सरकार की सेवा में या राज्य सरकार द्वारा अनुदानित संस्थाओं अथवा राज्य सरकार के नियंत्रण वाले सार्वजनिक उद्यमो, निगमों और सहकारी संस्थाओं में काम करते थे लेकिन किन्ही कारणवश उन्हें महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया जा रहा था। ऐसे सभी पेंशनरों को तत्काल महंगाई भत्ता दिया जाएगा। शासन को लगातार पत्र मिल रहे थे कि राज्य सरकार के पारिवारिक पेंशनरों की तरह परिषदीय विद्यालयों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को भी महंगाई भत्ता दिया जाए। ऐसे सभी पेंशनरों को एरियर नहीं मिलेगा।

# प्रदेश सरकार में महाजंगलराज कायम: अजय

- योगी राज में न्याय मांगना अपनी जान जोखिम में डालने के बराबर: अजाय राय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ लगातार गंभीर अपराध होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, छिनैती की घटनाओं को देख कर कहने में संकोच नहीं कि प्रदेश की भाजपा सरकार में महाजंगलराज कायम है। उन्होंने कौशाम्बी में बलात्कार पीड़िता की कुल्हाड़ी से काट कर की गयी निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगी राज में न्याय मांगना अपनी जान जोखिम में डालने के बराबर है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि अजय राय ने कहा कि अपराधियों में कानून का डर पूरी तरह समाप्त हो चुका है।

हर दिन बेखौफ अपराधी नये-नये अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे प्रदेश की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। कौशाम्बी की घटना की निंदा करते हुए श्री राय ने कहा कि 20 वर्षीय युवती ने आरोपियों पर तीन साल पहले बलात्कार का मुकदमा कराया था। आरोपित का भाई हत्या के मामले में लचर पैरवी की वजह से जमानत पर छूट गया था। आरोपित युवती पर समझौते को लेकर लगातार दबाव बनाते हुए डरा-धमका रहे थे। युवती के दबाव में न आने पर दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले स्थान पर कुल्हाड़ी से काटकर नृशंस हत्या कर दी। यह घटना प्रदेश में पुलिस तंत्र की विफलता और व्याप्त जंगलराज और अपराधियों के बुलंद हौसलों को दिखाती है। श्री राय ने कहा कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या के मामलों में प्रदेश में सबसे अधिक घटनाएं दर्ज की गयीं। मुख्यमंत्री के राजस्थान में एक चुनावी सभा में वहां की कानून-व्यवस्था पर सवाल को हास्यास्पद बताते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधी दोनों बेलगाम हैं। अपराधों में बेतहाशा वृद्धि है, जिसे रोक पाने में अक्षम मुख्यमंत्री अपने भाषणों से खुद का मजाक बना रहे हैं। योगी सरकार में अपराधों के बढने का कारण अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होना है। हाथरस, उन्नाव, लखीमपुर-खीरी, कानपुर आदि घटनाओं में अपराधियों और आरोपियों को सरकार के इशारे पर संरक्षण हासिल रहा, जिसके चलते प्रदेश में अपराध और अपराधी लगातार बढ़ रहे हैं।

## पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र नारायण त्यागी पर हेट स्पीच का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र नारायण त्यागी वसीम रिजवी के खिलाफ कनीज फातिमा ने सआदतगंज थाने में हेट स्पीच का मुकदमा दर्ज कराया है। मजलिस उलमा-ए-हिन्द कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि सआदतगंज के हाता नूरबेग निवासिनी कनीज फातिमा ने सआदतगंज थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए जितेन्द्र नारायण लगातार नफरती और भड़काऊ बयान दे रहा है, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। शिकायत पर सआदतगंज थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। संगठन ने उम्मीद जताई कि इस मुकदमे के बाद वसीम की जमानत रद्द हो सकती है और वह दोबारा जेल भेजा जा सकता है।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

- संरक्षा और रेल परिसंपत्तियों के अनुरक्षण पर बल
- रेलयात्रियों की संरक्षा पर ध्यान केंद्रित
- रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता पर बल

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने जोर देकर कहा कि संरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है और इसके लिए रेलपथों, चलस्टॉक, सिगनल और बिजली की ओवरहैड तारों का रख-रखाव शीर्ष स्तर पर किया जाना चाहिए।

समीक्षा के दौरान उन्होंने रेलयात्रियों की संरक्षा पर चर्चा की और रेलगाड़ियों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए ज्वलनशील पदार्थों के अवैध यातायात पर नजर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने नियमित तौर पर कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाए जाने का विभागों को परामर्श दिया ताकि वे रेल प्रणाली के कामकाज से अवगत रहते हुए मानवीय त्रुटियों को कम करने में सहयोग दें। उन्होंने मण्डलों को सिगनल प्रणाली के सही और सुचारू रूप से काम करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का परामर्श दिया। उन्होंने रेल पटरियों की दरारों पर चिंता जताई और निर्देश दिए कि सिगनलों, रेल दरारों और रेल वैल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए

और कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

श्री चौधुरी ने निर्देश दिए कि जहां भी आवश्यक है वहां वृक्षों की छँटाई के लिए वन विभाग से अनुमोदन लेने में तेजी दिखाएं ताकि इन वृक्षों से रेलपथों अथवा ओएचई तारों को कोई खतरा न हो।

उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा और रेलगाड़ियों के निर्बाध आवागमन के लिए रिले और पैनल रूमों पर ध्यान केंद्रित करने पर भी बल दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे समयपालनबद्धता को बनाए रखते हुए संरक्षा को प्राथमिकता देकर माल लदान की गति को बनाए रखें। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## निःशुल्क फूड पैकेट का किया जा रहा वितरण

**लखनऊ।** छठ पर्व के मद्देनजर लखनऊ मण्डल से गुजरने वाली ट्रेनों के जनरल कोच में यात्रा कर रहे रेल यात्रियों को निशुल्क फूड पैकेट का वितरण किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे में मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में भोजन वितरण अभियान विभिन्न रेलवे स्टेशन पर बीस से 23 नवम्बर तक चलाया जायेगा। इसी के तहत बस्ती स्टेशन पर 20 नवम्बर, गोरखपुर स्टेशन 21, 22 एवं 23 नवम्बर, ऐशबाग

जंक्शन पर 22 एवं 23 नवम्बर को तथा मैलानी जंक्शन पर 23 नवम्बर को अनारक्षित कोच पर यात्रा कर रहे यात्रियों की सुविधा के लिए निशुल्क फूड पैकेट का वितरण किया जायेगा। इस अभियान में स्टेशन के मण्डल वाणिज्य निरीक्षक, प्लेटफॉर्म निरीक्षक तथा अन्य सुपरवाईजर्स स्टाफ भागीदारी कर रहे हैं।

# भाषा विश्वविद्यालय में एनसीसी रैंक सेरेमनी एवं बी सर्टिफिकेट वितरित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई में रैंक सेरेमनी एवं बी सर्टिफिकेट वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर एनबी सिंह की अध्यक्षता एवं सूबेदार मेजर देवपाल की उपस्थिति में 17 एनसीसी कैडेट्स को बी सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इसके साथ ही कैडेट्स को उनके कार्यों एवं उपलब्धियां के आधार पर रैंक से भी नवाजा गया। जिसमें कैडेट वैष्णवी मिश्रा को सीनियर अंडर ऑफिसर, कैडेट वंदना को अंडर ऑफिसर कैडेट शीरी फातिमा को जूनियर अंडर ऑफिसर, कैडेट शांभवी एवं कैडेट मेहविश बानो को सार्जेंट कैडेट सोमानिया शेख, कल्पना कनौजिया और तनु यादव को कॉरपोरल की रैंक से नवाज़ा गया। प्रथम वर्ष से कैडेट सौम्या शाक्य, कैडेट शांतिमां कैडेट अनम्ता को लॉन्स कॉरपोरल की उपाधि प्राप्त हुई। इस अवसर पर एक वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया जिसमें एनसीसी की गत वर्ष की उपलब्धियां को दर्शाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने कैडेट्स को शुभकामनाएं दी और भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक एवं विश्वविद्यालय की एएननो डॉ ले. बुशरा अलवेरा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ला, डिप्टी रेजिस्ट्रार दीप्ति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विधार्थी उपस्थित थे।

## निवेशक जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में वित्तीय जागरूकता के तहत निवेशक जागरूकता प्रोग्राम आयोजन अटल सभागार में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो एहतेशाम अहमद के समन्वयन में आयोजित किया गया। प्रोग्राम का स्वागत उद्बोधन डॉ ज़ैबून निसा (सहा. आचार्य वाणिज्य विभाग) ने किया प्रोग्राम में मुख्य वक्ता श्री सी. एस. पी. शुक्ला निर्देशक वेल्थबीस रहे जिन्होंने प्रोग्राम में उपस्थिति लगभग 80 छात्रों को वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय जागरूकता और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज शुक्ला कुलानुशासक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री आफरीन फातिमा ने किया। प्रोग्राम में डॉ. दुआ नक़वी (सहा. आचार्य), डॉ. नलिनी मिश्रा (सहा. आचार्य) आदि लोग मौजूद रहे।

## हड़ताल मतदान का कार्यक्रम संपन्न

ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली एवं अन्य एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के आह्वान पर लखनऊ मंडल मंत्री कामरेड आर एन गर्ग के नेतृत्व में लखनऊ जंक्शन स्टेशन बिजी कंपलेक्स ट्रैक मेंटेनर ट्रेनिंग स्कूल रेल पर डिपो गार्ड लोको पायलट क्रू लाबी ऐशबाग लखनऊ सिटी स्टेशन बक्शी तालाब आदि समस्त लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर हड़ताल मतदान का कार्यक्रम संपन्न किया गया ए.आई. आर.एफ के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा जी के निर्देश अनुसार दिनांक 21 और 22 को संपूर्ण भारतीय रेल में पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में एनपीएस को रद्द करने ओ. पी. एस को पुनः बहाल करने हेतु हड़ताल मतदान किया गया है हड़ताल मतदान का कार्यक्रम लखनऊ मंडल के सभी स्टेशनों पर नरमू के द्वारा चलाया गया, जिसमे कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया, और वोट फॉर ओ. पी. एस, एन. पी. एस गो बैक के नारे कर्मचारियों के द्वारा लगाए गए इस अवसर पर मोहम्मद नसीम ओबैद अहमद चंदन यादव सूरज पांडे ज्ञानेंद्र सिंह नायर अहमद एक रावत शशि भूषण प्रवीण यादव सुनील यादव अमित पाल उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए मतदान कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन एवं नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए मतदान कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। चारबाग स्टेशन, डीजल शेड, लोको कारखाना, कैरिज कारखाना, मंडलीय चिकित्सालय, सहायक मंडल इंजीनियर कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय आदि कार्यस्थलों पर बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने इस मतदान में हिस्सा लिया। इस संबंध में मंडल मंत्री कामरेड आरके पांडेय ने बताया कि मतगणना चारबाग यूनियन भवन पर की जायेगी व इसके परिणाम भी मतगणना के तुरंत बाद जारी कर दिये जायेंगे। यदि पचास प्रतिशत से अधिक कर्मचारी हड़ताल के पक्ष में अपना मत देते हैं तो यूनियन के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में महाप्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली को आगामी दिनों में हड़ताल का नोटिस दिया जायेगा।